राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 पिता किसान... बेटा विस्फोटक बल्लेबाज...

पुतिन को मारने की थी प्लानिंग... 12

वर्ष : 11 | अंक : 235 | पटना, रविवार, 07 जनवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 16°C
न्यूनतम तापमान 10°C

बाजार

सोना 64,300

चांदी 78,600

सेंसेक्स 72,026

निफ्टी 21,710

संक्षिप्त खबरें

ईडी ने दिग्गज टीएमसी नेता शंकर आध्या को किया गिरफ्तार

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन वितरण मामले में शुक्रवार देर रात उत्तरी 24 परगना जिले से तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता शंकर आध्या को गिरफ्तार कर लिया। आध्या, जो उसी जिले में बोंगांव नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष भी हैं, को कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में साल्ट लेक में ईडी के कार्यालय में लाया गया है। उन्हें पहले मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाया जाएगा और फिर शनिवार दोपहर को कोलकाता में धन शोधन निवारण अधिनियम की एक विशेष अदालत में पेश किया जाएगा, जहां केंद्रीय एजेंसी के वकील उनकी ईडी हिरासत की मांग करेंगे। राशन वितरण मामले में ईडी द्वारा यह तीसरी गिरफ्तारी है, पहले कोलकाता स्थित व्यवसायी बकीबुर रहमान और दूसरे पश्चिम बंगाल के वर्तमान वन मंत्री और पूर्व राज्य खाद्य आपूर्ति मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक हैं। रहमान की तरह आद्या भी लंबे समय से मल्लिक की करीबी विश्वासपात्र मानी जाती हैं।

देश में कोविड-19 के 774 नए मामले

नई दिल्ली। देश में बीते 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण के 774 नए मामले सामने आए और दो संक्रमितों की मौत हो गई। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 4,187 हो गयी है। मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे के दौरान तमिलनाडु और गुजरात में कोविड-19 के एक-एक मरीज की मौत हुई। पिछले साल पांच दिसंबर तक दैनिक मामलों की संख्या घटकर दोहरे अंक तक पहुंच गई थी, लेकिन ठंड और वायरस के नए उपस्वरूप जेएन.1 के कारण मामलों में तेजी आई है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, पांच दिसंबर के बाद एक दिन में कोविड-19 के सर्वाधिक नए मामलों की संख्या 31 दिसंबर 2023 को 841 दर्ज की गयी, जोकि मई 2021 में दर्ज सर्वाधिक मामलों का 0.2 प्रतिशत था। कोविड-19 के उपचाराधीन कुल 4,187 मरीजों में से 92 प्रतिशत मरीज घर पर ही रहकर अपना इलाज करवा रहे हैं।

कांग्रेस के लिए दिल खुला है : तृणमूल कांग्रेस

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए पश्चिम बंगाल में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस के लिए उसका दिल खुला है लेकिन अगर बातचीत विफल रहती है तो वह अकेले चुनाव लड़ने के लिए भी तैयार है। लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता सुदीप बंदोपाध्याय ने कहा कि सीट बंटवारे के बारे में कांग्रेस के स्थानीय नेता क्या सोच रहे हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि अंतिम निर्णय दोनों दलों के शीर्ष नेताओं द्वारा लिया जाएगा। उन्होंने कहा, हमारी नेता ममता बनर्जी पहले ही कह चुकी हैं कि कांग्रेस के लिए हमारा दिल खुला है। अब, वे क्या करेंगे यह उन पर निर्भर है। पश्चिम बंगाल में गठबंधन होगा या नहीं, इसका फैसला सोनिया गांधी और ममता बनर्जी करेंगी। स्थानीय कांग्रेस नेता क्या सोचते हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता की यह टिप्पणी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी के उस बयान के दो दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टी बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी से सीट की भीख नहीं मांगेगी।

मुख्यमंत्री ने मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के तहत उत्कृष्ट खिलाड़ियों को दिया नियुक्ति पत्र

खेलों को बढ़ावा देने के लिए अलग से होगा खेल विभाग का गठन : नीतीश

मुख्यमंत्री की घोषणा :

- खेल विभाग में खेल कूद से संबंधित किये जाएंगे काम
- अच्छे खिलाड़ियों को दी जाएगी छात्रवृत्ति जिससे युवा खिलाड़ी खेल पर दे सकेंगे पूरा ध्यान
- खेल का सामान खरीदने व अच्छे खाने के लिए राशि का कर सकेंगे उपयोग
- विभिन्न विभागों में खेल कोटा से खाली पदों पर खिलाड़ियों की नियुक्ति की जायेगी

प्रात : किरण वरीय संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित नेक संवाद में शनिवार को मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य में अलग से खेल से संबंधित विभाग का गठन किया जायेगा। इस खेल विभाग द्वारा खेल-कूद से संबंधित कार्यों को किया जायेगा। अभी तक खेल से संबंधित सभी कार्य कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के अधीन किये जाते हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छे खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति दी जायेगी जिससे युवा खिलाड़ी अपना पूरा ध्यान खेल पर दे सकेंगे। स्कॉलरशिप की राशि से खिलाड़ी खेल का सामान खरीदने के साथ अपने अच्छे खाने के लिए राशि का उपयोग कर सकेंगे। पुलिस सहित अन्य विभागों में खेल कोटा के अनेक पद खाली हैं, इन पदों पर प्राथमिकता के आधार पर खिलाड़ियों की नियुक्ति की जायेगी।

प्रखंड स्तर पर स्टेडियम का हो रहा निर्माण : मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस दिशा में सरकार द्वारा कई कदम उठाए गए हैं। हर स्तर पर खेल सुविधायें विकसित की जा रही हैं ताकि बच्चे पढ़ें भी और खेलें भी। राज्य में प्रखंड स्तर पर स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें अब तक लगभग 250 स्टेडियमों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। खिलाड़ियों को राज्य के बाहर प्रशिक्षण हेतु भेजा जा रहा है। हर वर्ष राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करनेवाले खिलाड़ियों को खेल सम्मान योजना के तहत पुरस्कार दिया जाता है। पटना में कंकड़बाग में पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया गया है जहां राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाता है। पाटलिपुत्र स्टेडियम में खेलों के आयोजन, प्रशिक्षण एवं खिलाड़ियों के रूकने की व्यवस्था है। राजगीर में बिहार खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी है। राज्य में मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी है। मेडिकल यूनिवर्सिटी एवं इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी का संचालन शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि राजगीर स्पोर्ट्स एकेडमी-सह-क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें ताकि खेल विश्वविद्यालय का संचालन जल्द शुरू हो सके। कार्यक्रम के दौरान दिल से खेलो मिलके जीतो पर आधारित एक लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री जितेंद्र कुमार राय ने भी संबोधित किया।

सीएम ने 71 खिलाड़ियों को दिया नियुक्ति पत्र

मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले 71 खिलाड़ियों नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चीन के हांगझोऊ में आयोजित 19 वां एशियन गेम्स तथा चतुर्थ एशियन पारा गेम्स, 2023 के हाईजंप प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता शैलेश कुमार, कॉमनवेल्थ गेम्स में लॉन बॉल खेल में पदक जीतनेवाले चंदन कुमार सिंह, चतुर्थ एशियन पारा गेम्स, 2023 के तैराकी में मो शम्स आलम शेख, साइकिलिंग ट्रैक में जलालुद्दीन अंसारी, फेनसिंग (तलवारबाजी) में आकाश कुमार, कबड्डी में श्री सागर कुमार, एशियन गेम्स के रग्बी खेल में सुश्री श्वेता शाही सहित कबड्डी, रग्बी, मार्शल आर्ट, एथलेटिक्स, फुटबॉल तथा ड्रैगन बॉल खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले 71 खिलाड़ियों नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव डॉ बी राजेन्दर ने हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया तथा नियुक्ति पत्र पानेवाले सभी खिलाड़ियों के हस्ताक्षर युक्त मोमेंटो को खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री को भेंट किया।

भारत ने रचा एक और इतिहास: आदित्य एल-1 सफलतापूर्वक अंतिम कक्षा में स्थापित

चंद्रयान के बाद सूर्य मिशन पर निकले इसरो ने हासिल किया नया कीर्तिमान

- आदित्य दो वर्षों तक सूर्य का करेगा अध्ययन
- इसरो ने 2 सितंबर को आदित्य एल1 को किया था लॉन्च

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। चंद्रयान 3 के बाद भारत ने एक और इतिहास रच दिया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष-आधारित भारतीय वेधशाला आदित्य-एल1 को पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन किलोमीटर दूर अपनी अंतिम गंतव्य कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया है। शनिवार को लगभग 4 बजे अंतरिक्ष यान को पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन किमी दूर सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैग्रेंज बिंदु 1 एल 1 में स्थापित कर दिया गया। एल1 बिंदु पृथ्वी और सूर्य के बीच की कुल दूरी का लगभग एक प्रतिशत है। यहां आदित्य दो वर्षों तक सूर्य का अध्ययन करेगा और महत्वपूर्ण आंकड़े जुटाएगा। भारत के इस पहले सूर्य अध्ययन अभियान को इसरो ने 2 सितंबर को लॉन्च किया था।

पांच महीने पहले किया गया था लांच: भारत की पहली सौर वेधशाला आदित्य एल1 को 2 सितंबर, 2023 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सूर्य के अध्ययन के लिए लॉन्च किया गया था। आदित्य-एल 1 में सात पेलोड लगे हैं। इनमें से चार पेलोड ऐसे हैं, जो सूर्य की ओर बढ़ते समय पड़ने वाले असर को रिकॉर्ड करेंगे। आदित्य एल1 सूर्य का अध्ययन करने वाला पहला अंतरिक्ष आधारित भारतीय मिशन है। अंतरिक्ष यान को सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के लैग्रेंज प्वाइंट 1 एल1 के चारों ओर एक हैलो ऑर्बिट में स्थापित कर दिया गया है, जो पृथ्वी से लगभग 1.5 मिलियन किमी दूर है। एल1 बिंदु के चारों ओर प्रभामंडल कक्षा (हैलो ऑर्बिट) में स्थापित उपग्रह को बिना किसी ग्रहण के सूर्य को लगातार देख सकता है।

आदित्य एल1 मिशन का उद्देश्य: आदित्य एल1 मिशन का उद्देश्य सूर्य के बाहरी वातावरण का अध्ययन करना है। आदित्य एल1 मिशन अगले पांच सालों तक अध्ययन करेगा। मिशन में सात वैज्ञानिक पेलोड (उपकरण) लेकर गया है। पृथ्वी की कक्षा से बाहर जाने वाला इसरो का 5वां मिशन आदित्य एल1 मिशन स्पेसक्राफ्ट के पेलोड फोटोस्फेयर, क्रोमोस्फीयर और सूर्य की सबसे बाहरी परतों (कोरोना) का अध्ययन करेगा।

पीएम मोदी सहित अन्य ने इसरो को दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को इसरो के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल1 के सफलतापूर्वक अंतिम कक्षा में पहुंचने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया कि भारत ने एक और उपलब्धि हासिल की। भारत की पहली सौर वेधशाला आदित्य-एल1 अपने गंतव्य तक पहुंची। यह सबसे जटिल और पेचीदा अंतरिक्ष अभियानों को साकार करने में हमारे वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण है। मैं इस असाधारण उपलब्धि की सराहना करने में राष्ट्र के साथ शामिल हूं। हम मानवता के लाभ के लिए विज्ञान की नई सीमाओं को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे। इसके साथ केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने शनिवार को ट्वीट करते हुए कहा कि मून वॉक से लेकर सन डांस तक भारत के लिए यह साल कितना शानदार रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में टीम इसरो ने एक और सफलता की कहानी लिखी है। सूर्य-पृथ्वी कनेक्शन के रहस्यों की खोज के लिए अपनी अंतिम कक्षा में पहुंच गया है। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने एक्स पर इसरो को बधाई देते हुए कहा आदित्य एल1 को उसके निर्धारित गंतव्य पर सफलतापूर्वक पहुंचाकर इसरो ने भारत की अंतरिक्ष अन्वेषण यात्रा में एक और मील का पत्थर हासिल किया है।

राजधानी सहित पूरे सूबे में ठंड का सितम जारी, लुढ़का पारा

- कई जिलों का गिरा तापमान, बढ़ी मुश्किलें

प्रात : किरण

पटना। राजधानी सहित पूरे प्रदेश में ठंड का सितम जारी है। कंपकंपाती ठंड से लोगों की मुश्किलें बढ़ी है। बादलों की आवाजाही से पटना सहित दस शहरों के अधिकतम तापमान में शनिवार को गिरावट दर्ज की गई। राजधानी में कोहरे व बादल पर सूरज का जोर नहीं चला। कुछ देर के लिए धूप दिखा। हालांकि धूप में वह तल्खी नहीं की ठंड से राहत दिला सके। पटना, गया सहित उत्तर पश्चिमी बिहार और दक्षिण पश्चिम बिहार के जिलों में इसका ज्यादा असर दिखा। गया और पूर्णिया में घना कोहरा रहा। पटना में सुबह के बाद दिन में भी मध्यम कोहरे की स्थिति बनी रही। हालांकि राज्यभर में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसमविदों का अनुमान है कि दो दिन बाद सूबे के शहरों के न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की कमी आएगी। जिससे रात में ठंड में बढ़ोतरी होगी। पटना, गया, डेहरी, कैमूर, गोपालगंज, वाल्मीकिनगर में तापमान में गिरावट आई। गोपालगंज, कैमूर और वाल्मीकिनगर में ज्यादा ठंड महसूस की गई । शुक्रवार को तापमान में आई गिरावट के बावजूद अधिकतर शहरों के अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ है। पटना में मध्यम कोहरा, धूप कुछ देर के लिए निकली लेकिन रात होते ही ठंड का असर दिखने लगा।

रामलला की सिक्योरिटी में 25 हजार जवान तैनात

- स्पेशल एसटीएफ के हवाले राम मंदिर की सुरक्षा, 100 करोड़ का बजट, सरयू नदी में भी तैनात होंगे स्नाइपर

प्रात : किरण

लखनऊ/एजेंसी। अयोध्या में बने रहे राम मंदिर की सिक्योरिटी में 25 हजार जवान तैनात किए गए हैं। मंदिर के अंदर की सुरक्षा स्पेशल एसटीएफ टीम के पास होगी। मंदिर के आस-पास फिदाईन हमले को रोकने के लिए क्रैश रेटेड बोलार्ड लगाए जा रहे हैं। मंदिर के आस-पास का एरिया सीसीटीवी से लैस होगा। इतना ही नहीं, सरयू नदी में स्नाइपर तैनात किए जाएंगे। मंदिर की सिक्योरिटी को 2 जोन में बांटा गया है। रेड और येलो। रेड जोन में राम मंदिर को रखा गया है, जबकि येलो में हनुमानगढ़ी और कनक भवन को रखा गया है। सिक्योरिटी प्लान पर करीब 100 करोड़ खर्च होंगे। हर 6 महीने में इसकी समीक्षा खुद गृह विभाग करेगा। वहीं, 22 जनवरी यानी प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन सुरक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ सकती है। इसमें केंद्रीय सुरक्षा एजेंसी के साथ पैरामिलिट्री के जवान भी शामिल होंगे। ड्यूटी पर तैनात जवान स्मार्ट फोन का इस्तेमाल नहीं करेंगे। ये सभी बातें एक बड़े अफसर ने बताई हैं। रेड जोन में राम मंदिरः राम मंदिर परिसर को पुलिस ने रेड जोन में रखा है। कोई संदिग्ध चीज मंदिर तक न जा पाए। इसके लिए क्रैश रेटेड बोलार्ड, अंडर व्हीकल स्कैनर, टायर किलर, बूम वैरियर और सीसीटीवी लगाए गए हैं। इन उपकरणों को हैंडल करने के लिए स्पेशल एसटीएफ टीम, एटीएस कमांडो तैनात किए जा रहे हैं।

येलो जोन में हनुमानगढ़ी, कनक भवनः येलो जोन में अयोध्या की हनुमान गढ़ी और कनक भवन को रखा गया है। रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या आने वाले एक बार हनुमानगढ़ी के दर्शन जरूर करते हैं। इसलिए यहां की सुरक्षा को यलो जोन में रखा गया है। इन दोनों परिसर के लिए 34 सब इंस्पेक्टर, 71 हेड कॉन्स्टेबल, 312 कॉन्स्टेबल को तैनात किया गया है। इसके साथ ही हर जगह पर सीसीटीवी से भी नजर रखी जाएगी।

ईडी ने हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार सहित तीन लोगों को समन किया

प्रात : किरण

रांची/एजेंसी। झारखंड के साहिबगंज में हुए अवैध खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू सहित तीन लोगों को समन किया है। इसमें 16 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को पूछताछ के लिए ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में बुलाया गया है। जबकि 11 जनवरी को साहिबगंज के उपायुक्त रामनिवास यादव और 15 जनवरी को विनोद सिंह को पूछताछ के लिए समन किया गया है। इससे पूर्व ईडी की टीम ने तीन जनवरी को साहिबगंज जिले में अवैध खनन मामले को लेकर 12 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने विभिन्न आपत्तिजनक डिजिटल उपकरण, दस्तावेज, रिकॉर्ड और रुपये की नकदी बरामद की। साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव के कैंप कार्यालय से 7.25 लाख रुपये सहित 36.99 लाख रुपये बरामद किये गये थे। इसके अतिरिक्त साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव के आवासीय परिसर से 9 एमएम बोर के 19 कारतूस, .380 एमएम के 2 कारतूस और 45 पिस्टल के 5 खाली खोखे भी बरामद किये गये। तलाशी के दौरान 30 बेनामी बैंक खातों का भी पता चला और उन्हें फ्रीज कर दिया गया था।

समाधान सभी मुद्दों के समाधान के लिए एकजुट होकर किया जा रहा काम

'इंडिया' में सीट बंटवारे व पदों के आवंटन पर फैसला जल्द : खरगे

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि इंडिया गंठबंधन में शामिल घटक दलों के नेता गठबंधन में पदों के आवंटन पर 10 से 15 दिन के भीतर निर्णय लेंगे। खरगे की यह टिप्पणी उन अटकलों के बीच आई है कि गठबंधन लोकसभा चुनाव से पहले एक संयोजक चुन सकता है। खरगे ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया में सीट बंटवारे सहित अन्य सभी मामलों को जल्द ही सुलझा लिया जाएगा। पार्टी सूत्रों ने संकेत दिया है कि इस महीने के अंत तक इस संबंध में कोई निष्कर्ष निकलने की संभावना है। खरगे ने कहा कि कांग्रेस सभी 545 लोकसभा क्षेत्रों के संबंध में काम कर रही है और सभी सीट के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं, लेकिन कौन सी पार्टी किस सीट पर चुनाव लड़ेगी और कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, इसका फैसला विपक्षी गठबंधन के सभी घटकों के साथ विचार-विमर्श के बाद जल्द ही किया जायेगा। यह पूछे जाने पर कि पार्टी कितनी सीट पर चुनाव लड़ेगी, उन्होंने कहा, हमने पहले ही सभी

निर्वाचन क्षेत्रों के लिए संसदीय पर्यवेक्षकों को पहले ही तय कर लिया है। हम प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में जाकर आकलन करेंगे। उन्होंने कहा, जब विपक्षी गठबंधन में प्रत्येक राज्य को लेकर बातचीत होगी, तो सटीक संख्या सामने आ जाएगी। लेकिन, हम हर जगह अपने प्रयास करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी उम्मीदवार के चयन को लेकर साझेदारों के बीच कोई असहमति होती है तो संसदीय पर्यवेक्षक भी हस्तक्षेप करेंगे। गठबंधन का संयोजक कौन होगा, इस पर खरगे ने कहा, यह सवाल वैसे ही है जैसे यह पूछना कि कौन बनेगा करोड़पति। उन्होंने कहा, जब हमारी बैठक होगी तो हम 10-15 दिन में तय कर लेंगे कि कौन सा पद कौन संभालेगा। उन्होंने कहा कि सभी मुद्दों के समाधान के लिए एकजुट होकर काम किया जा रहा है। सीट बंटवारे के संबंध में बातचीत पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पहले ही एक समिति का गठन कर दिया है और इसके सदस्य अपना काम कर रहे हैं। इस समिति के संयोजक मुकुल वासनिक हैं और अशोक गहलोत तथा भूपेश बघेल सदस्य हैं। खरगे ने कहा, हमारे लोग पहले से ही (ऐसा कर रहे हैं) वे अपना बेहतर प्रयास कर रहे हैं और हमारे आवास पर हमारी एक बैठक पहले ही हो चुकी है। उन्होंने कहा, हमारी टीम पहले ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के प्रमुखों और सीएलपी नेताओं सहित हमारे लोगों के साथ प्रारंभिक बैठक कर रही है, फिर वे अन्य राज्यों के नेताओं से बात करेंगे। इस तरह की बातचीत से जो भी निष्कर्ष निकलेगा, उसके बाद तय किया जायेगा कि वे (दूसरे दल) क्या चाहते हैं और हम क्या चाहते हैं। इसके बाद यह सब तय होगा। उन्होंने कहा, इंडिया गठबंधन के सहयोगियों ने संयुक्त रैलियां और बैठकें आयोजित करने का फैसला किया है ।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा का लोगो लॉन्च, मित्र दलों को भी आमंत्रण

नई दिल्ली। दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा का लोगो लॉन्च किया। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में हम 14 जनवरी से भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू कर रहे हैं। यात्रा से जुड़ने के लिए इंडिया गठबंधन के नेताओं, कांग्रेस के मित्र दलों और सिविल सोसाइटी को भी आमंत्रित किया गया है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर राहुल गांधी का कहना है, हम फिर आ रहे हैं अपनों के बीच, अन्याय और अहंकार के विरुद्ध न्याय की ललकार लेकर। सत्य के इस पथ पर मेरी शपथ है, यात्रा जारी रहेगी, न्याय का हक, मिलने तक। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि 14 जनवरी से मणिपुर से मुंबई तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की जा रही है। इस दौरान भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से हम जनता से जुड़े मुद्दों पर बात करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा, देशवासियों को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय दिलाने की ओर हमारा एक मजबूत कदम है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और बुनियादी मुद्दों को लेकर निकाली जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जब हमने संसद में देश से जुड़े मुद्दे उठाने की कोशिश की तो सरकार ने हमें बोलने नहीं दिया। देश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है, जब 146 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। इसलिए, हम भारत जोड़ो न्याय यात्रा से लोगों के बीच जा रहे हैं ताकि हम अपनी बात उनसे कह सकें और समाज के हर वर्ग से मिलकर उनकी बात सुन सकें।

राममंदिर के नाम पर की जा रही राजनीति : चौधरी

रांची। बिहार के मंत्री अशोक चौधरी ने शनिवार को आरोप लगाया कि राममंदिर के नाम पर देश में राजनीति की जा रही है। झारखंड में जदयू के प्रदेश मामलों के प्रभारी चौधरी ने कहा कि फिलहाल महंगाई और बेरोजगारी देश में सबसे बड़ी समस्याएं हैं। बिहार के भवन निर्माण मंत्री चौधरी ने कहा, कुछ लोग अपने फायदे के लिए भगवान राम का पेटेंट करा लेना चाहते हैं। अच्छा है कि भगवान राम का मंदिर बन रहा है लेकिन उसपर राजनीति करना अच्छा नहीं है। वह 21 जनवरी को झारखंड के रामगढ़ में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की होने वाली रैली की तैयारी की समीक्षा के लिए यहां आये थे। उन्होंने कहा, महंगाई और बेरोजगारी देश में सबसे बड़ी समस्याएं हैं। एक किलोग्राम दाल का दाम 65 रुपये से बढ़कर 185 रुपये हो गया है। अब कई लोगों को दालें नहीं मिल पाती हैं। इन मुद्दों पर भी चर्चा होनी चाहिए। चौधरी ने दावा किया कि रामगढ़ में कुमार की रैली में 50 हजार से अधिक लोग पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी जितनी सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है, उनपर ध्यान देने के बजाय वह राज्य में अपना संगठन मजबूत बनाने को अधिक इच्छुक है।

संक्षिप्त खबरें

रेलवे एक्ट के तहत 13 लोग गिरफ्तार

फतुहा। शनिवार को रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाकर रिजर्व कंपार्टमेंट से 5 व्यक्ति, महिला कोच में 7 व्यक्ति, रेलवे परिसर में जबरन आने में एक व्यक्ति सहित कुल 13 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर विनोद कुमार विश्वकर्मा के अनुसार सभी को अग्रिम करवाईहेतु माननीय न्यायालय अग्रसारित किया गया।

शादी अजीमाबादी स्मृति समारोह आज, होंगे सम्मानित

पटना सिटी (प्राकि)। कालजयी शायर शाद अजीमाबादी की 97वीं पुण्यतिथि रविवार को लंगर गली स्थित उनकी मजार पर चादरपोशी के साथ किया जाएगा। साथ ही उनकी स्मृति सभा एवं कवि सम्मेलन, मुशायरा का आयोजन भी किया गया है। इस संबंध में महासचिव कमल नयन श्रीवास्तव एवं क्रीड़ा सचिव एहसान अली अशरफ ने बताया कि आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नंदकिशोर यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर सीता साहू, डॉ अनिल सुलभ, डॉ राजकुमार नाहर, सैयद अकबर रजा जमशेद, डॉ निसार अहमद, प्रो शहनाज फातमी एवं डॉ एहसान शाम मौजूद रहेंगे। इस दौरान कवि अनिरुद्ध सिंह, वरिष्ठ शायर जनाब जफर सिद्दीकी, श्रीमती ज्योति मिश्रा, कमल किशोर कमल, डॉ कैसर जाहीदी एवं मोहम्मद मुस्तफा गजाली को साहित्य एवं समाजसेवा सम्मान से अलंकृत किया जाएगा। अध्यक्षता भगवती प्रसाद द्विवेदी करेंगे।

राष्ट्रीय युवा पुरस्कार के लिए साक्षी आनंद का हुआ चयन

पटना सिटी (प्राकि)। महाराष्ट्र के नासिक में युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से 12 से 16 जनवरी के बीच आयोजित होना है। होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लिए बेलवरगंज मुहल्ला के रहने वाले साक्षी आनंद का चयन किया गया है। पिता सुशील कुमार गुप्ता ने बताया कि देश भर से चयनित 15 लोगों में साक्षी आनंद का चयन बिहार से हुआ है। साक्षी इस पुरस्कार से उत्साहित है। वह इस सफलता के लिए अपने माता-पिता को प्रेरणा मानती है।

'विश्व हिन्दी सेवा सम्मान' से नवाजे गए डॉ. विपिन कुमार

विश्व हिन्दी परिषद के महासचिव डॉ. विपिन कुमार को, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के अनुशंसा पर वियतनाम बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा हो चि मिन्ह सिटी, वियतनाम में विश्व हिन्दी सेवा सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान डॉ. कुमार को उनके अद्वितीय और अव्वल प्रयासों को मान्यता प्रदान के रूप में दिया गया है। विदित हो कि इससे पहले भी डॉ विपिन कुमार को भारत सरकार के प्रतिनिधि एवं वक्ता के तौर पर विश्व हिन्दी सम्मेलन मॉरीशस एवं फिजी का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल चुका है।

आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं को मुख्यमंत्री ने दिया बड़ा तोहफा

आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के मानदेय में होगी सम्मानजनक वृद्धि

- हड़ताल अवधि में चयनमुक्त की गयी 10203 सेविका एवं 8016 सहायिका होंगी वापस

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से 1 अणे मार्ग स्थित लोक संवाद में बिहार राज्य के आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के शिष्टमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। शिष्टाचार मुलाकात के क्रम में आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने अपनी समस्यायें मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं की समस्याओं को सुनने के बाद कहा कि राज्य में आंगनबाड़ी सेवाओं में बेहतरी के लिये कई कदम उठाये गये हैं। आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं का मानदेय में समय-समय पर वृद्धि की जाती रही है। उन्होंने कहा कि आप सबने जो मांग की है, उसके आधार पर आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं के मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि की जायेगी। उन्होंने कहा कि जो आंगनबाड़ी सेविकायें एवं सहायिकायें हड़ताल अवधि में चयनमुक्त कर दी गयीं थी, उनकी वापसी की जायेगी।

ये रहें मौजूद : इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी, समाज कल्याण विभाग के सचिव प्रेम सिंह मीणा, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, समेकित बाल विकास

अध्यक्ष के आदेश से कथावाचक को किया सेवा मुक्त

- बालक से छेड़खानी के आरोप के बाद की गई पिटाई

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में पंजाब के मोहाली से दर्शन को पहुंचे संगतों के साथ रहे एक बालक के साथ छेड़खानी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसके बाद उन सबों ने मिलकर उक्त कथावाचक को तख्तश्री परिसर में ही पुराने निशान साहिब के पास जमकर पिटाई कर दी। उनकी दाढ़ी को नोचा गया। बाद में परिजनों ने कमेटी के कार्यालय में जाकर इस संबंध में लिखित शिकायत की। पीड़ित बालक का भी बयान कार्यालय के पदाधिकारी के समक्ष कराया गया। इसके बाद कमेटी के अध्यक्ष के निर्देश पर उक्त कथावाचक को सेवा से मुक्त कर दिया गया। यह सब वाकया शुक्रवार की देर शाम हुआ। दरअसल पंजाब के मोहाली से 14 लोगों का जत्था सड़क मार्ग से तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में मत्था टेकने व दर्शन दीदार करने को आया था। यह सभी तीन जनवरी को यहां पहुंचे थे और सालिस राय जौहरी निवास में उन सबों को दो कमरा उपलब्ध कराया गया था। इसी दौरान सेवा करने के नाम पर उक्त कथावाचक ने उन संगतों से घुल मिल गए। दरअसल उस कथावाचक को इसी जौहरी निवास में रहने के लिए कमेटी की ओर से कमरा भी दिया गया है। कमेटी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम करीब सवा छह से साढ़े छह बजे के बीच उक्त कथावाचक अपने कमरे में गया और साथ में वह बालक भी गया। उस बालक ने कमेटी कार्यालय के पदाधिकारी को बताया कि उसके साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया जाने लगा। इस पर वह विरोध करता हुआ किवाड़ खोलकर भाग निकला। उसने आपबीती माता-पिता से कही। इसके बाद सभी वहां से निकल कर तख्तश्री पटना साहिब के परिसर में गए। संयोग से कुछ देर के बाद ही उक्त कथावाचक पुराने निशान साहिब के पास दिख गए। उन पर पीछे से लोगों ने हमला कर मारपीट किया। हालांकि इस दौरान कुछ स्थानीय संगतों और गतका सीख रहे लोगों ने कथावाचक को बचाकर पास में स्थित एक कमरे में बंद कर दिया। इस दौरान उनके चेहरे और शरीर पर खासा चोट आई है। उनकी दाढ़ी के अनेक बाल हाथापाई में टूट गया। इसके बाद पीड़ित परिवार तख्तश्री कमेटी के कार्यालय में जाकर लेखापाल के समक्ष अपनी बात कही। उन्होंने उन सबों को पास में बैठे मैनेजर हरजीत सिंह के पास भेजा। उन्होंने उन सबों की पूरी बात सुनने के बाद अधीक्षक दलजीत सिंह के पास भेजा। उन्होंने इसकी जानकारी तख्तश्री कमेटी के प्रधान को दी। पूरी घटना सुनने और जानने के बाद कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही ने मैनेजर को निर्देश दिया कि उक्त कथावाचक को सेवा से मुक्त कर दिया जाए। आनन-फानन में पत्र तैयार हुआ और मैनेजर के हस्ताक्षर से उक्त पत्र को शनिवार को कथावाचक को दिया गया, मगर उन्होंने उस पत्र को लेने से इनकार कर दिया।

डीएस के सेंट्रल इमरजेंसी निरीक्षण में डॉ व कर्मी दिखे उपस्थित

- इमरजेंसी पैथो. में बाहर का एक-दो कर्मी देख कर भागा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अधीक्षक और उपाधीक्षक के पद पर नव पदस्थापन के बाद उपाधीक्षक सेंट्रल इमरजेंसी का शनिवार को औचक निरीक्षण किए। बताया जाता है कि पीक आवर में किए गए निरीक्षण के दौरान चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, पारा मेडिकल स्टाफ से लेकर पैथोलॉजी, सीओटी में सभी मौजूद दिखे। हालांकि इस दौरान इमरजेंसी पैथोलॉजी में अनधिकृत रूप से काम कर रहे एक-दो लोग उपाधीक्षक डॉक्टर सरोज कुमार के द्वारा निरीक्षण किए जाने पर स्टाफ के द्वारा इशारा करने पर भाग निकला। दरअसल इसके पूर्व भी सेंट्रल इमरजेंसी में प्राइवेट संस्थान से डिग्री लेने वाले छात्र-छात्राएं बिना अस्पताल प्रशासन के अनुमति से यहां काम करते हैं। यह उसके द्वारा अनुभव प्राप्त किया जाना में शामिल होता है। हालांकि यह तभी संभव है, जब यहां पदस्थापित चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, लैब तकनीशियन से लेकर अन्य का उन्हें सहयोग मिले। इसके पूर्व भी आठ-दस लोगों को गलत ढंग से काम करते हुए पकड़ा गया था। तब एनएमसीएच परिसर में स्थित उन सबों को पुलिस चौकी के सुपुर्द किया गया था। बाद में उन सबों से लिखवा कर छोड़ दिया गया था कि वह भविष्य में अनधिकृत रूप से यहां आकर काम नहीं करेंगे। इसके बाद शनिवार को उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान सब कुछ ठीक-ठाक दिखा। इस दौरान उन्होंने नर्सिंग इंचार्ज को निर्देश दिया कि ठंड अधिक है। ऐसे में यदि कोई मरीज एक के बजाय दो कंबल की मांग करता है, तो उसे उपलब्ध कराया जाए।

इमरजेंसी में ब्लोअर की सुविधा है। एनएमसीएच में दीदी की रसोई शुरू होने के बाद उपाधीक्षक डॉ सरोज ने मरीजों से खाने के बारे में फीडबैक भी लिया। हालांकि इसमें आर्थो और सर्जरी के मरीजों को इलाज होने के बाद उन्हें वार्ड में शिफ्ट कर दिया जाता है। मेडिसिन वार्ड में कुछ मरीज दो-चार दिन इमरजेंसी में रह जाते हैं। ऐसे मरीज व उनके परिजनों से जब यहां से मिलने वाले नाश्ता और भोजन के बारे में जानकारी ली गई, तो सबों ने नाश्ता और भोजन की गुणवत्ता और स्वाद को सही बताया। वह सेंट्रल इमरजेंसी में आगे बढ़ते गए। इसी दौरान इमरजेंसी पैथोलॉजी में जब वह प्रवेश किए, इसी दौरान इशारा पाकर यहां अनधिकृत रूप से काम कर रहे एक-दो लोग बाहर को भाग निकले। हालांकि इस दौरान एक को पकड़ा गया। उसने यहां काम करने के दौरान एक स्टाफ का नाम भी बताया है। उपाधीक्षक का कहना था कि उस स्टाफ से इस संबंध में पूछताछ की जाएगी। सीओटी में भी स्थिति ठीक पाई गई। हालांकि इस दौरान कुछ कमियां और मशीन की गड़बड़ी की बात भी सामने आई। इस दिशा में भी प्रयास कर उसे बदला या दूसरे विभाग से यहां भेजने की बात कही गई। इस दौरान जब उपाधीक्षक का निरीक्षण चल रहा था, तब खासकर नर्सिंग स्टाफ, तकनीशियन, ड्रेसर और अन्य कर्मियों के बीच हड़कंप मचा था।

आज गुरुद्वारा गायघाट जाएगी प्रभातफेरी

पटना सिटी (प्राकि)। तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 357वां प्रकाश उत्सव समारोह पर निकल रही प्रभातफेरी रविवार को गायघाट गुरुद्वारा बड़ी संगत जाएगी। यहां मत्था टेकने व कीर्तन के बाद बोरिंग रोड, पटना जंक्शन संगत के घर होते हुए वापस लौटेगी। शनिवार को पंच प्यारे के नेतृत्व में निकली प्रभातफेरी तख्तश्री हरमंदिर साहिब से अरदास के बाद पंज प्यारे की अगुवाई में श्री गुरु गोविंद सिंह घाट व कंगन घाट गुरुद्वारा का दर्शन कर झाऊगंज गली से मेन रोड होते हुए कचौड़ी गली के रास्ते बाड़े की गली होते हुए वापस तख्तश्री पटना साहिब लौटी। इसमें संयोजक सरदार तेजिन्दर सिंह बग्गा, सरदार प्रेम सिंह, सरदार रणजीत सिंह व इन्द्रजीत सिंह बग्गा के साथ शामिल सिख श्रद्धालु शबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे। प्रभात फेरी का समापन 15 जनवरी को बड़ी प्रभातफेरी के साथ होगा।

मोटे अनाज से बना केक व चाट ने मारी बाजी

- मां-बेटी के रिश्ते में अनुभव-अनुप्रेक्षा व कोमल-कृतिका की जोड़ी अव्वल

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा हर घर की रसोई में पौष्टिक मोटा अनाज को शामिल करने को बढ़ावा देने और मां-बेटी के रिश्ते पर प्रतियोगिता का आयोजन अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा किया गया।

फुलौड़ी गली स्थित नगीन जी जैन के आवास पर मिलेट प्रतियोगिता शनिवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ किया गया। महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती ऋतु जैन ने सबों का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता के उद्देश्य और नियमों की जानकारी दी। इसमें विभिन्न आयु वर्ग जैसे सिर्फ सवा महीने की नवविवाहिता श्रीमती वर्षा सेखानी से लेकर 45 वर्षों से अपनी गृहस्थी चला रहीं श्रीमती विजया बैंगानी तक 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों के द्वारा तरह-तरह के आकर्षक और स्वादिष्ट व्यंजनों को पेश किया गया। निर्णायक मंडली की श्रीमती प्रभा गोलछा और श्रीमती कनक सेखानी द्वारा गहन चिंतन और आपसी विमर्श के बाद श्रीमती वर्षा सेखानी द्वारा निर्मित केक को बेहतरीन प्रस्तुतिकरण के लिए पहला तथा श्रीमती ज्योति कोठारी के द्वारा बनाई गई चाट को दूसरा स्थान दिया गया।

कार्यक्रम का दूसरा चरण केंद्र द्वारा निर्देशित मां-बेटी के रिश्तों पर आयोजित कार्यशाला थी। इसमें जोड़े में आई मां-बेटियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। श्रीमती सरिता दुग्गड़ ने रोचक और मनोरंजक तरीके से इस कार्यशाला को प्रश्नोत्तरी का स्वरूप दिया। इसमें निर्णायक श्रीमती सपना कोठारी तथा श्रीमती ज्योति बोथरा द्वारा कार्यशाला में प्रथम स्थान श्रीमती अनुभव-अनुप्रेक्षा छाजेड़ तथा दूसरा स्थान श्रीमती कोमल-कृतिका कोठारी को प्रदान किया गया। उपस्थित सदस्यों ने ओम अर्हम की ध्वनि के द्वारा सभी विजेताओं का अभिनंदन किया। महिला मंडल की ओर से सभी विजेताओं को उपहार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में ही साल 2024 का स्वागत समारोह भी रखा गया था। उपस्थित सदस्यों को श्रीमती बबीता बरमेचा ने भिन्न-भिन्न तरह के खेल खेला कर माहौल को आनंददायक तथा खुशनुमा बना दिया। महिला मंडल की कोषाध्यक्ष श्रीमती नीतू डोसी के आभार ज्ञापन के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

दो चोर को स्टेबल कोच के तार काटने के दौरान रंगे हाथों किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। रेल थाना के अंतर्गत आरपीएफ ने दो व्यक्तियो को स्टेबल कोच के तार काटने के दौरान रंगे हाथ धड़ दबोचा। पकड़े गये लोगो मे मनेर निवासी दीपू उर्फ डंडियां व चार हजार मोहल्ला मनेर निवासी शंकर चौधरी शामिल है। इनके पास से पीलास व हेक्सा ब्लेड बरामद किया। दोनो के निशान देही पर पुलिस ने मनेर के सराय से बर्तन दुकान में छापेमारी कर 20249 रूपया का चोरी का समान बरामदगी किया। दुकान मालिक रवि कुमार को गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि रेलवे कोच के चेकिंग के दौरान अंडर गियर इलेक्ट्रिक तार कटिंग होने के संबंध में वरीय प्रशाखा अभियंता दानापुर द्वारा लिखित शिकायत दिया गया था। जिसके आधार पर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट दानापुर को जांच का कार्य उप निरीक्षक विमल कुमार को सौंपा गया। आरपीएफ थाना प्रभारी बेंकटेश कुमार ने बताया कि दोनों से पूछताछ करने के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दी गई है

मानव अधिकार रक्षक ने पूरा किया तीन वर्ष मनाया स्थापना दिवस

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मानव अधिकार रक्षक ने संस्था के उद्देश्य के साथ अपना तीन वर्ष पूरा किया। तीन वर्ष पूरा होने पर मानव अधिकार रक्षक ने पटना के इंडियन मेडिकल एशोसिएशन हॉल में स्थापना दिवस का आयोजन किया। आयोजन में शिरकत करने वालों में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता उषा विद्यार्थी, पटना के जानेमाने गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ० अंजली सिन्हा, डीएसपी (कानून एवं व्यवस्था,रेल) भावना वर्मा, वार्ड संख्या -32 के वार्ड पार्षद पिंकी यादव, संस्था की संस्थापिका रीता सिन्हा, राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रितु कुमारी, बिहार प्रदेश अध्यक्ष चेतन थिरानी, बिहार प्रदेश मीडिया प्रभारी जितेन्द्र कुमार सिन्हा प्रमुख थे। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता उषा विद्यार्थी ने कहा कि मानव अधिकार रक्षक ने समाज में उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है, इनके कार्यों की प्रशंसा स्थानीय लोग कर रहे है। यह एक प्रसंसनीय कार्य है। वहीं गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ० अंजली सिन्हा ने महिलाओं में गाइनेकोलॉजी के संबंध में होने वाली बीमारियों और उसके उपचार पर प्रकाश डाली। वार्ड संख्या -32 के वार्ड पार्षद पिंकी यादव ने मानव अधिकार रक्षक से जुड़े रहने की चर्चा करते हुए कहा कि मेरे पास कुछ लोग सहायता के लिए आते है तो उसे मानव अधिकार रक्षक के पदाधिकारियों के पास भेज देते है और उसका परिणाम सकारात्मक मिलती है। डीएसपी (कानून एवं व्यवस्था,रेल) भावना वर्मा ने कहा कि मुझे मालूम ही नहीं था की मानव अधिकार रक्षक समाज में इतना अच्छा कामकर रहा है और स्लम बस्ती के बच्चों को शिक्षित करने के लिए निःशुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य लाभ के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच, निःशुल्क भोजन दे रही है। यह बहुत ही उत्कृष्ट कार्य है। स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मानव अधिकार रक्षक के संस्थापिका रीता सिन्हा ने कहा कि मानव अधिकार रक्षक की स्थापना वर्ष 2020 में की गई है। यह संस्था एक गतिशील, समाज के प्रति समर्पित संस्था है। इस संस्था में मानवाधिकार कार्यकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता सक्रीय रूप से कार्य कर रहे है। यह संस्था पूरी तरह से, न्याय के उद्देश्य के लिए, समर्पण के साथ काम कर रही हैं। सभी के लिए, सभी लोगों के बीच विचारों, लोकाचार के आदान-प्रदान द्वारा वंचितों को, आर्थिक उत्थान, शिक्षा, शांति, सद्भाव, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एकता के लिए काम कर रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविन्द कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि मानव अधिकार रक्षक ने अपनी 3 वर्षों की अवधि में घरेलू हिंसा आदि से संबंधित लगभग 100 से अधिक मामले का निष्पादन कराया हैं। वर्तमान में भारतीय मानव अधिकार रक्षक संस्थान से लगभग 1000 से अधिक सदस्य बन चुके है और सभी सदस्य सक्रीय रूप से संगठन के प्रति समर्पित होकर कार्य कर रहे है। बिहार के 38 जिलों में से 14 जिलों में मानव अधिकार रक्षक के सदस्य सक्रीय रूप से काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मानव अधिकार रक्षक का उद्देश्य है कि मानव अधिकार के हनन को लेकर आवाज उठाना, पारिवारिक विवादो को सुलझाने की कोशिश करना, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर जनता के दिलों में कानून व्यवस्था के ऊपर भरोसा बनाए रखने की कोशिश करना, सभी विभागों के पदाधिकारियों को उनके ईमानदारी के साथ किए गए कार्यों के लिए प्रोत्साहन देना, समाज के समग्र विकास एवं कल्याण हेतु कार्य करना है।

विज्ञान प्रदर्शनी सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। शनिवार को प्रखंड के सोनारू गांव स्थित मध्य विद्यालय में वर्ग 6 से वर्ग 8 के छात्रों ने चन्द्रयान, सौरमंडल, तड़ित चालक सहित दर्जनों मॉडल का प्रदर्शन किया। जिसे सभी ने सराहा। वहीं स्थानांतरण होने पर विद्यालय के शिक्षक विनोद कुमार को सम्मानित किया गया। जिसमें माहौल गमगीन हो गया। मौके पर सरपंच प्रतिनिधि कुणाल कुमार, शिक्षा समिति सदस्य रामबाबू पासवान, मुखिया प्रतिनिधि रवि कुमार, प्रधान शिक्षक दीपक कुमार, शिक्षक सुबोध विहारी सिन्हा, ब्रजेश कुमार, विद्या भूषण भारती, गीता कुमारी, अंजू कुमारी, रौशन जहां, सत्यकामिनी, जितेन्द्र कुमार दुबे ने अपने अपने विचार व्यक्त किया। मंच का संचालन वर्ग आठ की छात्रा मुस्कान कुमारी ने किया एवं मंच संयोजन स. शिक्षक विद्याभूषण भारती ने किया।

फतुहा की बेटी ने जीता जुनियर ग्लोरियस प्राइड ऑफ बिहार

9 वर्षीय अराध्या पांडेय ने जुनियर मिस इंडिया कांटेस्ट में सेकंड रनर अप का खिताब जीता

प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। बीते दिनों साईग्लोरियस इंटरटेनमेंट प्रा लि. दिल्ली द्वारा महाराजा कॉम्पलेक्स एलिना रिसोर्ट में हुए कॉन्टेस्ट में अराध्या पांडेय ने जुनियर सेकेंड रनर अप जीता। शहर में देवीचक निवासी अनिल पांडेय की छोटी बेटी अराध्या पांडेय (उम्र 9 वर्ष) ने मिस इंडिया जुनियर वर्ग में सेकंड रनर अप रहीं। अराध्या पांडेय चतुर्थ वर्ग में पढ़ती है। पिता अनिल पांडेय व्यवसायी है और माता रितिका पांडेय गृहणी है। इस संबंध में अराध्या पांडेय ने बताया कि मैं भविष्य में अभिनय के क्षेत्र में जाना चाहती हूं। वहीं अराध्या पांडेय के पिता अनिल पांडेय ने बताया कि मुझे अपनी बेटी पर गर्व है। यह जो बनना चाहती है उसमें हमारा फुल सपोर्ट रहेगा। वहीं अराध्या पांडेय की मां रितिका पांडेय, चाचा डब्लू महाराज, रवि महाराज, राजू महाराज ने अराध्या को मिठाई खिलाकर आशीर्वाद दिया।

जलापूर्ति पाइप फटने से सड़कों पर बह रहा पानी, परेशानी, कराया ठीक

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। नगर निगम के वार्ड संख्या 62 के पार पोखरा बेगमपुर मुहल्ला जलापूर्ति पाइप फटने से पानी सड़कों पर जमा हो गया। इस कारण से लोगों को आवाजाही करने में परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सतीचौरा बोरिंग पंप से जुड़े जलापूर्ति पाइप के फटने से सड़कों पर पार पोखरा के पास पानी जमा हो रहा है। इस कारण बेगमपुर, सोनार टोली, मंडई, पीपल तल, सतीचौरा, चिड़िया पोखरा व जल्ला हनुमान मंदिर जाने वालों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। कुछ दिनों से यह स्थिति कायम है। पानी बर्बाद होने की स्थिति में कुछ घरों में दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है। संकट झेल रहे लोगों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। जल पर्षद के सहायक अभियंता विनोद कुमार तिवारी का कहना है कि फटे जलापूर्ति पाइप मरम्मत कराने के लिए पाइप लाइन निरीक्षक व मैकेनिकल गैंग को कहा गया है। इधर वार्ड पार्षद तारा देवी व उनके पुत्र रवि रोशन मेहता ने बताया कि पार पोखरा के मुर्गी फार्म के पास जलापूर्ति पाइप फट गया था।

एटीएस की टीम ने तख्तश्री पटना साहिब की सुरक्षा का लिया जायजा

- प्रकाश पर्व पर वीवीआईपी, देश-विदेश की संगत का आना व वारिस द पंजाब की पैठ

पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

सिखों के अंतिम देहधारी गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का 357वां प्रकाश पर्व 15 से 17 जनवरी को मनाया जाना है। 18 जनवरी को गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत में जन्मोत्सव मनाया जाएगा। हालांकि इस प्रकाश पर्व की शुरूआत पांच जनवरी को प्रभातफेरी के साथ शुरू हो चुकी है। इस आयोजन में देश के प्रधानमंत्री, विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों से लेकर विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, गवर्नर और मंत्रीगण से लेकर देश-विदेश से भी सिख संगतों के आने की संभावना है। वहीं दिसंबर, 23 में सिख कट्टरपंथी वारिस दा पंजाबी के मुखी अमृतपाल सिंह संधू, जो राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत असम के डिब्रूगढ़ जेल में बंद है, उसकी और साथियों की रिहाई के लिए उसके माता-पिता और समर्थक भी यहां आ चुके हैं। इसे लेकर गुरुद्वारा परिसर में बैनर भी टांगा गया था। वे सब गुरुद्वारा बाललीला परिसर से नगर कीर्तन के रूप में नारेबाजी करते हुए तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के अशोक राजपथ से लगे नई दर्शनी ड्योढ़ी से प्रवेश किए और चरण गंगा तक नाराबाजी किया था। यहां पर पंजाब पुलिस के पदाधिकारी और खुफिया शाखा के एक पदाधिकारी के साथ भी हाथापाई किया था। दोनों का मोबाइल छिनने के बाद काफी प्रयास के बाद लौटाया गया था। यही नहीं, एक खुफिया शाखा के पदाधिकारी का तो उन्होंने आई कार्ड भी छिन लिया था, जिसे मरोड़ दिया। बाद में उसे किसी तरीके से वापस लिया जा सका था।

24 को कपूर्री की जयंती में जुटें

पटना सिटी (प्राकि)। जनता दल यू पटना महानगर की गायघाट सेक्टर के वार्ड 52 के पठान टोली में जदयू द्वारा भाईचारा बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता वार्ड अध्यक्ष मो इरफान एवं संचालन सेक्टर अध्यक्ष मुकेश कुमार ठाकुर ने किया। मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव मनोरंजन गिरी ने कहा कि आप सभी समाज में आपसी भाईचारा और एकता बनाकर रहना है। आसिफ कमाल ने 24 जनवरी को कपूर्री जयंती में अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। प्रवक्ता अनन्त अरोड़ा ने बताया कि आने वाले लोकसभा चुनाव में विरोधी को मुंहतोड़ जबाव देना है। बैठक में रामप्रवेश सिंह, राहुल चौधरी, मो फिरोज, खालिद खां, राजमणि पंडित, आफताब गुड्डू, नुजहत परवीन, मो कलाम, मो अली, मो चांद, मो राजिक, नियाज खान, मो इम्तियाज, मो साजिद, पूनम देवी, साहिना परवीन, मो अब्दुल्लाह, मो आलम, सुधाकर कुमार, मजीद हसन, आदिल खान आदि शामिल थे।

बगावत की आग में जल कर खत्म हो जाएगा जदयू : प्रभाकर मिश्र

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कहा कि जदयू में बगावत की आग धधक रही है। बगावत की लपटों में जदयू जलकर खाक हो जाएगा और स्थिति इतनी खराब हो जाएगी कि लोकसभा चुनाव लड़ने लायक भी नहीं रहेगा। श्री मिश्र ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जदयू के शीर्ष नेतृत्व के उल्टे-सीधे फैसले से नेताओं और कार्यकताओं में आक्रोश है। बगावत का ताजा उदाहरण सीतामढ़ी लोकसभा सीट को लेकर है, जहां जदयू ने देवेश चंद्र ठाकुर को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। वहां के नेता और कार्यकर्ता किसी पिछड़ी-अतिपिछड़ी जाति का उम्मीदवार चाहते हैं। जदयू के शीर्ष नेतृत्व के इस फरमान के खिलाफ शुक्रवार को एमएलसी रामेश्वर महतो, पूर्व मंत्री रंजू गीता, अर्जुन राय और राणा रणधीर, राम कुमार शर्मा सहित दर्जन भर नेताओं ने पटना के एक होटल में बैठक की है और अपनी मजबूत गोलबंदी दिखायी है। इससे साफ जाहिर है कि नीतीश कुमार एक मुख्यमंत्री के रूप में असफल हो ही रहे हैं। अपनी पार्टी पर से भी उनकी पकड़ समाप्त हो गई है। श्री मिश्र ने कहा कि सीतामढ़ी में उम्मीदवारी को लेकर नीतीश कुमार का फैसला यह भी बताता है कि वे पिछड़ा-अतिपिछड़ा समाज की राजनीतिक हकमारी कर रहे हैं।

भागवत कथा के छठे दिन संत विवेक मुनि महाराज ने सुनाया कृष्ण रासलीला प्रसंग

पटना। शनिवार को कबीर पंथी आश्रम कबीर साईं मंदिर मीठापुर में महंत ब्रजेश मुनि महाराज जी के पावन सानिध्य में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठम दिवस पर कथावक्ता संत विवेक मुनि महाराज द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला का वर्णन करते हुए बताया गया कि भगवान की अनेकतम लीलाओ में श्रीकृष्ण की रासलीला श्रेष्ठतम है। रास तो जीव का शिव से मिलन की कथा है। रासलीला में जीव पर शंका करना या काम को देखना ही पाप है उन्होने गोपी गीत पर बोलते हुए कहा कि जब जीव में अभिमान आता है तो भगवान उससे दूर हो जाते हैं लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह होता है उस पर अनुग्रह करते है उसे दर्शन देते है।

बेहतर प्रदर्शन करने पर खिलाड़ियों को एसडीओ एवं डीएसपी बनने का मिलेगा मौका : नीतीश

सीएम ने कहा-उत्कृष्ट खिलाड़ियों की नौकरी के लिए बनायी गयी सीधी नियुक्ति नियमावली के तहत

- नियमावली के मेडल पानेवाले खिलाड़ियों को दी जा रही नौकरी
- इस नियमावली के तहत शनिवार को 71 खिलाड़ियों को दी गई नौकरी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश में खेल को बढ़ावा देने के लिए लगतार प्रयासरत है। सरकार द्वारा कई तरह के कदम उठाये जा रहे हैं। अब राज्य में खेलों के प्रति युवाओं की रूचि बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के द्वारा मेडल लाओ नौकरी पाओ तर्ज पर बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति नियमावली 2023 बनायी गयी है। इसके तहत राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में मेडल पानेवाले खिलाड़ियों को सीधे नौकरी दी जायेगी। इस नये नियम के अनुसार खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करने पर एसडीओ एवं डीएसपी तक बनने का मौका मिलेगा। इस नियमावली के तहत शनिवार को 71 खिलाडियों को नौकरी दी गयी है जिसमें 2 को पदाधिकारी की नौकरी दी गयी है जिसमें बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी शामिल हैं। 69 को पुलिस अवर निरीक्षक, समाज कल्याण विभाग में अधीक्षक एवं डाटा इन्ट्री ऑपरेटर एवं लिपिक की नौकरियां दी गयी हैं। मुख्यमंत्री शनिवार को 1 अणे मार्ग स्थित नेक संवाद में मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बहुत खुशी की बात है कि खेलों में अच्छे प्रदर्शन करनेवाले खिलाड़ियों को नौकरी दी गयी है और उन्हें नियुक्ति-पत्र प्रदान किया गया। मैं नियुक्ति-पत्र पानेवाले सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनायें देता हूं। उन्होंने कहा कि जब हम श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में रेल मंत्रालय देख रहे थे, उसी समय हमने रेलवे में खिलाड़ियों को नौकरी देने की व्यवस्था की थी। इस व्यवस्था के तहत सैकड़ों खिलाड़ियों को रेलवे में नौकरी दी गयी। रेलवे में खिलाड़ियों को नौकरी मिलने से उनका उत्साह बढ़ा। शूटिंग के नामी प्रशिक्षक नागेन्द्र तोमर ने मेरे गांव कल्याण बिगहा में आकर शूटिंग रेंज की स्थापना की। राज्य सरकार द्वारा कल्याण बिगहा में स्थित शूटिंग रेंज को राष्ट्रीय स्तर का बनाया गया है जहाँ राज्य भर से खिलाड़ी आकर अभ्यास करते हैं और यहां से प्रशिक्षित होकर अनेक राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं। रेलवे में खिलाड़ियों को नौकरी देने की तर्ज पर वर्ष 2010 से बिहार में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देना शुरू किया गया जिसके तहत वर्ष 2010 में 33, वर्ष 2011 में 125, वर्ष 2015 में 82 तथा वर्ष 2020 में 31 को मिलाकर कुल 271 खिलाड़ियों को लिपिक वर्ग की नौकरियां दी गयी थीं।

ये रहें मौजूद :

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव डॉ बी राजेन्दर, समाज कल्याण विभाग के सचिव प्रेम सिंह मीणा, गृह विभाग के सचिव के सेंथिल कुमार, वाणिज्य कर विभाग की सचिव डॉ प्रतिमा एस वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, पुलिस महानिदेशक सह बिहार राज्य पुलिस भवन निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक विनय कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक (पुलिस मुख्यालय) जेएस गंगवार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविंद्रन शंकरण सहित अन्य वरीय अधिकारीगण एवं मेडल जीतकर नियुक्ति पत्र पानेवाले खिलाड़ीगण तथा उनके परिजन उपस्थित थे।

खरमास बाद इंडी गठबंधन में लगेगा सियासी ग्रहण : मंगल

- कहा- इंडिया ब्लॉक के पास नेता, नीयत और नीति की घोर कमी

पटना। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि खरमास बाद इंडी गठबंधन में सियासी ग्रहण लगना तय है। सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस के ढुलमुल रवैये से इंडी गठबंधन में तकरार शुरू हो गया है और कांग्रेस से जल्द से जल्द सीट बंटवारे पर दबाव देने लगे हैं। इंडी गठबंधन में शामिल दल जहां सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस की ओर टकटकी लगाये हुए हैं, तो वहीं कांग्रेस 14 जनवरी के बाद सीट बंटवारे पर कुछ भी फैसला लेने पर अडिग है। कांग्रेस के इस रवैये से बिहार सहित अन्य राज्यों में स्थिति स्पष्ट नहीं हो पायी है, लेकिन इतना तय है कि कांग्रेस अगर अपनी बात पर अडिग रही, तो खरमास बाद इंडिया ब्लॉक पूरी तरह लॉक हो जायेगा और इसमें शामिल दलों की राहें एक बार फिर जुदा होंगे।

श्री पांडेय ने कहा कि बिहार में इसे लेकर अंदर ही अंदर पटकथा लिखी जाने लगी है। सीट शेयरिंग में हो रही देरी के कारण इंडी गठबंधन में शामिल दलों के नेता अब खुलकर कांग्रेस के खिलाफ मुखर हो गये हैं और किसी भी कीमत पर 14 जनवरी के पहले सीट शेयरिंग पर विचार करने की बात कांग्रेस से कह रहे हैं, ताकि समय पूर्व तय सीटों पर अपने उम्मीदवारों का चयन कर सके। वहीं शनिवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जल्द ही बैठक कर सीट शेयरिंग और किसके पास कौन पद रहेगा इस पर फैसला होगा, लेकिन तारीख की घोषणा नहीं कर सके। इधर जदयू ने तो खुलकर कांग्रेस को आईना दिखाना शुरू कर दिया है और यहां तक कहा कि सीट शेयरिंग के साथ-साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को संयोजक की जगह प्रधानमंत्री का उम्मीदवार घोषित किया जाय। जदयू के कई मंत्रियों और नेताओं ने बयान जारी कर अपनी बातों से कांग्रेस को अवगत करा दिया है, लेकिन इंडी गठबंधन में शामिल पार्टियां अपने-अपने राज्य में नफा-नुकसान के हिसाब से प्रधानमंत्री पद के लिए नामों पर सहमति जताना चाहती है। श्री पांडेय ने कहा कि इंडी गठबंधन अभी तक न तो सीटों का शेयरिंग कर सका है और न ही प्रधानमंत्री पद के लिए योग्य उम्मीदवार ढूंढ सका है। इससे यही पता चलता है कि इंडी गठबंधन लोस चुनाव से पूर्व ही तास के पत्तों की तरह बिखर जायेगी। स्वार्थ के लिए बना इंडिया ब्लॉक के पास नेता, नीयत और नीति की घोर कमी है। एनडीए में सभी चीजें स्पष्ट है और तय समय पर सारी तैयारियां भी हो रही हैं। इसलिए 2024 में स्वार्थी नेताओं की पराजय तय है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर एनडीए की सरकार बननी पक्की है।

माता जानकी के जन्मस्थान के नवनिर्माण के संबंध में पीएम को पत्र

- जदयू महासचिव सह प्रवक्ता ने पीएम को लिखा पत्र
- जदयू नेता ने की माता जानकी के जन्मस्थान के नवनिर्माण में केंद्र से सहयोग की अपील

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू महासचिव सह प्रवकता राजीव सिंह ने शनिवार को बिहार में माता जानकी के जन्मस्थान के नवनिर्माण के संबंध में पीएम को पत्र लिखा है। पत्र में लिखा है कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में हो रहे प्रभु श्री राम के भव्य मन्दिर के लोकार्पण से भारत के हर निवासी में हर्ष का माहौल है हालाँकि राममन्दिर के नवनिर्माण से जहां रामभक्तों के उमंग व्याप्त है वहीं माता जानकी जन्मस्थान के कायाकल्प को उतना महत्व नहीं मिलने से लोगों का मन अभी भी व्यथा से भर जाता है। आप स्वयं रामभक्त के रूप में जाने जाते हैं। आपको ज्ञात ही होगा कि यह जगतजननी स्वरूपा माता सीता ही हैं जो प्रभु श्री राम को संपूर्ण करती हैं। यह माता सीता रूपी प्रेरणा ही थी, जिसने भगवान श्री राम को समुद्र लांघ कर महाबली रावण के संहार जैसे दुरूह कार्य के लिए प्रेरित किया था। आदिकवि वाल्मीकि की अद्वितीय और कालजयी कृति रामायण की रचना का आधार भी माता सीता ही हैं। ऐसे में भगवान राम का जन्मस्थान भव्यता व दिव्यता को प्राप्त करे और माता सीता का जन्मस्थान कायाकल्प की बाट जोहे, इसे न तो धार्मिक दृष्टिकोण से उचित कहा जा सकता है और न ही सामाजिक विचार से। पत्र में उन्होंने लिखा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने माता जानकी के जन्मस्थान पुनौरा धाम के विकास का बीड़ा उठा लिया है। विगत दिनों उन्होंने स्वयं मां जानकी की जन्मस्थली का जायजा लेते हुए अनेक विकास कार्यों का शिलान्यास किया है। इन योजनाओं के तहत पुनौराधाम को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इसमें मंदिर परिसर का सुंदर वास्तुशिल्प से सौंदर्याकरण, परिक्रमा पथ, सीता वाटिका, लव कुश वाटिका, जानकी महोत्सव क्षेत्र, मंडप, पार्किंग क्षेत्र, आंतरिक सड़क आदि का निर्माण शामिल है। सीमित संसाधनों के बाद भी बिहार सरकार ने इसके लिए 72 करोड़ रुपयों से अधिक की राशि आवंटित की है। लेकिन यदि केंद्र सरकार इसमें सहयोग करे तो इसमें कोई संदेह नहीं है कि पुनौराधाम की भव्यता व दिव्यता भी अयोध्या की तरह विश्व स्तर पर प्रसिद्ध हो जाएगी। जब बिहार गरीब होने के बाद भी माता सीता के नाम पर 72 करोड़ खर्च कर सकता है तब केंद्र सरकार को तो इस पुण्यकार्य के लिए कई गुणा बढ़ कर सहयोग देना चाहिए। इसमें भी सबसे अच्छी बात तो यह होगी कि राममन्दिर के लोकार्पण से पहले ही जानकी मन्दिर के नवनिर्माण की पहली ईंट रख दी जाए। तभी भगवान श्री राम भी प्रसन्न होंगे और माता सीता का मान भी बढ़ेगा। अंत में पत्र में उन्होंने लिखा है कि पूर्ण विश्वास है कि माता जानकी के जन्मस्थान के नवनिर्माण में आपका सहयोग अवश्य मिलेगा।

हज भवन को अस्पताल क्यों नहीं बना देते ?: गिरिराज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि विपक्ष के लोग तुष्टिकरण की राजनीति कर सकते हैं, लेकिन, देश और राज्य का हित नहीं कर सकते हैं। उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के बीमार पड़ोगे तो अस्पताल जाओगे या मंदिर बयान के पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ये तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। तुष्टिकरण की राजनीति करते-करते पीएम मोदी और भाजपा पर हमला बोलते हैं। हमें इनकी नसीहत नहीं चाहिए। ये केवल भ्रम पैदा कर सकते हैं। सिंह ने आगे कहा कि मैंने उनसे आग्रह किया था कि आप बिहार के उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री भी हैं तो आप क्यों नहीं हज भवन को अस्पताल बना देते हैं? इतना बढ़िया सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनेगा। उपदेश देने से बढ़िया ये काम कर दें। उन्होंने कहा कि मैं तो जानता हूं कि ये कितने रोजगार दे रहे हैं, कितने इफ्तार कर रहे हैं, लेकिन गरीब हिंदुओं को नहीं खिलाएंगे। ये हज वालों से कभी नफरत नहीं करेंगे, उनको कभी शिक्षा नहीं देंगे। हिंदू से नफरत करेंगे। ये लोग समय पड़ेगा तो जनेऊधारी हो जाएंगे, नहीं तो टोपीधारी रहेंगे। उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मधुबनी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि बीमार पड़ेंगे तो अस्पताल जाओगे कि मंदिर? भूख लगेगी तो मंदिर जाओगे? खाना मिलेगा? वहां उल्टा दान मांग लेंगे।

बेगूसराय हादसा:पीड़ित परिवार को दी जाएगी हरसंभव मदद : रालोजपा

पटना। बेगूसराय जिले के बछवाड़ा विधानसभा अन्तर्गत अरवा ग्राम में शॉर्टसर्किट से एक ही पासवान परिवार के 5 सदस्यों के आग में झुलस कर दर्दनाक मौत हो गयी। जिसको लेकर राष्ट्रीय लोजपा के नेता और दलित सेना के प्रदेश अध्यक्ष धनश्याम कुमार दहा के नेतृत्व में 10 सदस्यीय कमिटी घटना स्थल का दौरा किया। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि इस घटना में नीरज पासवान 34 वर्ष इनकी पत्नी कविता 32 वर्ष, पुत्र लव कुमार पासवान तथा कुश पासवान 2 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गयी। केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने दूरभाष के द्वारा पीड़ित परिवार से हालचाल जाना और राष्ट्रीय लोजपा की तरफ से पच्चीस हजार रूप्या की आर्थिक मदद किया तथा आगे हर संभव मदद का आश्वासन दिया। घटना स्थल पर दलित सेना के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम कुमार दहा ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर दलित सेना की तरफ से भी आर्थिक मदद की। दाहा ने घटना स्थल का निरीक्षण के बाद घटना की पूरी जानकारी ली और कहा कि वहां के दलित परिवार का घर गंगा कटाव में गंगा में समाहित हो गया जिस कारण दलित परिवार झुग्गी झोपड़ी बनाकर जीवन यापन करते थे। आगे दाहा ने कहा कि राज्य सरकार ऐसे भूमिहीन दलित परिवार को 3 डिसमिल जमीन अथवा ऐसे लोगो को इंदिरा आवास दी होती तो इस तरह का दर्दनाक घटना नही होता। दाहा ने कहा कि अगर सरकार ऐसे लोगो का विस्थापित नही करेगी तो भविष्य में इससे भी बड़ी घटना घट सकती है। दाहा ने इन सारी समस्याओं को लेकर बेगूसराय के जिलाधिकारी को भी अवगत कराया और उनकी समस्याओं को बताया, जिलाधिकारी ने पीड़ित परिवार को हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया।

संवैधानिक संस्थाओं का इस्तेमाल कर रही है केंद्र सरकार : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने केंद्र की भाजपा सरकार पर राजनीतिक हित साधने के लिए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। केंद्र सरकार खुलेआम ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स का इस्तेमाल कर विपक्ष को डराने-धमकाने का काम कर रही है। यह लोग जब विपक्ष के लोगों को पकड़ते हैं, तो उनके ऊपर कोई भी केस थोप देते हैं, लेकिन जैसे ही वह आदमी भाजपा में शामिल होता है, उसकी छवि साफ हो जाती है। आखिर ये कहां का न्याय है? भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही एक बार फिर ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स सक्रिय हो गया है। सभी कार्रवाई विपक्षी दलों के नेताओं के विरुद्ध हो रही है जबकि भाजपा में जो नेता शामिल हो गए हैं, उसके विरुद्ध कार्रवाई रोक दी गई है। भाजपा के भी कई नेता भ्रष्टाचार में संलिप्त है, लेकिन इनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होती है। इससे साफ हो गया है कि केंद्र सरकार संवैधानिक संस्थाओं का राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है। भाकपा राज्य सचिव ने संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग पर रोक लगाने की मांग की है।

6 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रधानाचार्य को बधाई

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

टीपीएस कॉलेज शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ ने शुक्रवार को महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो उपेन्द्र प्रसाद सिंह के 6 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में एक भव्य समारोह का आयोजन कर उनको बधाई दी। समारोह में बोलते हुए संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि मौजूदा प्रधानाचार्य ने विगत 6 वर्षो में हर स्तर पर सराहणीय विकास किया है। आज शिक्षा जगत में पूरे देश में टीपीएस कॉलेज की एक विशिष्ट पहचान बन गई है। अकादमिक हो या आधारभूत संरचना हर क्षेत्र में जो विकास कार्य हुआ है उसका श्रय प्रधानाचार्य प्रो उपेन्द्र प्रसाद सिंह को जाता है। प्रो उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने इस मौके पर कहा कि मैंने जो भी कार्य किया है वह महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं के सहयोग से ही सम्भव हो सका है। उन्होंने कहा कि मैं जब तक कॉलेज में हूँ विकास कार्य करता रहूँगा। इस अवसर पर प्रो श्यामल किशोर, प्रो कृष्णनन्दन प्रसाद, प्रो शशि भूषण चौधरी, प्रो धर्मराज राम, अमिताभ कुमार, दीपक कुमार, वेंकटेश कुमार, जकी इमाम, अम्ब्रीश कुमार, मृत्युंजय कुमार, एस अमन पटेल एवं अन्य शिक्षक, कर्मचारी मौजूद थे ।

रालोजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ राष्ट्रीय कमिटी का विस्तार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय लोक जनता दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय कमिटी का विस्तार करते हुए बाबूउद्दीन को दिल्ली और वस्मी जहीर नकवी को उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और प्रवक्ता फजल इमाम मल्लिक ने इसका एलान राष्ट्रीय अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस एम जाफरी की मौजूदगी में किया। इसके अलावा राष्ट्रीय कमिटी में एक उपाध्यक्ष, एक प्रधान महासचिव, एक महासचिव और तीन सचिव बनाये गए है। जाफरी ने बताया कि कमिटी में देश के कई राज्यों की नुमाइंदगी हो रही है, भविष्य में कमिटी का विस्तार होगा और दूसरे राज्यों में भी प्रदेश इकाईयो का गठन किया जायेगो उन्होंने बताया कि प्रकोष्ठ दिल्ली में एक राष्ट्रीय सम्मेलन करने पर भी विचार कर रहा है। जाफरी ने बताया की सैयद आबिद हुसैन को उपाध्यक्ष, अब्दुल हसीब जामई को प्रधान महासचिव, मो जावेद को महासचिव बनाया गया है। सैयद समर अब्बास हुसैन नकवी, खालिद और इफ़्तेखार अहमद प्रकोष्ठ के सचिव होंगे शकील अब्बास को उत्तर प्रदेश का उपाध्यक्ष और रजी हैदर को प्रधान महासचिव बनाया गया है, जबकि सरफराज अहमद दिल्ली प्रदेश के अपाध्यक्ष होंगे। मल्लिक ने महागठबंधन सरकार पर आरोप लगाया कि बिहार में मुसलमानों को उनकी आबादी के हिसाब से सियासत और प्रशासन में जगह नहीं दी गई है और मुसलमानों को सिर्फ वोट बैंक समझा गया है। राष्ट्रीय लोक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा अल्पसंख्यको के हक- हकूक को लेकर हमेशा मुखरता से आवाज उठाते रहे है। मल्लिक ने कहा की बिहार में आबादी के हिसाब से मुसलमानों को उचित हिस्सेदारी मिले।

सूबे में घड़ियाल व कछुओं के लिए प्रजनन केंद्र स्थापित होगा

पहला इनक्यूबेशन सेंटर सह नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर के लिए सैद्धांतिक मंजूरी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार सरकार ने घड़ियाल और कछुओं के लिए राज्य का पहला प्रजनन केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यजीव वार्डन पी के गुप्ता ने बताया कि इस संबंध में जल्द ही एक धर्मार्थ संगठन वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। उन्होंने कहा, राज्य सरकार ने पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में गंडक नदी में घड़ियाल और कछुओं के लिए राज्य का पहला इनक्यूबेशन सेंटर-सह-नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर स्थापित करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। गुप्ता ने कहा कि एक्स-सीटू प्रजनन के माध्यम से जारी संरक्षण प्रयासों को मजबूत करने और घड़ियाल व कछुओं के बच्चों को सुरक्षित रूप से नदी में छोड़ने की प्रक्रिया में सहायता करने को लेकर अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य स्थित लॉस एंजिलिस चिड़ियाघर ने सहमति जताई है। गुप्ता ने कहा कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के ट्राइ-जंक्शन के पास चंबल नदी पर राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य के बाद गंडक नदी भारत में घड़ियालों के लिए दूसरा सफल प्रजनन स्थल बन गई है। उन्होंने कहा, पश्चिम चंपारण में वन अधिकारियों को जिला प्रशासन के साथ समन्वय करने और प्रजनन केंद्र के लिए वन विभाग को चिन्हित भूमि के हस्तांतरण के लिए सभी औपचारिकताएं जल्द से जल्द पूरी करने के लिए कहा गया है। गुप्ता ने कहा कि एक्स-सीटू संरक्षण किसी लुप्तप्राय प्रजाति को उसके प्राकृतिक आवास के बाहर संरक्षित करने की प्रक्रिया है।

निजी फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों को बंधक बनाकर लूटे 8.50 लाख

पटना। बिहटा में शनिवार को अज्ञात अपराधियों ने एक निजी फाइनेंस कंपनी के कार्यालय में धावा बोलकर कर्मचारियों को बंधक बनाया और 8.50 लाख रुपए लूटकर आराम से चलते बने। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बिहटा बाजार के डोमिनिया पुल के पास स्थित महिंद्रा फाइनेंस कंपनी कार्यालय में सात-आठ की संख्या में हथियारबंद अपराधी घुस आए। सभी स्टाफ को हथियार के बल पर अपने कब्जे में लिया। इसके बाद काउंटर और लॉकर में रखे गए 8.50 लाख रुपए लूट लिए और फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद बिहटा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। दानापुर अनुमंडल पुलिस अधिकारी अभिनव धीमन ने बताया कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। घटनास्थल पर एफएसएल और श्वान दस्ते को भी बुलाया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

पावरग्रिड
POWERGRID

सूचना

1.उपरोक्त नामित आवेदक ने **''फेज–I–यूनिफाइड रियल टाइम डायनेमिक स्टेट मेजरमेंट (यूआरटीडीएसएम)''** के तहत संपत्ति–1: फेज–I एनएलडीसी, बैकअप एनएलडीसी और एनटीएएमसी सिस्टम–फेज–I के लिए यूनिफाइड रियल टाइम डायनेमिक स्टेट मेजरमेंट (यूआरटीडीएसएम), एनएलडीसी, बैकअप एनएलडीसी और एनटीएएमसी सिस्टम पर एनएलडीसी, बैकअप एनएलडीसी और एनटीएएमसी सिस्टम–फेजर डेटा कंसंट्रेटर (पीडीसी) के लिए यूनिफाइड रियल टाइम डायनेमिक स्टेट मेजरमेंट (यूआरटीडीएसएम), और संपत्ति–2: यूआरटीडीएसएम सिस्टम (नियंत्रण केंद्र उपकरण, पीएमयू और ईआरएलडीसी (07 पीएमयू) में एकीकृत और चालू किए गए संबंधित उपकरण हेतु डीओसीओ से 31.03.2024 तक पारेषण प्रभार के निर्धारण के लिए केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, नई दिल्ली के समक्ष एक आवेदन किया है।

2.उपरोक्त नामित पारेषण प्रणाली के लाभार्थी हैं: (1) अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, (2) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, (3) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, (4) पंजाब राज्य विद्युत बोर्ड, (5) हरियाणा बिजली खरीद केंद्र, (6) जम्मू और कश्मीर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड, (7) उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड, (8) बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड, (9) बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड, (10) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड, (11) चंडीगढ़ बिजली विभाग, (12) उत्तरांचल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड, (13) उत्तर मध्य रेलवे, (14) नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, (15) हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड, (16) बिहार राज्य पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड, (17) पश्चिम बंगाल राज्य बिजली वितरण कंपनी लिमिटेड, (18) ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ ओरिसा लिमिटेड, (19) दामोदर वैली कॉर्पोरेशन, (20) बिजली विभाग, सिक्किम सरकार, गंगटोक, (21) झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, (22) ग्रिड कंट्रोलर ऑफ इंडिया लिमिटेड।

क्र.सं.	विवरण	याचिका–1
1.	परियोजना की अनुमोदित अनुमानित पूंजीगत लागत (करोड़ रुपये)	374.63
2.	प्राधिकरण जिसने पूंजीगत लागत का अनुमोदन किया है	निदेशक मंडल
3.	वाणिज्यिक परिचालन की निर्धारित तारीख	12.04.2016
4.	वाणिज्यिक परिचालन की तारीख	संपत्ति–1: 05.03.2023 संपत्ति–2: 31.12.2023 (प्रत्याशित)
5.	डीओसीओ पर पूंजीगत लागत (करोड़ रुपये)	संपत्ति–1: 76.54, संपत्ति–2:1.37

3. प्रभार का विवरण: (रु. लाख में)

संपत्ति	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
संपत्ति-1	30.37 (आनुपातिक)	553.65	896.94	756-41
संपत्ति-2	-	-	-	3.32 (आनुपातिक)

4. प्रभार के निर्धारण हेतु किए गए आवेदन की एक प्रति आवेदक की वेबसाइट www.powergrid.in पर पोस्ट की गई है।

5. आवेदन में निहित प्रभार के निर्धारण के प्रस्तावों पर लाभार्थी सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा सुझाव और आपत्तियां, यदि कोई हों, सचिव, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, तीसरी और चौथी मंजिल, चंद्रलोक भवन, 36, जनपथ, नई दिल्ली–110001 (या अन्य पते पर जहां आयोग का कार्यालय स्थित है) के समक्ष, आवेदक को उसके कॉर्पोरेट कार्यालय के पते पर उसकी एक प्रति सहित, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर दायर की जा सकती हैं।

स्थान: गुरूग्राम
दिनांक: 01.01.2024

हस्ता. /–
वरिष्ठ महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय: बी–9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली–110016
कॉर्पोरेट कार्यालय: "सौदामिनी", प्लॉट सं. 2, सेक्टर-29, गुरूग्राम-122001 (हरियाणा) फोन: 0124-2571700-719
वेबसाइट: www.powergrid.in, सीआईएन: L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू

Paramin
PG/CC/Notice-30/Ad-71/23-24

खान एवं भूतत्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री राजद कार्यालय में सुनवाई कार्यक्रम में होगें शामिल

पटना। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के पहल पर राजद द्वारा चल रहे सुनवाई कार्यक्रम राजद कार्यालय में 09 जनवरी मंगलवार को खान एवं भूतत्व मंत्री डॉ रामानंद यादव एवं आपदा प्रबंधन मंत्री मो शाहनवाज आलम कार्यकताओं से मिलेंगे और सुनवाई करेगें। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रदेश राजद के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि दोनों मंत्री से मिलने वालों को मंगलवार 09 जनवरी को राजद कार्यालय में पूर्वाह्न 10 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच आवेदक स्वयं उपस्थित होकर रजिस्ट्रेशन कराकर ही सुनवाई कार्यक्रम मे शामिल होंगे। जिनका रजिस्ट्रेशन होगा क्रमानुसार अपराह्न 01 बजे से अपराह्न 03 बजे तक मंत्री द्वय बारी-बारी से कार्यकताओं से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनेगें और आवश्यक कार्रवाई करेगें। एजाज ने आगे बताया कि कार्यकताओं को मंत्रीगण से मिलकर अपने-अपने क्षेत्र से जुड़े जनसमस्याओं अथवा शिकायतों से उन्हें अवगत कराने के लिए आवश्यक संलग्नों के साथ लिखित में आवेदन देना होता है, उसी के अनुसार सुनवाई के बाद कार्रवाई की जाती है।

पश्चिम बंगाल में ईडी अधिकारियों पर हमला कतई उचित नहीं : चिराग

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने पश्चिम बंगाल में ईडी अधिकारियों पर हुए हमले को गलत बताया। शनिवार को पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री चिराग ने कहा कि जिस तरीके से केंद्र के एजेंसियों के ऊपर इस तरीके से हमला करना कहीं से उचित नहीं है। यह हमला जो कहा जा रहा है की आक्रोश मे होकर किया गया। यह पूरी तरीके से राज्य सरकार के संरक्षण में सुनियोजित तरीके से करवाया गया हमला है जो पूरी तरीके से गलत है। आगे श्री चिराग ने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं है कि जब जनता दल यूनाइटेड पूरी तरह से खंडित होते हुए दिखेगी, संभवत आने वाले दिनों में नामोनिशान लेने वाला कोई नहीं रहेगा। इंडिया गठबंधन से जुड़े सवाल पर श्री चिराग ने कहा कि मुझे नहीं मालूम है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कोई बनाना चाह रहा है, वह बनना चाह रहे हैं ,कोई बनाएगा या कोई नहीं बनाएगा, नहीं मेरी वह चिताओं में से है। मुझे इस बात से नहीं फर्क पड़ता की इंडिया गठबंधन नीतीश कुमार जी को संयोजक बनाता है या नहीं बनाता है।

कई युवाओं ने राजद की सदस्यता ग्रहण की : एजाज

तेजस्वी की मौजूदगी में बड़ी संख्या में लोगों ने ली सदस्यता

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पश्चिमी चंपारण बेतिया के रहने वाले राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता राजन प्रसाद जायसवाल ने शनिवार को अपने सैकड़ो साथियों के साथ उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के समक्ष राष्ट्रीय जनता दल की सदस्

संक्षिप्त खबरें

पीजी सेकंड फर्स्ट सिटिंग ग्रुप ए की परीक्षा 10 जनवरी को

मधेपुरा । भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने अधिसूचना जारी कर पीजी सेकंड सेमेस्टर जून 2023 की 15 दिसम्बर को आयोजित फर्स्ट सिटिंग ग्रुप ए की परीक्षा छात्र संगठन के आंदोलन के कारण बाधित की गई थी, जिसकी पुनर्परीक्षा अब 10 जनवरी को फर्स्ट सिटिंग 10 बजे से एक बजे में बीएनमवी/कॉमर्स कॉलेज मधेपुरा केंद पर आयोजित होगी। उक्त जानकारी परीक्षा नियंत्रक प्रो. शशिभूषण ने दी।

श्रमिकों को श्रम अधीक्षक द्वारा आर्थिक सहायता 30-30 हजार

दरभंगा जयपुर से विमुक्त दरभंगा जिला अन्तर्गत हायाघाट प्रखण्ड के सात बंधुआ श्रमिकों को श्रम अधीक्षक, दरभंगा श्री राकेश रंजन द्वारा तत्काल आर्थिक पुनर्वास सहायता राशि के तहत 30-30 हजार रुपये उपलब्ध कराया गया तथा इनके पुनर्वास के लिए अन्य कार्य किए जा रहे हैं। श्रम अधीक्षक द्वारा बताया गया इन सभी विमुक्त बंधुआ श्रमिकों का आधार और बैंक खाता उपलब्ध कराने में समग्र शिक्षण एवं विकास संस्थान, दरभंगा की समन्वयक श्रीमती शबनम कुमारी द्वारा जो विशेष रूप से हायाघाट के इन बच्चों पर कार्य कर रही हैं, तत्परता से सहयोग रहा। उन्होंने बताया कि इनमें से चार बच्चों का नामांकन भी इनके द्वारा स्कूल में करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि इन बच्चों के माता-पिता का लेबर कार्ड बनवाने तथा अन्य लाभ दिलाने की दिशा में अन्य कार्य की जा रही है।

जन वितरण प्रणाली के विक्रेता ने मांग के समर्थन में कार्रवाई के लिए विधायक को सौंपा पत्र

विभूतिपुर, समस्तीपुर। जन वितरण प्रणाली के विक्रेता ने फेयर प्राइस डीलर्स के अध्यक्ष चंद्रदेव प्रसाद सिंह के नेतृत्व में अपनी आठ सूत्री मांगों के समर्थन में कार्रवाई के लिए बिहार विधानसभा के सचेतक सह स्थानीय विधायक अजय कुमार को एक पत्र सौंपा है। जिसमें बताया गया कि ऑल इंडिया डीलर्स प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के आह्वान एवं फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में पूरे देश सहित बिहार के सभी जन वितरण विक्रेता अपनी लक्षित 8 सूत्री मांगों को लेकर 1 जनवरी 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है।

निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी व राजनीतिक पार्टी की बैठक संपन्न

विभूतिपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी के प्रकोष्ठ में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 138 विभूतिपुर विधानसभा सह भूमि सुधार उप समाहर्ता दलसिंहसराय के अध्यक्षता में विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत सभी राजनीतिक पार्टी के अध्यक्ष एवं सचिव की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 1 जनवरी 2024 तक नए मतदाता का नाम जोड़ने, नाम संशोधन के बारे में चर्चा किया गया। जिसमें 27 अक्टूबर 2023 से 6 जनवरी 2024 तक विभूतिपुर प्रखंड में कुल 9816 नाम जोड़ा गया, 6786 नाम हटाया गया, 4467 नाम संशोधित किया गया। बैठक में राष्ट्रीय जनता दल से प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र कुमार, भारतीय जनता पार्टी से कृष्णदेव प्रसाद सिंह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से गजेंद्र प्रसाद चौधरी, कांग्रेस पार्टी से विमल कांत झा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से सीताराम यादव, जनता दल यू से रामचंद्र महतो उपस्थित हुए।

यूको बैंक का 82वां स्थापना दिवस मनाया गया

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर चौक स्थित यूको बैंक का 82वां स्थापना दिवस शनिवार को यूको बैंक के कल्याणपुर शाखा में मनाया गया। बैंक के शाखा प्रबंधक पप्पू कुमार ने केक काटकर स्थापना दिवस मनाया। वहीं उपस्थित लोगों को बैंक की उपलब्धि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। मौके पर फील्ड आफीसर अभिषेक कुमार गुप्ता, कैशियर अजीत कुमार सिंह, अमरीश कुमार पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

शराब कारोबारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगहों से दो शराब कारोबारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी की पहचान माधोपुर भुआल गांव निवासी स्व पलटु सहनी के पुत्र जगदीश सहनी के रूप में हुई है। वहीं दूसरा गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान कोयला कुंड गांव निवासी राजेंद्र सहनी के पुत्र नरेश सहनी के रूप में हुई है। वहीं थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी को प्राथमिक का नामजद आरोपी था। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

15 वर्षों से बिहार में पुस्तकालय अध्यक्ष व सहायकों की नही हुई बहाली, छात्रों ने की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा मिथिला विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय प्रांगण में जिला के सैकड़ो छात्रों ने लगभग 15 वर्षों से पुस्तकालय सहायक व अध्यक्षों की बहाली नहीं होने के खिलाफ एक संयुक्त बैठक ऑल बिहार ट्रेंड लाइब्रेरियन एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष शरद कुमार सिंह की अध्यक्षता में की। जिसमें छात्रों ने पुस्तकालय के खिलाफ सरकार के उदासीन रवैये पर नाराजगी व्यक्त की। वही संगठन के जिला अध्यक्ष शरद कुमार सिंह ने कहा कि सरकार बिहार के शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करना चाहती है। बेहतर पुस्तकालय के बिना बेहतरीन शिक्षा की परिकल्पना झूठी मात्र है। किसी भी शिक्षण संस्थान में अगर पुस्तकालय बेहतर नहीं रहेंगे तो वहां बेहतर पढ़ाई की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। बेहतर पुस्तकालय निर्माण के लिए पुस्तकालय सहायक व अध्यक्षों की बहाली जरूरी है। सभी को ज्ञात है कि सभी शिक्षण संस्थानों में पुस्तकालय सहायक व अध्यक्षों की 90% सीटे रिक्त है। वहीं छात्रों के अनुपात में पुस्तकालय की क्षमता को भी बढ़ाने की आवश्यकता है। छात्रों के अनुपात जिस स्तर पर बढ़ रहा है उस स्तर पर पुस्तकालय में सहायकों व अन्य कर्मियों की भी संख्या बढ़ाकर सभी सीटों पर बहाली करनी होगी। पुस्तकालय समाज के प्रगति का एक मजबूत साधन है। लेकिन बिहार सरकार 2008 ई के बाद आज तक पुस्तकालय में किसी भी पद पर कोई नियुक्ति नहीं की है। यह सरकार के शिक्षा व पुस्तकालय विरोधी रवैया को दशार्ता है। विगत 15 वर्षों में लाखों छात्रों ने अलग-अलग संस्थाओं से पुस्तकालय विज्ञान का बैचलर और मास्टर डिग्री कोर्स किया है। सरकारी संस्थान भी इस कोर्स के नाम पर मोटी रकम छात्रों से वसूली लेती है। लेकिन इस क्षेत्र में कोई बहाली नहीं देती है। छात्रों ने दो टूक बिहार सरकार से कहा कि अगर बहाली लेने की कोई मंशा नहीं है तो बिहार के अंदर इस कोर्स को बंद कर दिया जाए। वहीं छात्रों ने रणनीति के तहत बहाली के लिए एक जुटता दिखाते हुए आगामी कार्यक्रम को तय किया है। उन्होंने ट्विटर कैंपेन, छात्रों व आमजनों के बीच सरकार के उदासीन रवैया को लेकर कैम्पेन व स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मिलकर सरकार के नाम ज्ञापन सौंपने और जिला व प्रदेश स्तर पर आन्दोलन साथ ही सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष को तेज करने की रणनीति बनाई। छात्रों ने कहा कि हम अभी लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बहाली की मांग करते हैं। अगर सरकार और ज्यादा समय लगायी तो हम लोग अपने आंदोलन को उग्र भी करेंगे। वही सरकार को इसका खामियाजा आने वाली चुनाव में भी भूगतना पड़ेगा। छात्रों ने कहा कि हम कई लाख छात्र बिहार में लाइब्रेरी साइंस की डिग्री लिए हुए हैं। इस लाखों छात्र पर कई लाख परिवार डिपेंड है और सभी सरकार से बहाली नहीं देने के कारण रूष्ट है। जिसका बड़ा खामियाजा सरकार को उठानी पड़ेगी। मौके पर संगठन को विस्तार करते हुए पुनः जिला अध्यक्ष पद पर शरद कुमार सिंह, जिला सचिव पद पर राम सुंदर चौरसिया, जिला कोषाध्यक्ष पद पर विजय कुमार, जिला उपाध्यक्ष पद पर कृष्णा कुमार पासवान, रवीश कुमार, राकेश रौशन, राजा प्रसाद, मीडिया प्रभारी प्रिंस राज, सोशल मीडिया प्रभारी राहुल कुमार, विक्रम कुमार झा, सह सचिव गणपति कुमार, रौशन कुमार, राजेश कुमार, महिला प्रभारी रूबी कुमारी, सह महिला प्रभारी प्रियंका कुमारी, सगुफी सायदा, प्रभा कुमारी को सर्वसम्मति से चुना गया। वहीं बैठक में गुड्डू राज, संतोष कुमार ठाकुर, श्याम कुमार, लक्ष्मण कुमार कुशवाहा, दीपक कुमार पंडित, प्रियंका कुमारी, भोली कुमारी, कन्हैया कुमार, श्रवण कुमार, गणेश कुमार बंसल, अंजू कुमारी, स्वाति कुमारी, मोहम्मद इराक, मिहिर कुमार, नैंसी प्रिया, रोशन प्रजापति, विक्की कुमार, आदित्य कुमारी, सोनम कुमारी, गीता कुमारी, शबाना नाज, विक्रम कुमार, कुंदन कुमार, आशीष राज, विजय कुमार, सपना झा, कविता कुमारी, संगम झा, शगुफा नाज आदि उपस्थित थें।

जन्म दिवस पर भव्य सम्मान समारोह का किया आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड क्षेत्र के सूक्की पंचायत भवन के पास सूक्की गांव में शनिवार को सूक्की ग्राम निवासी समाजसेवी ड़ा. रामाशीष सिंह उम्र 70 वर्ष की आयु पूरा करने को लेकर समस्त सूक्की ग्रामवासीयों द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इस। भव्य सम्मान समारोह का अध्यक्षता पंचायत के मुखिया अशोक कुमार सिंह एव मंच संचालन सेवा निवृत्त जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार साफी द्वारा किया गया. कार्यक्रम का शुरूआत मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत शुरू किया गया.इस दौरान समस्त सूक्की ग्रामीणों के सहयोग से दिए समान को मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. शकील अहमद डा. एस. एन. गोईत मिथिला इनवरसिटी के पूर्व कुलपति डा. अजित कुमार सिंह मुखिया अशोक कुमार सिंह एमडी डा. सूर्यदेव सिंह प्राचार्य डा. मीणा प्रसाद प्रमुख कुमारी उषा जिप सदस्य दीपक कुमार सिंह बीडीओ लवली कुमारी बीपीआरओ हेमनारायण महतो पूर्व जिप सदस्य प्रमोद कुमार सिंह, पूर्व मुखिया महेंद्र प्रसाद सिंह, किसान भूषण सम्मानित रामराजी सिंह, पंडित विशेश्वर झा सहित अन्य लोगो द्वारा संयुक्त रूप से अंग वस्त्र पाग दोपता पुष्पमाला एव अन्य समान देकर सम्मानित किया गया. इस सम्मान समारोह के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. शकील अहमद ने कहा कि समाजसेवी डा. रामाशीष सिंह अपने गांव से लेकर जिला एव प्रखंड़ स्तर सहित पड़ोसी देश नेपाल से आये मरीजों को निः शुल्क सेवा कर गरीबों को इलाज करके गंभीर से गंभीर बीमारी को इलाज कर लोगो को स्वस्थ करने में उनकी अहम भूमिका रही.उन्होंने कहा कि आज के समय ऐसे भी डॉक्टर है जो निर्लोभ लोगो की ईलाज कर सैकड़ों लोगो को जीवन दान दिया है.वही दरभंगा के वरिष्ठ चिकित्सक डा. एस. एन. गोईत ने कहा कि डा. रामाशीष सिंह द्वारा बिना फीस दरभंगा, पटना, दिल्ली से वापस सभी तरह के बीमारी को सही इलाज करके लोगो लोगो जान बचाने का काम किया है.वही प्रमुख कुमारी उषा ने कहा किसमाजसेवी डा. रामाशीष सिंह ने लोगो दिन रात सेवा देकर हजारों लोगों को उपकार कर पुण्य की भागी बनी है.वही जिप सदस्य दीपक कुमार सिंह ने कहा कि समाजसेवी डा. रामाशीष सिंह द्वारा अपने डॉक्टरी हुनर से लोगो को निःशुल्क सेवा कर एक मिसाल कायम किया है.इस मौके पर ड़ा. भगलु झा, पूर्व प्रधानाचार्य कृष्णदेव यादव, सरपंच अरुण कुमार सिंह, पंसस आभा कुमारी, डा. विनोद कुमार, डा. के.ड़ी. यादव, डा. मोहन झा, डा. सरोज गोईत, डा. के.पी.सिंह, वैज्ञानिक कुमार सुधीर आनंद, जदयू प्रखंड़ अध्यक्ष रामबाबु सिंह, कमलेश कुमार सिंह, अमरेश कुमार सिंह, राजद अतिपिछड़ी प्रकोष्ठ के प्रखंड़ अध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा, राम प्रसाद सिंह सहित समस्त ग्रामवासी शामिल थे।

संयुक्त किसान मोर्चा प्रखंडों में चलाएगा जन जागरण अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। आज संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला कार्यालय, मोतीझील में हुई। बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा लिए गए फैसले को मुजफ्फरपुर में लागू करने पर विचार किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) को कानूनी दर्जा देने, सरकार द्वारा निर्धारित दर पर सभी किसानों से धान की खरीद करने, किसानों का हत्यारा केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री अजय मिश्र टेनि को बर्खास्त कर गिरफ्तार करने, ऐतिहासिक किसान आंदोलन के नेताओं से किये गये सभी वायदे पूरी करने, जमाबंदी पंजी में व्याप्त गड़बड़ी दूर करने तथा सुधार के नाम पर किसानों को लूटना बंद करने, जंगली जानवरों से फसल की सुरक्षा की गारंटी करने तथा किसानों से धान खरीद को सुलभ बनाने आदि मांगों को लेकर 26 जनवरी को जुब्बा सहनी पार्क से समाहरणालय तक ट्रैक्टर मार्च एवं मोटरसाइकिल जुलूस निकाला जाएगा। इसके पहले 10 से 20 जनवरी तक प्रखंडों में जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। बैठक में किसान नेताओं ने कहा कि 13 महीने तक चले ऐतिहासिक किसान आंदोलन के दबाव में केंद्र सरकार ने तीन काला कानून तो वापस लिया परंतु उस दरमियान किए गए अन्य वायदे अभी तक पूरा नहीं किया है। जब तक सरकार उन वायदों को पूरा नहीं करती तब तक किसान आंदोलन चलता रहेगा। बैठक की अध्यक्षता एआईकेएफ के चंद्रमोहन प्रसाद ने किया वहीं बैठक में एआईकेएमएस के रूदल राम, किसान सभा के चंदेश्वर प्रसाद चौधरी, महेश कुमार चौधरी, शंभू शरण ठाकुर, एआईकेएमकेएस के उदय चौधरी एआईकेकेएमएस के अर्जुन कुमार, काशीनाथ साहनी, किसान महासभा के बिंदेश्वर शाह, एआईकेएफ के राधिका रमण प्रसाद, सुरेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, राजकुमार आदि ने भी अपने विचार प्रकट किए ।

टॉप टेन बड़े अपराधियों पर किया जाएगा कर्रवाई : नवनियुक्त डीआईजी

प्रात : किरण संवादाता

दरभंगा मिथिला प्रक्षेत्र के डीआईजी के रूप में दरभंगा के निवर्तमान वरीय पुलिस कप्तान बाबूराम ने अपना परिवार पदभार संभाला।पद भार संभालने के बाद डीआईजी बाबूराम ने कहा अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस मुख्यालय का स्पष्ट रूप से निर्देश जारी है कि जिले के सभी थाना में जितने भी वांछित अपराधी है उसकी सूची बननी है । इसके बाद जितने भी टॉप टेन अपराधी है उसकी सूचना हर थाना अनुमंडल एवम जिला स्तर पर बनानी है और जो सूची बनी हुई है हम लोग उसकी समीक्षा करेंगे कि स्थानीय स्तर से अब तक उसके विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई।उन्होंने कहा कि इसके अलावे चौकीदार और नेट सिपाही के माध्यम से आसूचना संकलन करनी है तथा जेल से बाहर जितने भी अपराधी है उसके गतिविधियों पर नजर रखनी है इसके अलावे डी आई जी ने यातायात बल देते हुए कहा कि इसके लिए वरीय पुलिस कप्तान के साथ बैठक किया जाएगा शहर में संकीर्ण गली होने के कारण यातायात की जाम की स्थिति बनी रहती है इसके लिए हमलोग लोग को जाम से निजात दिलाने की व्यवस्थाकी जाएगी ज्ञात होगी नवनियुक्त मिथिला पूरा क्षेत्र के डीआईजी बाबूराम इससे पूर्व सन 2020 से लेकर 2022 तक दरभंगा में वरीय पुलिस कप्तान के पद पर रहकर अपराधियों का दांत खट्टा कर चुके हैं जिसका उदाहरण है कि अलंकार ज्वेलर्स एवं गुल्लोबाडा डकैती कांड को उद्भेदन के साथ यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया गया था।

जिला शिक्षा पदाधिकारी ने आधे दर्जन विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण, परिसर में गंदगी देख ग्रामीणों पर बिफरे

प्रात : किरण संवादाता

मुजफ्फरपुर। अवकाश रक्षित जिला शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार शर्मा ने शनिवार को प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय मैदापुर, राजकीय मध्य विद्यालय मानविशुन पुर, प्राथमिक विद्यालय हुसैन पुर पिरख पुर मध्य विद्यालय सहित अन्य स्कूलों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान राजकीय मध्य विद्यालय मानविशुन पुर में विद्यालय परिसर में फैली गंदगी, और जल जमाव देख नाराजगी जताई, और शिक्षकों को समेत उपस्थित ग्रामीणों को फटकार लगाई। उन्होंने विद्यालय की जमीन पर चल रहे चाय- नाश्ते के दुकानदार से बात की और कहा आप लोग विद्वियालय के विकास कार्य को पूरा करने में सहयोग करें ।आप विद्यालय की जमीन पर दुकान चला रहे हैं तो उसे हटा लें नहीं तो विद्यालय की जमीन को खाली करने के लिए प्रशासन का सहारा लेना पड़ेगा। विद्यालय में जलजमाओ को लेकर शंभू नारायण सिंह ने शिक्षा पदाधिकारी को अवगत कराया और कहा कि बगल में रह रहे कुछ लोगों ने मिट्टी वगैरह डालकर पानी के निकास का रास्ता बंद कर दिया है। इस वजह से जल जमाव होता है।इसपर श्री शर्मा ने ग्रामीणों से बात की । उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि आप लोग के बच्चे ही इस इस विद्यालय में पढ़ने आते हैं। स्कूल की साफ सफाई में सहयोग करें। जल जमाव से बच्चे बीमार पड़ सकते हैं, उस बीमारी की चपेट में आप लोग भी आ सकते हैं। इस दौरान दक्ष क्लास में पढ़ने वाले बच्चों देखा।

शिक्षकों की उपस्थिति पंजी की बड़ी बारीकी से जांच की ।श्री शर्मा ने विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने के लिए कई निर्देश दिए। मैदापुर पोखर स्थित प्लस टू विद्यालय के निरीक्षण के दौरान परिसर में स्थित आलीशान मंदिर पर बैठी महिलाओं से उन्होंने कहा कि यहां के लोगसरकारी जमीन पर विद्यालय भवन से भी ऊंचा और भव्य मंदिर का निर्माण करा रहे हैं।शिक्षा का मंदिर विद्यालय होता है ,इसपर भी समाज को ध्यान देना चाहिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी विद्यालय की भौतिक व्यवस्था में सुधार करने में सहयोग की अपील की।

हीरा ज्लेवर्स से एक करोड़ रुपए का डाका डालने मुंबई से हवाई जहाज से आया था बदमाश

एक लूट मामले में बेगूसराय पुलिस ने किया गिरफ्तार, समस्तीपुर पुलिस ले सकती रिमांड पर

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर शहर के मोहनपुर रोड में एक वर्ष पूर्व हीरा ज्लेवर्स से 50 हजार नकद समेत एक करोड़ रुपए गहना लूटने स्थानीय गिरोह के बुलावे पर मुंबई से विवेक कुमार उर्फ कृष्णा नामक बदमाश हवाई जहाज से समस्तीपुर पहुंचा था। यह बदमाश मुजफ्फरपुर जिले के मिनापुर के हरका कल्याण का रहने वाला है। यह मुंबई के गणेश मंदिर नियर पवइ प्लाजा हिरा नंदानी पवई मुम्बई में रहता है। बेगूसराय में पिछले दिनों हुए डाका कांड में पुलिस ने इसे गिरफ्तार किया है। अब इस बदमाश को समस्तीपुर पुलिस रिमांड पर लेने की तैयारी में जुट गई है। एसपी विनय तिवारी ने बताया है कि मुफस्सिल पुलिस को इस बदमाश को रिमांड पर लेकर पूछताछ का निर्देश जारी किया गया है। जल्द ही इसे रिमांड पर ले लिया जाएगा। इस बदमाश से पुलिस को इस घटना में शामिल अन्य बदमाशों के बारे में पता चल सकेगा। पुलिस के अनुसार कृष्णा विभिन्न अपराधिक गिरोहों के लिए बोरो प्लेयर के रूप में काम करता है। चुकी यह बिहार से बाहर रहता है। जिस कारण इसकी पहचान जल्द नहीं हो पाती। इस लिए इसे बदमाश बुलाते हैं। यह अपराधिक घटनाओं को अंजाम देता है और अपना हिस्सा लेकर पुनः मुबई फ्लाइ से फरार हो जाता था। जिससे पुलिस इसके करीब पहुंच नहीं पाती थी। मुबंई में यह बड़े बंगले में शान शौकत से रहता था। बेगूसराय के एसपी जीतेंद्र कुमार ने बताया कि यह बदमाश बेगूसराय में समस्तीपुर के ही कुख्यात रविद्र सहनी के बुलावे पर आया था। 6 दिसंबर 2022 को दिनदहाड़े करीब 2:00 बजे 8- 10 की संख्या में आए डकैतों ने हीरा ज्वेलर्स पर धावा बोलकर 50, 000 नगदी समेत करीब एक करोड़ रुपए का जेवरात लूट लिया था इस लूट कांड में पहली बार महिला डकैत भी शामिल हुई थी। पूरी घटना पास के सीसीटीबी में कैद हुई थी। सबसे आश्चर्य की बात थी कि बदमाश सिर्फ मास्क लगा रखा था। बावजूद इसकी पहचान में काफी परेशानी हुई। इस कांड कांड में अबतक कुल पांच बदमाशों की गिरफ्तारी हुई है। जिसमें एक महिला डकैत भी शामिल थी। शुरू मेंपुलिस ने इस मामले में रवि कुमार, कांति सदा व विक्की कुमार को गिरफ्तार किया था। हाल में पुलिस ने एक और बदमाश को उठाया है।

अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का एसडीएम ने किया उद्घघाटन

प्रात : किरण संवादाता

पुरैनी (मधेपुरा) पुरैनी प्रखंड के गणेशपुर पंचायत अंतर्गत लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई (कचरा घर) का उद्घाटन एसडीएम एस जेड हसन के द्वारा किया गया। लोहिया स्वच्छ अभियान के तहत प्रत्येक घर से उठाया गया कचरा एक जगह एकत्रित करने के उद्देश्य से गणेशपुर पंचायत के बघवा दियारा में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का निर्माण किया गया। वहीं मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता कर्मियों के द्वारा उठाया गया कचरा यत्र तत्र निस्तारण न करके अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई में कचरा निस्तारण किया जाए। वहीं गणेशपुर पंचायत के मुखिया मोहम्मद वाजिद ने भी स्वच्छता कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उक्त मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी महोदय, कुरसंडी पंचायत के मुखिया कुंदन सिंह, पूर्व जिला परिषद् मनोज यादव, मिथिलेश यादव, वार्ड सदस्य मोहम्मद बदरूल, सद्दाम आलम, सुदर्शन पंडित, पूर्व सरपंच पप्पू मिस्त्री, अमित कुमार सहित पंचायत समिति के सदस्य व स्वच्छता पर्यवेक्षक और सभी सफाई कर्मी एवं पंचायत वासी मौजूद रहें।

ज्लेवर्स दुकान में सेंदमारी का डेढ़ लाख नकद समेत 15 लाख रुपए मूल्य का गहना ले गए चोर

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के रोसड़ा थाने के फतेहपुर मोतीपुर गांव में शुक्रवार रात बदमाशों ने लक्की ज्लेवर्स नामक दुकान के पीछे से सेंदमारी कर डेढ़ लाख रुपए नकद के अलावा करीब 15 लाख रुपए मृल्य का गहना आदि की चोरी कर ली। दुकानदार को चोरी की जानकारी उस समय हुई जब वह दिन के दस बजे अपनी दुकान खोलने आये। घटना की सूचना पर रोसड़ा पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बदमाश दुकान के पीछे गेहूं के खेत के रास्ते पगडंडी होकर आये थे। घटना को अंजाम देने के बाद उसी रास्ते फरार हो गए। घटना के संबंध में दुकानदार ने मनीष कुमार ने बताया कि वह दिन के दस बजे दुकान खोलते व शाम के पांच बजे बंद कर लेते हैं। शुक्रवार शाम वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह बाजार के कुछ दुकानदारों ने सूचना दी कि आपके दुकान में सेंद मारा हुआ है। जानकारी के बाद वह अपने परिवार के लोगों के साथ दुकान पहुंचे तो देखा कि दुकान के पीछे दीवार में होल बना हुआ है। जिस रास्ते बदमाश घुसे हैं। जब उन्होंने दुकान खोलकर देखा तो करीब 10 किलो चांदी के साथ ही डेढ सौ ग्राम सोना एंव अन्य बना हुआ गहना तथा नकद करीब डेढ लाख रुपए गायब है। शाम में ही एक ग्राहक ने गहना के लिए डेढ़ लाख रुपए का पेमेंट किया था। जिसे शाम होने के कारण दुकान में रख दिया था। नकद के अलावा गहना का मूल्य करीब 15 लाख के आसपास होगा।

बौद्ध महोत्सव 19-21 जनवरी तक, बीएनएमयू के डॉ. सुधांशु शेखर होंगे सामिल

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा । पर्यटन विभाग, बिहार सरकार और जिला प्रशासन, गया, मंदिर प्रबंधन समिति के सहयोग से 19 से 21 जनवरी तक कालचक्र मैदान में वार्षिक बौद्ध महोत्सव- 2024 का आयोजन कर रहा है। मंदिर प्रबंधन समिति के सचिव डॉ. महाश्वेता महारथी ने बताया कि महोत्सव के दौरान 20 जनवरी को (सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक) महाबोधि महाविहार मंदिर, (ध्यान पार्क), बोधगया में ह्यमाइंडफुलनेस : संघर्ष समाधान का तरीकाह्न विषय पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया जाएगा। मगध मगध विश्वविद्यालय, बोधगया की पूर्व कुलपति एवं मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर की पूर्व प्रति कुलपति प्रो. (डॉ.) कुसुम कुमारी को इसका संयोजक बनाया गया है। सेमिनार में भाग लेने के लिए देश के कई प्रतिष्ठित दर्शनशास्त्रियों को आमंत्रित किया गया है। इनमें अखिल भारतीय दर्शन परिषद् के पूर्व महामंत्री प्रो. (डॉ.) अम्बिका दत्त शर्मा, नालंदा महाविहार, नालंदा के प्रो. (डॉ.) सुशीम दुबे और बीएनएमयू, मधेपुरा के डॉ. सुधांशु शेखर के नाम शामिल हैं। मालूम हो कि जिला प्रशासन एवं मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा महोत्सव के आयोजन की सभी तैयारियां की जा रही हैं। इस संदर्भ में जिला पदाधिकारी, गया डॉ. त्यागराजन एस. एम. द्वारा सफल आयोजन हेतु 16 कार्यसमिति/ कोषांग का गठन करते हुए वरीय नोडल पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी तथा सदस्यों को नामित करते हुए बौद्ध महोत्सव के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां करवाने का निर्देश दिए हैं।

अगले एक-दो दिनों में हो सकती है हल्की बारिश, चलेगी पछिया हवा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर समेत उत्तर बिहार के लगभग सभी जिलों के कुछ स्थानों पर 6-7 जनवरी के आसपास हल्की बारिश व बूंदाबांदी की संभावना है। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा पूसा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा 6-10 जनवरी तक के मौसम पूवार्नुमान में बताया गया है कि इस दौरान मौसम शुष्क रहेगा। इस अवधि में अधिकतम तापमान 21 से 23 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना व्यक्त की गई है। न्यूनतम तापमान 10 से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है। सुबह में मध्यम से घने कुहासा की संभावना व्यक्त की गई है। इस दौरान औसतन 2 से 3 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से मुख्यतः पछिया हवा चलने का अनुमान है। वहीं सापेक्ष आर्द्रता सुबह में करीब 80 से 90 प्रतिशत तथा दोपहर में 50 से 60 प्रतिशत रहने की संभावना है।

अंचल कार्यालय पर आमरण अनशन करने के लिए सीईओ को दिया आवेदन

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र के बेलसंडी तारा निवासी रणवीर कुमार ठाकुर ने अंचलाधिकारी पदाधिकारी को 10 जनवरी से अंचल कार्यालय पर आमरण अनशन करने को लेकर एक आवेदन दिया है। जिसमें बताया गया कि वाद संख्या 54/23 सिमाकन एवं माप प्रतिवेदन की प्रतिलिपि का आग्रह 13 दिसम्बर को अंचल कार्यालय से किया था। कार्यालय से बार बार संपर्क करने के बावजूद भी प्रतिलिपि उपलब्ध नही कराया गया। 9 जनवरी तक प्रतिलिपि उपलब्ध नही होने पर 10 जनवरी से अंचल कार्यालय पर आमरण अनशन पर बैठूंगा।

मेरा युवा भारत, विकसित भारत भाषण प्रतियोगिता आज

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। युवा भारत ,विकसित भारत विषय पर जिलास्तरीय भाषण प्रतियोगिता 7जनवरी को समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई है। यह जानकारी डीपीआरओ ने दी है।विकसित भारत का लक्ष्य भारत को आजादी के 100 वें वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना है। इसी श्रृंखला में समाज के सभी वर्गों के युवाओं का भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने और विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को साकार करने के बारे में अपने विचार साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करने उद्देश्य से मेरा युवा भारत विकसित भारत @ 2047 विषय पर नेहरु युवा केन्द्र मुजफरपुर (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। राज्य स्तर पर प्रथम विजेता को रु.1,00,000 रु, द्वितीय स्थान को 50,हजार रु एवं तृतीय व चतुर्थ को रु. रु पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।प्रतियोगिता की भाषा - हिन्दी या अंग्रेजी होगी। इस प्रतियोगिता में 15से 19बर्ष के युवा भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक युवा आज 7जनवरी 11बजे पूर्वाह्न तक अपना पंजीकरण करा सकेंगे। प्रतिभागी को मुजफ्फरपुर जिले का निवासी होना अनिव

संक्षिप्त खबरें

अलाव पर गिरने से दस वर्षीय बालक झुलसा, इलाजरत

सौरबाजार/सहरसा- अलाव तापते समय एक बालक अलाव पर गिर गया। जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। स्वजनों ने आनन-फानन में लॉर्ड बुद्धा कोशी मेडिकल कॉलेज बैजनाथपुर में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों नें स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल सहरसा रेफर कर दिया। जबकि सदर अस्पताल चिकित्सक भी इलाज के दौरान नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज को लेकर पीएम सीएच रेफर कर दिया। जख्मी बालक सहरसा नगर निगम के बैजनाथपुर वार्ड नंबर 22 निवासी नवीन कुमार शर्मा के पुत्र सुंदरम कुमार फर्नीचर दुकान के बाहर जल रहे अलाव ताप रहा था।अचानक जलते अलाव पर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया।

न्यूनतम तापमान में हुई अचानक 4.5 डिग्री की वृद्धि

मुजफ्फरपुर। तापमान में उतार -चढाव जारी है। आज अचानक न्यूनतम तापमान 14.5डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया जो सामान्य से 5.8डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा।कल का न्यूनतम तापमान 10डिग्री सेल्सियस था।कल देर रात आसमान में बदली छाने के बाद हल्की बूंदाबांदी भी हुई। आज भी आसमान में बादल छाए रहने के कारण धूप में तीखापन नहीं रहा।जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र,डॉ० राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा से मिली जानकारी के अनुसार, आज का अधिकतम तापमान 22.8 डिग्री रहा जो सामान्य से 3.2डिग्री ज्यादा है।कल का अधिकतम तापमान 23 बाबू सेल्सियस था।

शराब कांड के आरोपी,भेजा गया न्यायिक हिरासत में

मनीगाछी संवाददाता दरभंगा नेहरा सहायक थाना पुलिस ने मनीगाछी थाना क्षेत्र के कनोखर गाँव निवासी बद्री सहनी के पुत्र अरूण सहनी को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष राज किशोर राय ने बताया कि अरूण सहनी के विरुद्ध मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मनीगाछी थाना में कांड संख्या-125/23 दर्ज है। जिसमें वे फरार चल रहे थे। उन्हें गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

जब तक आरओबी निर्माण नहीं हो जाता, तब तक तरीके से आंदोलन रहेगा जारी : किशोर कुमार

आरोप प्रत्यारोप की राजनीतिक करने वाले करवा दें पुल निर्माण : पूर्व विधायक

प्रात : किरण, संवाददाता

सहरसा। बंगाली बाजार ओवर ब्रिज मामले में नवनिर्माण मंच द्वारा चल रहे हस्ताक्षर अभियान के 15 दिन पूरे होने के बाद पूर्व विधायक किशोर कुमार ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि बंगाली बाजार ओवर ब्रिज सहरसा की प्रमुख समस्या है जो आने वाले दिनों में और भी गंभीर होती जाएगी इसकी गंभीरता को लेते हुए तमाम सहरसा वासियों के साथ हमारी मांग है कि कम से कम नुकसान में नई तकनीक के साथ ओवर ब्रिज का निर्माण हो ताकि भविष्य में इस महाजाम में फंसकर किसी का कोई नुकसान ना हो. किशोर कुमार ने कहा कि पद पर रहकर अपनी अकर्मण्यता को छुपाने के लिए आरोप प्रत्यारोप करना सही नहीं है। ऐसे जनप्रतिनिधियों को ऊंची राजनीति की जगह जनता के बीच जाकर उन्हें विश्वास दिलाना चाहिए और इस पुल के निर्माण को सुनिश्चित करना चाहिए, ना कि अनर्गल प्रलाप कर सहरसा की जनता का अपमान करना चाहिए। किशोर कुमार ने कहा कि मेरा उद्देश्य जहां सिर्फ सहरसा की जनता के लिए बंगाली बाजार रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण करवाना है ताकि भविष्य की समस्याओं के लिए अभी से ही तैयार रहा जाए। मुझे इस मामले में ना राजनीति करनी है और ना ही राजनीतिक लाभ लेना है। यह समस्या सहरसा के नगर वासियों की है जिसका समाधान होना चाहिए क्योंकि आज बिहार में हर जगह आर ओ बी निर्माण बड़े पैमाने पर हुआ है लेकिन कोसी प्रमंडल के मुख्यालय सहरसा नगर में एक भी पुल नहीं बने हैं। यहां के जनप्रतिनिधि सत्ता में बैठकर मलाई जरूर काटते रहे हैं लेकिन कभी किसी ने भी ना इस पुल की और ना ही अपने क्षेत्र की बात को सदन के पटल पर प्रमुखता से रखा है। वैसे प्रतिनिधि भी आकर इस मामले में खोखली बयान बाजी करते हैं जो उन्हें शोभा नहीं देती है। किशोर कुमार ने कहा कि बंगाली बाजार ओवर ब्रिज निर्माण की मांग को लेकर पहले चरण में हस्ताक्षर अभियान के दौरान 35000 से अधिक लोगों ने अपना हस्ताक्षर कर समर्थन दिया या आगे भी जारी रहेगा और ब्रिज निर्माण की मांग पूरी होने तक क्रमबद्ध तरीके से चलता रहेगा। उन्होंने कहा की जरूरत पड़ी तो मानव श्रृंखला के जरिए भी सरकार को इस बात से आगाह कराया जाएगा कि सहरसा शहर की समस्या का जल्द समाधान हो। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में युवाओं के साथ मिलकर हुए पोस्टकार्ड के जरिए भी सरकार को पुल निर्माण के लिए पत्र लिखेंगे। इसके साथ ही बंगाली बाजार ओवर ब्रिज के पास एक ढोल रखकर भी सरकार तक संदेश पहुंचाने का काम किया जाएगा। हम नव निर्माण मंच के साथियों से आगे आने वाले दिनों में इस आंदोलन को तेज करने के अन्य तरीकों पर भी विचार विमर्श करेंगे और तब तक दम लगाते रहेंगे जब तक कि इस पुल का निर्माण ना हो जाए और जनता को समर्पित ना कर दिया जाए।। नव निर्माण मंच के उपस्थित साथीः- दिलीप केडिया, रामचंद्र चौधरी, नरेश जायसवाल, विजय पंजियार, हीरा प्रसाद सिंह, मुकेश कुमार सिंह, डॉ० सुरेंद्र झा, डॉ० प्रनमोहन सिंह, सरिता राय, इंद्रभूषण केशरी, मनोज चौधरी, मुन्ना गुप्ता, दिलीप चौधरी, रोहित आनंद, कुमार विश्वास, त्रिभुन सिंह, मोहन सिंह, दिनेश शर्मा, विकाश जायसवाल, सुनील यादव, वार्ड पार्षद राजेश सिंह, रवि आनंद उर्फ दिलजी, वार्ड प्रतिनिधि ब्रजकिशोर सिंह, डॉ० राजकुमार झा, डॉ० नवनीत सिंह, प्रभात सिंह, दिवाकर सिंह, प्रतिकेश सिंह, पूर्व मुखिया संजय गुप्ता, सिद्धार्थ सिधु, पंचम सिंह, रतन सिंह, पवन सिंह, बुल्लू झा, संजय कु० लल्लू, सुनील ठाकुर, प्रशांत सिंह, सोनू सिंह, संजय गुप्ता, संतोष गुप्ता, करनजीत सिंह, कन्हैया सिंह, सोनू सिंह, निखिल सिंह, माणिक सिंह आदि।

चल रहे विकास योजनाओं का जायजा लेने पहुंचे मुख्य पार्षद प्रतिनिधि

प्रात : किरण, संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा) नगर पंचायत के विभिन्न वार्ड में चल रहे विकास योजनाओं का मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सर्वेश्वर प्रसाद सिंह ने घूम घूम कर जायजा लिया। वही इस दौरान मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सर्वेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि बिजोलिया मुक्त आलमनगर नगर पंचायत निर्माण के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं। नगर पंचायत अंतर्गत चलने वाली सभी विकास योजनाएं 0% टॉलरेंस की नीति पर कार्य हो रहा है। वही इस दौरान उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम से पहले नगर पंचायत के मुख्य नाला समेत शाखा नालाओं का निर्माण हो जाएगा। उन्होंने बताया कि बिचौलियों का पॉकेट मनी बंद होने से खलबली मची हुई है। उन्होंने बताया कि हमारा लक्ष्य है की सुंदर आलमनगर का निर्माण हो। वही इस दौरान मौजूद वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी ने बताया कि यहां के लोग विकास कार्य को देख काफी हर्ष महसूस कर रहे हैं। मौके पर महेश मोहन झा उर्फ अमर झा, कुतो यादव, रामविलास चौधरी, सच्चिदानंद महाराज, कारे लाल चौधरी, राघव चौधरी, आशीष सिंह, यथार्थ सिंह, बम बम चौधरी, सुनिल कुमार झा आदि कई लोग मौजूद थे।

12 जनवरी को छात्रों के विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली सांसद घेराव में शामिल का किया आह्वान : एसएफआई

प्रात : किरण, संवाददाता

सहरसा। भारत का छात्र फैडरेशन एसएफआई सहरसा की विस्तारित बैठक एसएफआई जिला कार्यालय शारदा नगर बटरहा में जिला संयोजक मो. जमशेद की अध्यक्षता में हुई संचालन सह संयोजक रेहान खान उर्फ रिंकू ने किया एसएफआई के राज्य नेता सह सहरसा जिला प्रभारी देवदत वर्मा एवं राज्य संयुक्त सचिव छोटू भारद्वाज ने संयुक्त रूप से कहा भाजपा सरकार शिक्षा को निजीकरण कर देश के छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं अंग्रेजों ने कभी कपड़ा और कलम पर टैक्स नहीं लगाया लेकिन जब से भाजपा सरकार केन्द्र की सत्ता में आई तो तब से कलम से लेकर मुर्दा के कफन तक पर जीएसटी लगाकर लोगों को तंग और तबाह कर दिया है वहीं सरकारी स्कूलों कालेजों को बंद कर अपने चहेते पूंजीपतियों के हाथों में खोड़ी के भाव में सौंपने चाहती हैं सरकारी संस्थाओं में बहाली के बजाय लगें लोगों का छंटनी जारी है जिसके खिलाफ 12 जनवरी 2024 को एसएफआई दिल्ली सांसद घेराव करेंगे सहरसा से दर्जनों छात्र छात्राओं को दिल्ली सांसद घेराव में शामिल होने का आवाहन किया। वहीं एसएफआई के पूर्व छात्र नेता एवं डीवाईएफआई के जिला सचिव कुलानन्द यादव ने कहा हमारे देश में 60 प्रतिशत नौजवान हैं बेरोजगारी के चलते दुसरे प्रदेशों में नौजवानों का पलायन जारी है बैजनाथपुर पेपर मिल चालू नहीं हो सका कोशी के दर्जनों नेता विधायक सांसद एमएलसी बना की हम जब जितेंगे तो बैजनाथपुर पेपर मिल चालू करवाएंगे सहरसा शहर को जाम से मुक्ति के लिए ओभर ब्रिज बनाएंगे लेकिन आजादी के 76 साल बीत जाने के बाद भी लोगों को ठकते रहे भाजपा सरकार मंहगाई बेरोजगारी से ध्यान भटकाने के लिए मंदिर मस्जिद का खेल खेल रहे हैं दुर्भाग्य है कि जीतने के बाद शपथ लेते हैं जाती धर्म मझव से उपर उठकर काम करेंगे जीतते ही धर्म के आर में राजनीति रोटी सेंकने में लगे रहते हैं इन लोगों को सबक सिखाने की जरूरत है। भाजपा हराओं शिक्षा बचाओं के साथ बैठक संपन्न हुई उपस्थित मो. जमशेद,जुली कुमारी,नीरू कुमारी, रिंकू खान, शाहिद इकबाल,मो. अरबान,मो. शाहबुद्दीन, नीतीश कुमार राहुल कुमार, रणविजय कुमार,अमर कुमार,मो.समीम,मो. ईशा,मो. इमरान, राहुल कुमार यादव आदि मौजूद थें।

दांत शरीर का महत्वपूर्ण अंग और इसके प्रति लापरवाही घातक साबित हो सकती है: - राकेश

प्रात : किरण, संवाददाता

दरभंगा दांत शरीर का महत्वपूर्ण अंग है और इसके प्रति लापरवाही घातक साबित हो सकता है। जिस तरह भोजन से पहले हाथों की सफाई करते हैं उसी तरह से खाने के बाद दांतों की सफाई भी जरूरी है। उक्त बातें डॉ. प्रभात दास फाउण्डेशन की ओर से मनीगाछी प्रखंड के नेहरा स्थित दरगाह सोनार टोली में लगाए गए निःशुल्क दंत चिकित्सा सह परामर्श शिविर में डॉ. राकेश कुमार ने कही। उन्होंने बताया कि दांतों के साथ मसूड़ों की भी सही से देखभाल करने चाहिए। दांत कितना भी स्वस्थ हो लेकिन अगर मसूड़े रोग ग्रसित होंगे तो दांत कभी भी खराब हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि डॉ प्रभात दास फाउण्डेशन के द्वारा प्रत्येक शनिवार को दंत चिकित्सा शिविर आयोजित की जाएगा। कार्यक्रम का संचालन अनील सिंह ने किया।

राम भरोसे सहरसा की ये सरकारी कार्यालय, समय पर नहीं पहुंचते है कर्मी

प्रात : किरण, संवाददाता

सौर बाजार/सहरसा। बिहार में सरकारी कार्यालयों की स्थिति काफी चरमराई हुई दिखाई दे रही है। समय पर कार्यालय तो खुल जाता है। चपरासी साहब भी समय पर पहुंच जाते है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है, की जिसके कंधो पर कार्यालय चलाने के जिम्मेदारी होती है, वही कार्यालय से गायब दिखाई देते है। सहरसा से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है जिस तस्वीर को देखने के बाद सवाल खड़े होने तो लाजमी है।चलिए हम आपको पूरा मामला समझाते है आखिर पूरा मामला क्या है। सहरसा जिले के सौबाजार प्रखंड के सीओ कार्यालय से तस्वीर निकल कर सामने आई है जहा 11:30 बजने के बावजूद भी न तो सीओ साहिबा अपने दफ्तर पहुंची थी और ना ही कार्यालय के एक भी कर्मी मौजूद दिखाई दिए इस तस्वीर के बाद एक बात तो साफ जाहिर होता है इन्हे न तो अधिकारियों का खौफ है और न ही अपने जिम्मेदारियों को समझ रहे है। फरियादी अपने समस्याओं को लेकर अंचल कार्यालय पहुंचे थे लेकिन अंचल कार्यालय में एक भी कर्मी के मौजूदगी नहीं रहने के बाद बिना काम कराए फरियादी वापस लौट गए इस बाबत जब हमने इस पूरे मामले को लेकर अंचलाधिकारी अनुपम कुमारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मेडिकल के काम से सहरसा जाने की बात सीओ के द्वारा कहा गया। वही जब कार्यालय के अन्य कर्मी के अनुपस्थी के बारे के बात की गई तो उन्होंने बताई की अगल बगल में ही कही होगा। इस तस्वीर के बाद सवाल उठना तो लाजमी है जिनके भरोसे कार्यालय की जिम्मेदारी होती है अगर वही कर्मी समय पर कार्यालय न पहुंचे और अपने कार्य में लापरवाही बरते और जिम्मेदारी से भागे ऐसे कर्मी पर कार्यवाही तो बनती है।

कमलेश्वरी की जयंती नहीं मनाने को लेकर छात्र संघ में आक्रोश

केपी महाविद्यालय का गेट बंदकर किया प्रदर्शन

प्रात : किरण, संवाददाता

मुरलीगंज (मधेपुरा) केपी कॉलेज के संस्थापक सह संविधान सभा के सदस्य रहे स्वर्गीय कमलेश्वरी प्रसाद यादव की जयंती ठीक तरीके से नहीं मानने को लेकर शनिवार को कॉलेज परिसर में विभिन्न राजनीतिक छात्र संगठनों द्वारा प्रदर्शन किया गया। छात्र राजद और जाप के छात्र नेताओं ने कॉलेज के मुख्य गेट को बंद कर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान प्राचार्य के मुदार्बाद का नारा भी लगाया गया। इस दौरान जाप नेता अमित यादव ने कहा कि ऐसे महान हस्ती का जयंती समारोह महाविद्यालय परिवार द्वारा साधारण तरीके से मना लिया जाना बिल्कुल गलत है। यह हम सबों के आदर्श कमलेश्वरी प्रसाद यादव का अपमान करना हुआ हम लोग ऐसे व्यक्ति का अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। वहीं छात्र नेताओं ने कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य महेंद्र मंडल को पत्र सौंप कर पांच दिनों का अल्टीमेटम दिया गया है कि क्यों इस तरीके का कार्य किया गया। अगर संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है तो हमलोग उग्र आंदोलन को लेकर बाध्य होंगे। मालूम हो कि 4 जनवरी को केपी कॉलेज के संस्थापक स्वर्गीय कमलेश्वरी प्रसाद यादव की 122वी जयंती थी। जिसे महाविद्यालय परिवार द्वारा साधारण तरीके से मनाया गया था। जबकि हर वर्ष समारोह आयोजित कर जयंती मनाया जाता था। जिसमें कमलेश्वरी बाबू के स्वजन, विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, एवं अन्य गणमान्य लोग सहित छात्र आमंत्रित किये जाते थे। मौके पर सुभाष कुमार, कुंदन कुमार, प्रणव सक्सेना, अभिनाश कुमार, प्रेमजीत कुमार, पिट्टू कुमार, पवन कुमार, जीवन यादव, प्रशांत यादव, बिट्टू कुमार, अमित साह, मिस्टर यादव, हिमांशु कुमार, आकाशदीप, नीतीश, राजेश, दिलखुश, उजाला कुमारी, प्रतिमा कुमारी, अंकेश अमन सहित दर्जनों छात्र मौजूद है।

एआईएसएफ चलाएगा सदस्यता अभियान

प्रात : किरण, संवाददाता

मुजफ्फरपुर। ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन बीआरए बिहार विश्वविद्यालय कमेटी की बैठक विश्वविद्यालय कैंपस के अंबेडकर पार्क में आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता मुजफ्फरपुर जिला अध्यक्ष महिपाल ओझा ने किया। बैठक में जनवरी महीने में सदस्यता अभियान चलाकर 30 जनवरी को विश्वविद्यालय के समस्याओं को लेकर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। 10 अप्रैल तक कॉलेज यूनिट का सम्मेलन कर 22 अप्रैल को लेनिन जयंती के अवसर पर मुजफ्फरपुर में विश्वविद्यालय सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया।वहीं 21 सदस्यीय विश्वविद्यालय संयोजन समिति का गठन किया गया जिसका संयोजक लॉ कॉलेज के छात्र नेता प्रकाश प्रियदर्शी को बनाया गया। विश्वविद्यालय इतिहास विभाग के छात्र अभिषेक कुशवाहा व एम. एस. कॉलेज के छात्र नेता विकास कुमार को सह संयोजक बनाया गया। अभिषेक कुशवाहा ने कहा कि कार्ल मार्क्स पूरे दुनिया के पहले ऐसे व्यक्ति है जिनके विचारो में सार्वभौमिकता है और मार्क्स के सिद्धांत को सामाजिक विज्ञान के सारे विषयो में पढ़ाया जाता है।ऐसे महान शख्सियत के नाम पर विश्विद्यालय में एक चेयर की स्थापना करना सिर्फ कार्ल मार्क्स को ही सम्मान देना नही होगा, बल्कि विश्विद्यालय की ख्याति भी बढ़ेगी। बैठक में जिला सचिव कंचन विद्रोही, कुमार गौरव, धनंजय सिंह राजपूत, शुभम कुमार, अविनाश कुमार, मंटू मौर्य आदि मौजूद रहे ।

प्राध्यापक डॉ. कामेश्वर कुमार के सेवानिवृत्त होने पर किया सम्मानित

प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा । स्नातकोत्तर रसायन विज्ञान विभाग, भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा में कार्यरत प्राध्यापक डॉ. कामेश्वर कुमार बीते 31 दिसम्बर को अवकाश प्राप्त हुए। वे अपने 42 वर्षो के कार्यकाल में कई पदों का सकुशल संचालन किया। उनके द्वारा किए गए विभाग के चहुंमुखी विकास को स्वर्णिम काल में याद किया जाएगा। उन्होंने परीक्षा भवन उत्तरी परिसर में केंन्द्राधीक्षक एवं निदेशक का कार्य को सरलता पूर्वक अंजाम दिये। सदा सादगी भरा जीवन जीते रहे हैं। उनके अवकाश प्राप्त होने पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बीएनएमयू मधेपुरा के स्नातकोत्तर विज्ञान संकाय के कौंसिल मेंबर सह आतंरिक परिवाद समिति सदस्य एवं कार्य समिति सदस्य यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया मधेपुरा यूनिट के डॉ. बिट्टू कुमार, शोधार्थी गौरव प्रकाश, बिट्टू कुमार मिश्रा, रामनरेश भारती, आशीष यदुवंशी, अजय कुमार आदि मौजूद थे।

अपने महाविद्यालय एवं विषय से करें प्रेम : डॉ. सुधांशु शेखर

प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा । किसी भी क्षेत्र में प्रगति के लिए उसके प्रति लगाव होना जरूरी है। अतः सभी विद्यार्थी अपने महाविद्यालय एवं विषय से प्रेम करें। यह बात दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने कही। वे शनिवार को स्नातकोत्तर गणित विभाग, ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय द्वारा आयोजित दीक्षारंभ (सत्रारंभ) समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ पढ़ाई करनी चाहिए और ज्ञान प्राप्ति के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए। हमें यह हमेशा याद रखना चाहिए कि सफलता में निरंतर प्रयास एवं अभ्यास की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय का गौरवपूर्ण इतिहास है और महाविद्यालय के गणित विभाग ने भी की उपलब्धियां प्राप्त की हैं। यहां नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन होता है और प्रत्येक बैच के छात्रों के लिए दीक्षारंभ आदि जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

मिलता है संस्थान को जानने-समझने का अवसर

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गणित विभागाध्यक्ष ले. गुड्डु कुमार ने कहा कि दीक्षारंभ कार्यक्रम मुख्य रूप से विभागों में आए नए छात्रों की मदद के लिए तैयार किया गया है। नए छात्र विभाग के शैक्षणिक माहौल में आराम से ढाल सकें और उन्हें शिक्षण से संबंधित किसी भी परेशानी का सामना न उठाना पड़े। उन्होंने कहा कि दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को अपने संस्थान एवं शिक्षकों को जानने-समझने का अवसर मिलता है और उन्हें पाठ्यक्रम एवं वर्ग-तालिका के संबंध में महत्वपूर्ण सूचनाएं मिलती हैं। इससे पठन-पाठन एवं परीक्षा की तैयारी में भी मदद मिलती है। इस अवसर पर शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान, बुलबुल कुमारी, आनद कुमार, निधि कुमारी, प्रीति कुमारी, रोशन कुमार, बाबुल कुमार, स्वीटी कुमारी, ऋचा कुमारी, प्रशांत कुमार गणेश कुमार, मधु कुमारी, दिलखुश कुमार, साक्षी कुमारी, नीतीश कुमार, पूजा कुमारी, अभिमन्यु कुमार, प्रिंस कुमार, नूतन कुमारी, पिंटू कुमार, मनखुश कुमार, संजीत कुमार, रंजीत कुमार, पिंटू कुमार, सिमरन कुमारी, प्रियांश कुमार, बाबू साहेब कुमार, अंगद कुमार, ब्रजराधा, अनुराधा कुमारी आदि उपस्थित थे।

सिंहवाड़ा की प्रमुख पुनः पुष्पा झा बनी,अविश्वास प्रस्ताव खारिज

प्रात : किरण, संवाददाता

सिंहवाड़ा संवाददाता दरभंगा शनिवार को प्रखंड मुख्यालय के ट्रायसम भवन में प्रखंड प्रमुख पुष्पा झा के खिलाफ लगाए गए अविश्वास प्रस्ताव कोरम के अभाव में खारिज हो जाने के बाद प्रमुख पद पर पुनः पुष्पा झा काबिज हो गई. पंचायत समिति सदस्य विधापति झा ने विशेष बैठक की अध्यक्षता को लेकर टेकटार के पंचायत समिति सदस्य शंकर नाथ झा के नाम का प्रस्ताव रखा बैठक में उपस्थित दस सदस्यीय पंचायत समिति सदस्यों में पुष्पा झा पूर्व प्रमुख मंजू देवी, हसरत प्रवीण, मनोज यादव,इन्द्रजीत भगत,बटोही झा,विधा पति झा,अरसीद अहमद,उषा देवी ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष का समर्थन कर कहा कि प्रमुख पुष्पा झा पर अविश्वास प्रस्ताव को लेकर लगाया गया सभी आरोप प्रत्यारोप निराधार है. कार्यवाही का संचालन प्रखंड पंचायतीराज पदाधिकारी मधुकांत प्रसाद ने की. उन्होंने कहा सदन में 35 पंचायत समिति सदस्यों की जगह 10 सदस्य की उपस्थिति सुनिश्चित होना पंचायतीराज अधिनियम के तहत कोरम का अभाव प्रतीत है. अतः प्रमुख पर लगा अविश्वास प्रस्ताव को सदस्यों की सहमति से खारिज किया जाता है.कोरम में अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने की घोषणा के बाद प्रमुख पुष्पा झा ने कहा बाबा बटेश्वर नाथ के आशिर्वाद से पंचायत समिति सदस्य ने जो विश्वास जताया है. उसे लगातार कायम कर विकास के साथ न्याय की नींव को मजबूत करूंगा. इस दौरान समर्थकों ने फूल माला व रंग गुलाल से स्वागत कर जय जयकार किया. मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष पप्पू चौधरी, जदयू जिला महासचिव अनिल कुमार मिश्र,सचिव अमजद अब्बास, गणेश चौबे,कांग्रेस नेता मेराज अली,अंजनी ठाकुर; स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष शंभू ठाकुर,मो.नदीम ने बधाई दी।

अज्ञात अपराधियों ने आलू संचालक के पिकअप में लगाई आग

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी खजौली बाजार स्थित भूषण साह के आलू गद्दी पर लगी पिकअप में शुक्रवार की रात अज्ञात अपराधियों ने पेट्रोल छिड़कर आल गया दिया. घटना शुक्रवार की रात की है. भरत भूषण साह के आलू गद्दी पर उसके भाई अभिषेक साह का पिकअप लगा हुआ था. अज्ञात लोगों ने आग लगा दिया। जिसमें पिकअप धू-धूकर जल गया. गाड़ी मालिक अभिषेक साह ने इस संबंध में खजौली थाना में आवेदन दिया है. दिये गये आवेदन के अनुसार अभिषेक साह का पिकअप अपने भाई के आलू गद्दी पर लगा हुआ था. शुक्रवार की रात किसी अज्ञात अपराधियों ने पेट्रोल छिड़कर आग लगा दिया. जिसका सीसीटीवी फूटेज भी है. सूचना पर जबतक गाड़ी मालिक एवं आलू गद्दी संचालक पहुंचते तबतक गाड़ी जल गया था. संचालक भरत भूषण साह ने कहा कि किसी ने दुश्मनी से ऐसी घटना का अंजाम दिया है. थानाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने बताया कि घटना से संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ है. मामले की जानकारी ली जा रही है।

विभिन्न थाना क्षेत्र से अवैध शराब के साथ एवं शराबी को किया गिरफतार

प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा । बिहारीगंज थाना क्षेत्र के हथिऔधा में छापामारी कर एक ई-रिक्सा निबंधन संख्या इफ11एफ3099 से 10 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद कर बंटी कुमार, अनिल ऋषिदेव, चमरू कामती एवं संजय विश्वास को गिरफ्तार किया। वही कुमारखण्ड थाना क्षेत्र के अंदीपट्टी वार्ड 10 में छापामारी कर 8 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद कर रमेश यादव को गिरफ्तार किया। वहीं मुरलीगंज थाना क्षेत्र के विश्वकर्मा चौक के पास छापामारी कर 1लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद कर अजय कुमार को गिरफ्तार किया। जोरगामा वार्ड 1 में छापामारी कर 10 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद कर विपीन कुमार को गिरफ्तार कर अभियोग दर्ज किया गया। साथ ही मधेपुरा जिला अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर ब्रेथ एनेलाइजर मशीन से श्वास विश्लेषण करने पर कुल 25 व्यक्ति को शराब पीने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया ।

बीसीए फर्स्ट, थर्ड एवं फिफ्थ सेमेस्टर परीक्षा 13 से 22 जनवरी तक

प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा । भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने बीसीए फर्स्ट सेमेस्टर दिसम्बर 2023, बीसीए थर्ड सेमेस्टर दिसम्बर 2023 एवं बीसीए फिफ्थ सेमेस्टर दिसम्बर 2023 के परीक्षा तिथि, परीक्षा कार्यक्रम व परीक्षा केंद्र की सूची जारी कर दी है। इस बाबत कुलपति डॉ. राजनाथ यादव के आदेश से परीक्षा नियंत्रक प्रो. शशिभूषण ने बताया कि बीसीए फर्स्ट, थर्ड, व फिफ्थ सेमेस्टर की सैद्धांतिक परीक्षा 13 जनवरी 2024 से शुरू होगी एवं 22 जनवरी 2024 को सम्पन्न होगी। परीक्षा केंद्र पीएस कॉलेज मधेपुरा को बनाया गया है। परीक्षा दो सिटिंग में होगी। पहली सिटिंग 9.30 बजे से 12.30 बजे तक एवं दूसरी सिटिंग 1.30 बजे से 4.30 बजे तक होगी।

सम्पादकीय

एमएसपी गारंटी दे सरकार

एक बार फिर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और सरकार की खरीद नीति का विश्लेषण जरूरी हो गया है, क्योंकि इन दोनों से, एक हद तक, कुछ खास फसलों को ही फायदा है। ये नीतियां बाजार में विकृतियां पैदा कर रही हैं। तेल के बीज और दालों के किसानों को दो स्तरों पर नीतिगत भेदभाव झेलना पड़ रहा है। उनके एमएसपी कागजों पर ही लिखे हैं, जबकि धान, गेहूं और गन्ने के साथ ऐसा नहीं है। इन फसलों को या तो सरकार प्रत्यक्ष तौर पर खरीदती है अथवा गन्ने के लिए चीनी मिलों को भुगतान करने को बाध्य करती है। राजस्थान में सरसों करीब 5000 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बेचा जा रहा है और महाराष्ट्र में चने के दाम 4700 रुपए प्रति क्विंटल हैं। नीतिगत भेदभाव यह है कि सरसों का एमएसपी 5650 रुपए और चने का 5440 रुपए प्रति क्विंटल है। किसानों के लिए गारंटीशुदा एमएसपी और फसलों के घोषित मूल्य पर उनकी खरीद के दोनों मुद्दे अनंत और प्राचीन लगते हैं, क्योंकि बीते 50 साल में किसी भी सरकार ने इनके नीतिगत समाधान की सार्थक कोशिश नहीं की है। मौजूदा सरकार से अंतिम अपेक्षा इसलिए है, क्योंकि लोकसभा चुनाव मात्र तीन माह दूर ही हैं। किसान आंदोलन जब खत्म हुआ था, तब सरकार ने एक विशेष समिति का गठन किया था। उसमें कुछ कथित किसानों को भी रखा गया था। एमएसपी के मुद्दे पर उसने क्या विमर्श किया और किस बिंदु तक पहुंची है, इसका कोई भी खुलासा देश के सामने नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिन चार महत्वपूर्ण जातीय वर्गों की घोषणा की थी, किसान उनमें एक हैं। भारत सरकार के विज्ञापन आजकल खूब प्रसारित कराए जा रहे हैं कि कितने करोड़ किसानों को सम्मान राशि के तौर पर कितने लाख करोड़ रुपए आवंटित किए जा चुके हैं। जिन फसलों का आज हम उल्लेख कर रहे हैं, वे खेतों में हैं और दो माह की अवधि में ही उन्हें बाजार में बेचना अनिवार्य है। दूसरा बिंदु आयात का है। गेहूं, मिलों के चावल और चीनी की आयात-दरें बहुत ज्यादा हैं। सोयाबीन और सूरजमुखी सरीखे खाद्य-तेलों की आयात-दर शून्य है। ऐसा ही अधिकतर दालों के संदर्भ में है। गेहूं और धान के उत्पादन में भारत विश्व के अग्रणी देशों में है। चीनी उत्पादन में भी हम विश्व में दूसरे स्थान पर हैं। यदि सरकार फसलों के एमएसपी को कानूनन सुनिश्चित करा दे और एमएसपी पर खरीद के दायरे में अधिक किसान और 23 से अधिक फसलें लाई जाएं, तो किसानों की आमदनी का मुद्दा बहुत हद तक हल किया जा सकता है। किसान इतना कर्जदार भी नहीं रहेगा। अब भी किसान पर औसतन कर्ज करीब 75, 000 रुपए का है, जबकि केंद्र और राज्य सरकारें कर्ज माफी के दावे करती रही हैं। बहरहाल कृषि का इतना परिदृश्य जरूर बदला है कि दालों का आयात काफी कम हुआ है, लेकिन खाद्य-तेलों का आयात बढ़ाना पड़ा है। चूंकि मोदी सरकार ने फसल उत्पादक समर्थक से उपभोक्ता समर्थक की नीति बदली है, नतीजतन आयात फिर बढ़ता दिख रहा है।

नीतीश का शह-मात का खेल

अजीत द्विवेदी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोकसभा चुनाव से पहले अपना बड़ा दांव चल दिया है। पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह की जगह जब नीतीश कुमार ने खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने का फैसला किया तो मीडिया में जो विमर्श बना वह एकतरफा था। हर जगह यह माना और कहा गया कि अब नीतीश कुमार ने फिर से भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में लौटने का फैसला कर लिया है और इसलिए राजद समर्थक दिख रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष को हटा दिया है। इस विश्लेषण में कुछ भी गलत नहीं है। लेकिन इस पूरे प्रयोग को दूसरे पहलुओं से भी देखने की जरुरत है। दूसरे पहलुओं में बिहार की जमीनी राजनीति में नीतीश की पार्टी की हैसियत, उनके वोट आधार और सामाजिक समीकरण पर खास तौर से ध्यान देने की जरुरत है। ध्यान रहे नीतीश की पार्टी पिछले 20 साल में सबसे कमजोर स्थिति में है। लगातार दो विधानसभा चुनावों में उनकी पार्टी की सीटें कम हुई हैं और कुछ घटनाएं ऐसी हुई हैं, जिनसे उनकी मानसिक सेहत को लेकर सवाल उठे हैं। तभी उन्होंने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में एक दांव से नया विमर्श गढे और अपने समर्थक मतदाताओं को सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया हैइसमें कोई संदेह नहीं है कि विधायकों की संख्या के लिहाज से जनता दल यू तीसरे नंबर की पार्टी है। लेकिन वह इसलिए है क्योंकि पिछले विधानसभा चुनाव में साथ होने के बावजूद भाजपा ने जनता दल यू को कमजोर करने की परोक्ष राजनीति की थी। भाजपा की शह पर चिराग पासवान ने नीतीश को खत्म करने का बीड़ा उठाया था और उनके हिस्से की हर सीट पर अपना उम्मीदवार उतारा था। भाजपा की ओर से बार बार कहा जाता है कि चिराग ने यह काम अपनी मर्जी से किया था। लेकिन हकीकत सबको पता है। भाजपा के कई दिग्गज नेता 2020 में चिराग की पार्टी की टिकट पर लड़े थे और बाद में भाजपा में लौट गए थे। सोचें, 2019 में भाजपा, जदयू और लोजपा का परफेक्ट गठबंधन था। तीनों ने मिल कर 40 में से 39 लोकसभा सीटें जीती थीं तो 2020 में ऐसा क्या हो गया कि चिराग अलग लडे चले गए और नीतीश को खत्म करने का संकल्प कर लिया? वह भी तब जब उनके पिता रामविलास पासवान जीवित थे !बहरहाल, भाजपा के इस दांव के बावजूद संयोग ऐसा हुआ कि नीतीश खत्म नहीं हुए। उनकी पार्टी को 43 सीटें मिल गईं और विधानसभा की संरचना ऐसी बनी कि उनके बगैर किसी की सरकार नहीं बन सकती थी। चूंकि भाजपा उनके चेहरे पर चुनाव लड़ी थी इसलिए मजबूरी हो गई कि उनको सीएम बनाया जाए। लेकिन नीतीश ने गांठ बांधी ली थी भाजपा से बदला निकालने की। तभी भाजपा के साथ करीब दो साल सरकार चलाने के बाद वे मंडल की राजनीति को जिंदा करने के लिए राजद के साथ चले गए। उसके बाद से भाजपा ने उनको राजनीतिक रूप से कमजोर करने का दूसरा अभियान शुरू किया। इसके तहत उनके आधार वोट को तोडे का प्रयास हो रहा है। इससे पहले तक भाजपा लालू प्रसाद के आधार वोट में सेंध लगाने का प्रयास कर रही थी। लेकिन दूसरे चरण में उसने नीतीश को निशाना बनाया। इसके लिए कोईरी जाति के मजबूत नेता सम्राट चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। ध्यान रहे नीतीश की राजनीति का कोर वोट आधार कोईरी-कुर्मी-धानुक का है। इसमें उन्होंने बड़ी होशियारी से अत्यंत पिछड़ी जातियों और महादलित को जोड़ा है और सामान्य वर्ग के सहयोग से एक मजबूत आधार तैयार किया है। सम्राट चौधरी को अध्यक्ष बनाने के बाद भाजपा ने उनकी जगह हरि सहनी को विधान परिषद में अपना नेता बनाया, जो अत्यंत पिछड़ी जाति से आते हैं और सामान्य वर्ग के विजय सिन्हा को विधानसभा में नेता विपक्ष बनाया। इस तरह भाजपा ने नीतीश के लव-कुश और अत्यंत पिछड़ा व सवर्ण के समीकरण की तरह अपना जातीय समीकरण तैयार किया।तभी नीतीश कुमार के लिए यह जरूरी हो गया था कि वे अपने वोट आधार को टूटने से बचाने के लिए कोई पहल करें। ललन सिंह के अध्यक्ष रहते यह संभव नहीं था क्योंकि उनकी वजह से जदयू के पूरी तरह से राजद समर्थक और भाजपा-मोदी विरोधी पार्टी बन जाने की छवि बन रही थी। सो, ललन सिंह की जगह अध्यक्ष बन कर नीतीश ने एक तीर से कई शिकार किए हैं। उन्होंने पार्टी के राजद समर्थक होने की धारणा तोड़ी है। ध्यान रहे बिहार में राजद समर्थक होने का एक फायदा है कि मुस्लिम-यादव का 32 फीसदी वोट मिल जाता है लेकिन नुकसान बहुत ज्यादा है। बाकी 68 फीसदी वोट में नाराजगी का खतरा पैदा होता है। आज भी राजद को लेकर बिहार का बड़ा तबका आशंकित रहता है, जिसमें अत्यंत पिछड़ी जातियां हैं, दलित हैं और सवर्ण हैं। दूसरी मझोली जातियां जैसे कोईरी-कुर्मी आशंकित नहीं रहते हैं लेकिन वे भी राजद विरोधी हैं क्योंकि ये जातियां अब सत्ता पर अपना अधिकार चाहती हैं। इसलिए नीतीश ने अध्यक्ष बन कर पहला काम तो यह किया कि राजद विरोधी वोट में मैसेज बनवाया कि वे राजद के आगे समर्पण नहीं कर चुके हैं और उनका अपना नेतृत्व कायम है। ध्यान रहे बिहार में कमजोर और वंचित जातीय समूहों, सवर्णों और महिलाओं में नीतीश के प्रति बहुत लगाव रहा है और तमाम प्रचार के बावजूद वह खत्म नहीं हुआ है। नीतीश ने उसे फिर से जिंदा करने का प्रयास किया है।इसी दांव से उन्होंने जदयू के भाजपा विरोधी होने की छवि को तोडे का प्रयास भी किया है। गौरतलब है कि ललन सिंह की वजह से जदयू के बारे में यह धारणा बनी थी कि वह भाजपा और नरेंद्र मोदी की घनघोर विरोधी पार्टी हो गई है। संसद में दिया गया ललन सिंह का भाषण हो या बाहर के भी बयान हों। जैसे जैसे वे राजद के नजदीक पार्टी को ले जा रहे थे वैसे वैसे भाजपा से कटुता बढ़ रही थी। नीतीश को पता है कि बिहार में एक बड़ा वर्ग ऐसा है, जो केंद्र में नरेंद्र मोदी का समर्थन करता है लेकिन बिहार में नीतीश को देखना चाहता है। ललन सिंह की राजनीति से ऐसे वर्ग में नीतीश विरोधी धारणा बन रही थी। उनको हटा कर नीतीश ने इस तबके को संतुष्ट किया है। अभी यह नहीं कहा जा सकता है कि नीतीश किसके साथ लोकसभा चुनाव लड़ेंगे लेकिन अगर वे राजद और कांग्रेस के साथ ही लड़ते हैं तब भी चुनाव में यह मैसेज बना रहेगा कि वे चुनाव के बाद भाजपा के साथ जा सकते हैं।

पीएम पद और सीट शेयरिंग बड़ी बाधा

कोई भी दल यह नहीं चाहता कि उसके प्रभाव वाले राज्य में कांग्रेस या अन्य दलों से सीटों की शेयरिंग की जाए। यही कारण है कि विपक्षी एकता पर अभी तक सवालिया निशान लगे हुए हैं। इंडिया गठबंधन की बैठक में शिवसेना ने 23 सीटों पर अपना दावा किया। उद्धव गुट ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में उनके उम्मीदवारों ने काफी सीटें जीती थी, लेकिन अभी ज्यादातर उम्मीदवार एकनाथ शिंदे कैंप में जा चुके हैं। कांग्रेस ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र में 23 सीटों की सहयोगी शिवसेना (यूबीटी) की मांग को खारिज कर दिया। महाराष्ट्र के कांग्रेस नेताओं का कहना था कि शरद पवार की एनसीपी और उद्धव ठाकरे की शिवसेना में बगावत होने के बाद कांग्रेस ही राज्य में सबसे पुरानी पार्टी बची है। पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण ने कहा कि पार्टियों के बीच समायोजन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हालांकि हर पार्टी सीटों की बड़ी हिस्सेदारी चाहती है, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए शिवसेना की 23 सीटों की मांग काफी ज्यादा है। कांग्रेस नेता संजय निरूपम ने उद्धव ठाकरे की यूबीटी की 23 संसदीय सीटों की मांग पर तंज कसते हुए कहा कि शिवसेना 23 सीटों की मांग कर सकती है, लेकिन वे उनका क्या करेंगे? शिवसेना के नेता चले गए हैं, जिससे संकट पैदा हो गया है। उम्मीदवारों की कमी शिवसेना के लिए एक समस्या है। वर्ष 2019 में अविभाजित शिवसेना बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन का हिस्सा थी। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी अब एमवीए का हिस्सा है, जिसमें कांग्रेस और एनसीपी शामिल हैं। जून 2022 में एकनाथ शिंदे और 40 अन्य विधायकों ने शिवसेना नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह कर दिया, जिससे पार्टी में विभाजन हो गया और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार गिर गई।

योगेंद्र योगी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं

विपक्षी दल इंडिया एलायंस की चार बैठकों के बावजूद सीटों के तालमेल और प्रधानमंत्री पद की दावेदारी का मुद्दा उलझने से लोकसभा चुनाव में भाजपा से मजबूती से संयुक्त रूप से मुकाबला करने पर संशय बना हुआ है। गठबंधन के दल अपनी सुविधा के हिसाब से चुनावी गणित लगा रहे हैं। क्षेत्रीय दल राज्यों के हिसाब से सीटों की दावेदारी जता रहे हैं। कोई भी दल यह नहीं चाहता कि उसके प्रभाव वाले राज्य में कांग्रेस या अन्य दलों से सीटों की शेयरिंग की जाए। यही कारण है कि विपक्षी एकता पर अभी तक सवालिया निशान लगे हुए हैं। इंडिया गठबंधन की बैठक में शिवसेना ने 23 सीटों पर अपना दावा किया। उद्धव गुट ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में उनके उम्मीदवारों ने काफी सीटें जीती थी, लेकिन अभी ज्यादातर उम्मीदवार एकनाथ शिंदे कैंप में जा चुके हैं। कांग्रेस ने अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र में 23 सीटों की सहयोगी शिवसेना (यूबीटी) की मांग को खारिज कर दिया। महाराष्ट्र के कांग्रेस नेताओं का कहना था कि शरद पवार की एनसीपी और उद्धव ठाकरे की शिवसेना में बगावत होने के बाद कांग्रेस ही राज्य में सबसे पुरानी पार्टी बची है। पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण ने कहा कि पार्टियों के बीच समायोजन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हालांकि हर पार्टी सीटों की बड़ी हिस्सेदारी चाहती है, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए शिवसेना की 23 सीटों की मांग काफी ज्यादा है। कांग्रेस नेता संजय निरूपम ने उद्धव ठाकरे की यूबीटी की 23 संसदीय सीटों की मांग पर तंज कसते हुए कहा कि शिवसेना 23 सीटों की मांग कर सकती है, लेकिन वे उनका क्या करेंगे?

शिवसेना के नेता चले गए हैं, जिससे संकट पैदा हो गया है। उम्मीदवारों की कमी शिवसेना के लिए एक समस्या है। वर्ष 2019 में अविभाजित शिवसेना बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन का हिस्सा थी। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी अब एमवीए का हिस्सा है, जिसमें कांग्रेस और एनसीपी शामिल हैं। जून 2022 में एकनाथ शिंदे और 40 अन्य विधायकों ने शिवसेना नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह कर दिया, जिससे पार्टी में विभाजन हो गया और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार गिर गई। इसके बाद शिंदे ने राज्य में सरकार बनाने के लिए बीजेपी से हाथ मिला लिया। इंडिया गठबंधन में सीट शेयिरिंग का इंतजार किए बगैर ही समाजवादी पार्टी भी उत्तर प्रदेश में इलेक्शन की तैयारी कर रही है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इंडिया गठबंधन की जीत को लेकर बड़ा दावा कर दिया। अखिलेश यादव के मुताबिक अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करेगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी हुई है। इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटें जीतेगा। पूर्व सीएम ने यह भी कहा कि 80 सीटें जीतकर बीजेपी को सत्ता से बाहर करना है। सपा अध्यक्ष के बयान से जाहिर है कि उत्तरप्रदेश में कांग्रेस के लिए कोई स्थान नहीं बचा है। अर्थात कांग्रेस को अखिलेश यादव ने उत्तरप्रदेश से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। हालांकि कांग्रेस ने अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया जाहिर नहीं की है। लेकिन यह निश्चित है कि अखिलेश यादव आसानी से कांग्रेस से सीट शेयरिंग करने को तैयार नहीं होंगे। दरअसल कांग्रेस नहीं चाहती कि बैठक में कोई ठोस निर्णय से पहले किसी तरह की जल्दबाजी करे। ऐसे में विपक्ष की एकता के बिखराव का ठीकरा कांग्रेस के सिर फूटेगा। इसी से कांग्रेस फिलहाल बचना चाहती है। सीट शेयरिंग का मुद्दा इंडिया गठबंधन के लिए सुलझाना आसान नहीं है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) अध्यक्ष ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन को लेकर कहा कि इंडिया गठबंधन देशभर में बीजेपी से मुकाबला करेगा। बंगाल में इस लड़ाई का नेतृत्व टीएमसी करेगी। इससे जाहिर है कि ममता ने कांग्रेस को साफ संदेश दे दिया है कि पश्चिम बंगाल में सीट शेयरिंग का मुगालता नहीं पाले। इस पर भी कांग्रेस की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। कांग्रेस के बिहार में भी सीट शेयरिंग के दरवाजे आसानी से खुलने की संभावना नहीं है। ममता और अखिलेश की तरह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इस बात के समर्थक रहे हैं कि जिन राज्यों में जिन दलों का प्रभाव है, अर्थात पिछले लोकसभा चुनाव में जिस दल की सीटें जितनी हैं, उस हिसाब से सीट शेयरिंग की जाए। ऐसे में बिहार में कांग्रेस के लिए तालमेल बिठाना मुश्किल है। कमोबेश यही स्थिति अरविंद केजरीवाल की पार्टी आप की है। केजरीवाल भी कांग्रेस को दिल्ली और पंजाब से बाहर रखना चाहते हैं। केजरीवाल की पार्टी के अन्य नेता इस बात के संकेत दे चुके हैं, यदि समझौता हुआ भी तो कांग्रेस के हिस्से में नाममात्र की सीटें ही आएंगी। सीट शेयरिंग की तरह ही प्रधानमंत्री पद का मुद्दा भी विपक्षी एकता की कवायद को आगे बढ़ाने में मुश्किल पैदा कर रहा है। हालांकि यह मुद्दा तुलनात्मक रूप से फिलहाल इतना बड़ा नहीं है। दिल्ली में हुई बैठक में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए प्रस्तावित करने पर यह मुद्दा गरमा गया।

हालांकि खडगे ने प्रधानमंत्री पद का दावेदार होने से इंकार कर दिया। खडगे ने प्रधानमंत्री पद के चेहरे के मुद्दे को ठंडे बस्ते में रखने की इच्छा व्यक्त की थी और इस बात पर जोर दिया था कि इंडिया गठबंधन को पहले पर्याप्त संख्या में लोकसभा सीटें जीतने की जरूरत है। ममता और केजरीवाल ने खडगे के नाम का दाव बड़ा सोच समझ कर चला। इससे राहुल गांधी के लिए परेशानी बढ़ सकती है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि 1977 का लोकसभा चुनाव विपक्ष ने मोरारजी देसाई को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए बिना लड़ा था। पवार ने यह भी भरोसा जताया कि अगले आम चुनाव के लिए इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि 1977 का लोकसभा चुनाव विपक्ष ने बिना प्रधानमंत्री पद का चेहरा पेश किए लड़ा था। चुनाव में विपक्ष की जीत के बाद मोरारजी देसाई को इस पद के लिए चुना गया। पवार ने कहा कि राज्यों में हाल के विधानसभा चुनावों में खराब नतीजों के बावजूद हमें विश्वास है कि लोग इंडिया गठबंधन को एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में स्वीकार करेंगे। हम सभी एहतियात बरत रहे हैं। अभी तक सीट बंटवारे पर कोई बातचीत नहीं हुई है। लेकिन सर्वसम्मति बनाने और मतभेदों को सुलझाने के लिए बातचीत शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री पद की दावेदारी के बीच इस बात के कयास लगाए गए कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खडगे का नाम आगे बढ़ाए जाने से नाराज हैं। नीतीश कुमार ने उन अटकलों को खारिज कर दिया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनाने का सुझाव और उन्हें गठबंधन का संयोजक नहीं बनाए जाने के कारण उन्हें मायूसी हुई और इसको लेकर उन्हें नाराजगी है। खडगे के नाम प्रस्तावित किए जाने के बारे में उन्होंने कहा कि बैठक में मुद्दा (एक नेता के नाम का) आया। मैंने शुरू में ही स्पष्ट कर दिया था कि हमारी अपनी कोई इच्छा नहीं है।

नया साल, नया मंदिर, लेकिन समस्याएं वे ही पुरानी

यह उस समय की निशानी है जिसका जिक्र शायद ही कोई करता हो। एक समय था जब यह सुझाव दिया गया था कि नरेंद्र मोदी को भारत के प्रधानमंत्री के रूप में अपनी आधिकारिक क्षमता में नहीं बल्कि एक हिंदू के रूप में अपनी व्यक्तिगत क्षमता में मंदिर के लिए आधारशिला समारोह में भाग लेना चाहिए, किसी अन्य हैसियत से नहीं। हम स्पष्ट रूप से उस चरण से बहुत पहले हैं जहां इसे एक ऐसी चीज के रूप में देखा जाता है जिसका विरोध करना बहुत दूर की बात है। नए साल की इस शानदार शुरूआत के बीच राष्ट्र के लिए हमारे पास जो कहानी है वह 2023 को बिदा करते हुए प्रधानमंत्री के शब्दों में इस प्रकार है- आज भारत का हर कोना आत्मविश्वास से भरा हुआ है, एक विकसित भारत की भावना से ओत-प्रोत है ; आत्मनिर्भरता की भावना। हमें 2024 में भी इसी भावना और लय को बनाए रखना होगा। यह चुनावों के लिए भाजपा के एजेंडे को निर्धारित करता है, बहुत सारे रंग और अतिशयोक्ति की हद तक जोड़ता है और इसे भाजपा के 2024 के पसंदीदा एजेंडे के रूप में प्रस्तुत करता है। भाजपा की यह कवायद समझ में आती है और यहां तक कि एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय चुनाव से पहले अच्छी योजना और एजेंडा-सेटिंग के रूप में भी इसकी सराहना की जा सकती है।

जगदीश रत्तनानी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार है

किसी धार्मिक आंदोलन में सरकारी तंत्र की पूर्ण भागीदारी निश्चित रूप से शंकास्पद है- पहले तो संवैधानिक शुद्धता के दृष्टिकोण से और उसी तरह सरकारी मदद से राजनीतिक लामबंदी और धार्मिक भावना का उपयोग कर बड़ा लाभ उठाने के नजरिए से भी वह संदेहास्पद है। यह उस समय की निशानी है जिसका जिक्र शायद ही कोई करता हो। एक समय था जब यह सुझाव दिया गया था कि नरेंद्र मोदी को भारत के प्रधानमंत्री के रूप में अपनी आधिकारिक क्षमता में नहीं बल्कि एक हिंदू के रूप में अपनी व्यक्तिगत क्षमता में मंदिर के लिए आधारशिला समारोह में भाग लेना चाहिए, किसी अन्य हैसियत से नहीं। हम स्पष्ट रूप से उस चरण से बहुत पहले हैं जहां इसे एक ऐसी चीज के रूप में देखा जाता है जिसका विरोध करना बहुत दूर की बात है।

नए साल की इस शानदार शुरूआत के बीच राष्ट्र के लिए हमारे पास जो कहानी है वह 2023 को बिदा करते हुए प्रधानमंत्री के शब्दों में इस प्रकार है- आज भारत का हर कोना आत्मविश्वास से भरा हुआ है, एक विकसित भारत की भावना से ओत-प्रोत है; आत्मनिर्भरता की भावना। हमें 2024 में भी इसी भावना और लय को बनाए रखना होगा।

यह चुनावों के लिए भाजपा के एजेंडे को निर्धारित करता है, बहुत सारे रंग और अतिशयोक्ति की हद तक जोड़ता है और इसे भाजपा के 2024 के पसंदीदा एजेंडे के रूप में प्रस्तुत करता है। भाजपा की यह कवायद समझ में आती है और यहां तक कि एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय चुनाव से पहले अच्छी योजना और एजेंडा-सेटिंग के रूप में भी इसकी सराहना की जा सकती है। हम भाजपा को उसकी त्वरित लामबंदी और बेहतर संदेश देने के लिए दोषी नहीं ठहरा सकते हैं।

फिर भी, यह स्पष्ट है कि भाजपा द्वारा यह एजेंडा सिर्फ चुनावी समय के लिए चुनाव-मोड के लिए आरक्षित नहीं किया गया है। ऐसा लगता है कि यह हमेशा चलने वाला तरीका है, जश्न मनाने, बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने और उन दावों को दोहराने के प्रति हमेशा मौजूद पूर्वाग्रह है जिसे एक ऐसी पार्टी वास्तविकता में बदलने की कोशिश कर रही है जिसके पास धन और मीडिया का जितना समर्थन है उतना अन्य किसी पार्टी के पास नहीं है। खतरा यह है कि पार्टी को अपने प्रचार पर भरोसा है। सरकार की ऊर्जा कहानी बताने में खर्च हो रही है, समस्या-समाधान की ओर उसका ध्यान कम है। दरअसल, पार्टी शायद जो सिर्फ एक समस्या देख रही है वह है कि कहानी को ठीक किया जाना चाहिए लेकिन यह ऐप्पल के उस विज्ञापन की तरह है जिसमें अपने प्रतिद्वंद्वी माइक्रोसॉफ्ट को दो बकेट के बीच संसाधनों को वितरित करते हुए दिखाता है; विस्टा को ठीक करना या अधिक विज्ञापन करना। बाद वाले को थोक पैसा मिलता है जबकि ग्राहकों ने माइक्रोसॉफ्ट के नए ऑपरेटिंग सिस्टम द्वारा बनाई गई समस्याओं के बारे में शिकायत की जिसे विंडोज विस्टा कहा जाता है। इस तरह के शासन का नतीजा यह होगा कि देश और जनता को जल्द ही वास्तविक समस्याओं से निपटना होगा- भयंकर बेरोजगारी, सांप्रदायिक घृणा के राक्षस, लगातार बढ़ते जा रहे कड़वे विवाद, बढ़ते कर्ज, संस्थानों को नष्ट करना, सहकारी संघवाद की भावना को कमजोर करना, भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद जो कुछ चुने हुए व्यापारिक घरानों का पक्ष लेते हैं, कुछ व्यक्तियों के अधिकारों और शक्तियों में वृद्धि और एक लोकतांत्रिक निर्णय लेने की प्रक्रिया जो केवल दिखावे की रहती है। ये सभी पुरानी समस्याएं हैं जिन्हें भारत ने लंबे समय से देखा है। केंद्र में भाजपा के सत्ता में रहने के आठ वर्षों के दौरान ये समस्याएं और बदतर हो गई हैं। आज राष्ट्र जिन समस्याओं का सामना कर रहा है उन्हें फैंसी पर्चे, अच्छी तरह से बनाए गए ग्राफ, चुस्त संपादित वीडियो ठीक नहीं कर सकते हैं। इसके साथ एक अलोकतांत्रिक प्रवृत्ति भी जुड़ी है जो न केवल विपक्ष की आवाजों को खत्म करना चाहती है या यदि राजनीतिक रिपोर्टों पर विश्वास किया जाए तो भाजपा के अंदर से प्रतिस्पर्धा को भी खत्म करना चाहती है। ऐसा लगता है कि यह मांग पूरी तरह से सत्ता के अधीन है तथा देश और पार्टी ने इसका पालन किया है जिसकी वजह से भारतीय लोकतंत्र और इसकी अभी भी अनुभवहीन संस्थाओं की आंतरिक शक्ति पर सवाल खड़े होते हैं। क्या यह भारत अधिक सुरक्षित या कम सुरक्षित है? क्या हमारा लोकतंत्र तब बेहतर है जब नागरिक सत्ता को चुनौती दे सकते हैं और अपनी आजादी के लिए नई मिसाल कायम कर सकते हैं या क्या हम तब बेहतर हैं जब विभिन्न साधनों का उपयोग करके सभी चुनौतियों को चुप करा दिया जाता है? अगर बाहरी लोग भारत को अपने अधीन करने के आंतरिक झगड़े नहीं कराते तो क्या अंग्रेज देश पर अधिकार कर सकते थे? अधिकार पर सवाल उठाने, अपनी स्वतंत्रता का विस्तार करने और अपने लोकतंत्र को मजबूत करने की हमारी क्षमता के मामले में हम कितना आगे बढ़ गए हैं? आखिर आपातकाल ने हमें क्या सिखाया है?

1971 के पेंटागन पेपर्स मामले के रूप में जाने गए प्रकरण में न्यायाधीश मरे आई. गुरफिन के शब्द महत्वपूर्ण हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स द्वारा वगीर्कृत पत्रों के प्रकाशन के पक्ष में उन्होंने सरकार के खिलाफ फैसला सुनाया था। अमेरिका में प्रथम संशोधन क्लासिक बने उनके आदेश में लिखा था- हमारे राष्ट्र की सुरक्षा केवल प्राचीर पर नहीं है। सुरक्षा हमारे मुक्त संस्थानों के मूल्य में भी निहित है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के और भी अधिक मूल्यों तथा लोगों के जानने के अधिकार को संरक्षित करने के लिए सत्ता में बैठे लोगों को एक आक्रामक प्रेस, एक हठधर्मी प्रेस का सामना करना चाहिए। इस मामले की सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति गुरफिन को निक्सन प्रशासन ने नियुक्त किया था और उन्होंने अपने पहले मामले में ही सरकार के खिलाफ फैसला सुनाया था। इस शासन की एक बहुत ही गैर-भारतीय तरीके की बड़ी समस्या भी है, एक ऐसा तरीका जो राष्ट्र की संस्कृति और लोकाचार की समझ से बहुत दूर है जिसे भाजपा अपने मूलभूत आधारों में से एक के रूप में दावा करने में बहुत गर्व महसूस करती है।

लेकर फिर उठी चिंता, डाले गये वोटों का मिलान वीवीपैट से होना चाहिए

डॉ. ज्ञान पाठक

ईवीएम को लेकर चिंताएं फिर से सामने आ गई हैं, क्योंकि पुरानी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें (ईवीएम) अभी भी बड़ी संख्या में उपयोग में हैं, नयी ईवीएम जो वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रायल (वीवीपीएटी) पेपर रिकॉर्ड के साथ आते हैं, पर्याप्त और व्यापक रूप से इस्तेमाल में नहीं हैं, और यहां तक कि सभी वीवीपैट भी गिनकर डाले गये मतों से मिलान नहीं किये जाते। इसलिए छेड़छाड़ और भेद्यता से इंकार नहीं किया जा सकता है, और कुछ समय पहले भी एक शोध पत्र में लोकसभा चुनाव परिणाम 2019 में अनियमित पैटर्न पाया गया था। 20 दिसंबर, 2023 को आयोजित 28 विपक्षी राजनीतिक दलों के इंडिया गठबंधन बैठक ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की कार्यप्रणाली की विश्वसनीयता के बारे में संदेह व्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव भी पारित किया था और मांग की थी कि वीवीपैट पर्चियां मतदाताओं को सौंपी जायें और उनकी 100 प्रतिशत गिनती बाद में की जाये, ताकि लोगों को पता चले कि उनके वोटों में हेराफेरी नहीं हुई है।

इंडिया गठबंधन के घटक राजनीतिक दलों ने पारित प्रस्ताव में यह भी आरोप लगाया था कि ईवीएम के डिजाइन और संचालन पर कई विशिष्ट प्रश्नों के साथ चुनाव आयोग (ईसीआई) को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा था। हालांकि, दुर्भाग्य से, ईसीआई उस ज्ञापन पर इंडिया के प्रतिनिधिमंडल से मिलने में अनिच्छुक रहा है। प्रस्ताव में आरोप लगाया गया कि चुनाव निकाय ने अभी तक उनकी चिंताओं का जवाब नहीं दिया है।

याद दिला दें कि कुछ महीने पहले ही अगस्त 2023 में अशोका यूनिवर्सिटी के एक असिस्टेंट प्रोफेसर सब्यसाची दास ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में डेमोक्रेटिक बैकस्लाइडिंग शीर्षक से एक शोध पत्र में मैकक्रेरी टेस्ट के परिणाम के आधार पर कहा था, जबकि परिणाम मौजूदा पार्टी भाजपा के पक्ष में चुनाव परिणामों में संभावित हेरफेर के अनुरूप है, यह एकमात्र व्याख्या नहीं है। वैकल्पिक रूप

संक्षिप्त खबरें

श्री चित्रगुप्त समिति की आम सभा की बैठक आज

छपरा कार्यालय। श्री चित्रगुप्त समिति ,छपरा की आम सभा की बैठक रविवार को समिति के अध्यक्ष नागेंद्र कुमार वर्मा के आवासीय सभागार में होगी । इसकी जानकारी देते हुए समिति के महासचिव विमल कुमार वर्मा ने दी तथा बताया कि विगत दिसम्बर माह में ही यह बैठक करने का संवैधानिक प्रावधान था मगर अपरिहार्य कारणवश यह नहीं हो सका था ।अब अध्यक्ष की अनुमति से यह आम सभा की बैठक आहूत की गई है । इस बैठक में श्री चित्रगुप्य पूजनोत्सव में हुए खर्च से संबंधित आय -व्यय के साथ साथ विगत बैठक के कार्यवृत की संपुष्टि,त्वरित मुद्दों एवं समिति के विकासात्मक बिंदुओं पर सविस्तार चर्चा होने की प्रबल संभावना है ।बता दें कि इस आम सभी की बैठक हेतु मांग भी की गई थी जिसके आलोक में रविवार को इस बैठक को आहूत करने का निर्देश महासचिव को दिया गया ।उधर महासचिव विमल कुमार वर्मा ने सभी चित्रांश सदस्यों से आग्रह किया है कि आम सभा की बैठक में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करे ।

मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगा स्वास्थ्य मेला, बनियापुर विधायक ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन राजद विधायक केदारनाथ सिंह, स्वास्थ्य प्रभारी डॉ संजय कुमार, मुख्य पार्षद सोहन महतो और पूर्व प्रधानाचार्य राम जीवन सिंह ह्लजीवन ह्व ने दीप प्रज्वलित कर किया। स्वास्थ्य मेला मे सैकड़ो लोगो द्वारा अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। मौके पर स्वास्थ्य प्रभारी डॉ संजय कुमार द्वारा स्वास्थ्य मेला मे उपलब्ध सुविधाओ की जानकारी दी गयी। और मुख्यमन्त्री कन्या उत्थान योजना पर फोकस किया गया।इस अवसर पर माननीय विधायक केदारनाथ सिंह ने कहा कि इस स्वास्थ्य मेला में उपस्थित ग्रामीणों एवम स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आशा बहनों की प्रशंसा करते हुए कहा कि कोरोना काल के समय में कोरोना से पीड़ित रोगियों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने एवम उनके देखभाल का बेहतर कार्य किया। अब बिहार सरकार द्वारा प्रायोजित कन्या उत्थान योजना के विषय में जन-जन तक पहुंचाते हुए उसे जागरूक करने का काम करें। उन्होंने चिकित्सक को धरती के भगवान का दर्जा देते हुए कहा कि चिकित्सक अपने सफल प्रयास से पीड़ित रोगी को जीवन दान देने का कार्य करते हैं। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को स्वास्थ्य क्षेत्र में अच्छे से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए कुछ उपकरणों की मांग को मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मशरक में बहुत जल्द पारा मेडिकल कॉलेज शुरू होने वाला है। जिसके लिए मैं लगातार प्रयास कर रहा हूं। स्वास्थ्य मेला में आशा बहनों के द्वारा अपनी मानदेय को लेकर आवाज उठाया गया एवं बिहार सरकार के प्रति आक्रोश भी व्यक्त किया गया। आशा कार्यकर्ताओ ने अपनी स्थाई नियुक्ति के लिए विधानसभा में पक्ष को रखने को लेकर माननीय विधायक केदारनाथ सिंह से निवेदन किया गया। स्वास्थ मेला में सर्वाइकल एवम बच्चेदानी के कैंसर की जांच के साथ इलाज डा कविता सिंह ने किया। स्वास्थ मेला में मुख्य रूप से डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह, डॉक्टर कविता सिंह, डॉक्टर एसके विद्यार्थी, अवकाश प्राप्त शिक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह,राजद प्रखंड अध्यक्ष विक्रमा सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह, राजद नगर पंचायत अध्यक्ष पूर्व मुखिया छोटा संजय, पूर्व प्रमुख जितेंद्र राय, पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमित कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह, वार्ड पार्षद राजेश तिवारी , रोगी कल्याण समिति के सदस्य राजेंद्र सिंह सहित आशा बहनों के साथ साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम मे शामिल सभी अतिथियो का स्वागत बुके देकर किया गया।

हृदयगति रुकने से झौवां पंचायत के मुखिया शैलेन्द्र साह का निधन

प्रात : किरण संवाददाता

दिघवारा नगर। प्रखंड के झौवा पंचायत के मुखिया शैलेंद्र साह का शनिवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया।वे लगभग 50 वर्ष के थे।वे 29 दिसंबर 2021को पंचायत के मुखिया के तौर पर शपथ लिए थे।उनके निधन की खबर मिलते ही पंचायत भर में शोक की तरह फैल गई वहीं प्रखंड भर के पंचायत प्रतिनिधियों को उनके निधन पर मर्माहत देखा गया और बड़ी संख्या में पदाधिकारी व पंचायत प्रतिनिधियों ने उनके घर पहुंच कर उनके अंतिम दर्शन करते हुए अपनी संवेदना प्रकट की।मिली जानकारी के मुताबिक मुखिया शैलेंद्र साह की अचानक तबियत खराब हो गई जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए निजी क्लीनिक पहुंचाया गया जहां उनकी मौत हो गई।निधन पर पूर्व विधायक विनय सिंह,प्रखंड प्रमुख मनु देवी,प्रमुख प्रतिनिधि दिलीप सिंह,उपप्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश राय,बीडीओ डॉ. अजीत कुमार,सीओ अभिषेक कुमार समेत बरुआ मुखिया अजित कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह,मानुपुर मुखिया मोनिका सिंह,रामपुर आमी मुखिया रंजू देवी, त्रिलोकचक मुखिया गुड्डू सिंह,बस्तीजलाल मुखिया गुंजन सिंह,अकिलपुर मुखिया मिंता देवी,कुरैया मुखिया जमील अंसारी,शीतलपुर मुखिया गायित्री देवी व हराजी मुखिया भोला मांझी के अलावे कौशल सिंह, संजीत सिंह,ओमप्रकाश सिंह,सच्चिदानंद सिंह सरीखे लोगों ने भी मुखिया के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।उधर मुखिया के असामयिक निधन पर परिजनों पर विपत्तियों का पहाड़ टूट पड़ा है।स्थानीय लोग मृतक के परिजनों को सांत्वना दे रहे थे।लोगों के अनुसार मुखिया बहुत ही व्यवहार कुशल थे और पंचायत के विकास के लिए सदैव तत्पर रहते थे।

भेल्दी में ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा,एक की मौत, दूसरा जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता

भेल्दी(सारण) ।छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच 722 पर सोनहो टोल टैक्स के समीप एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक चालकों को रौंद दिया जिससे दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए।पीएमसीएच में इलाज के दौरान एक की मौत हो गई।मृतक प्रदीप बैठा(35) मकेर थाने अकदेवी मसूरिया गांव के ज्ञानी बैठा का पुत्र बताया जाता है।वहीं घायलों में उसी गांव का बादल शर्मा शामिल है जिसका इलाज पीएमसीएच में चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मकेर थाने के अकदेवी मसूरिया गांव के ज्ञानी बैठा का पुत्र प्रदीप बैठा शुक्रवार की शाम गांव के ही बादल शर्मा के साथ अपने घर से बाइक पर सवार होकर अमनौर थाने के ढोलाही में सामान की खरीदारी करने के लिए जा रहे थे।वे जैसे ही सोनहो टोल प्लाजा से आगे बढें कि भेल्दी की ओर से तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।इस घटना में प्रदीप बैठा व बादल शर्मा गंभीर रूप से जख्मी हो गए।परिजन दोनों को इलाज के लिए गड़खा सीएचसी लाए जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।छपरा सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने दोनों की स्थिति को नाजुक देख पीएमसीएच रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान प्रदीप बैठा की मौत हो गई।वहीं बादल शर्मा जीवन व मौत से संघर्ष कर रहा है।सड़क हादसे में बाइक चालक प्रदीप बैठा की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।पति के मौत की खबर सुनकर पत्नी गुड़िया देवी मूर्छित होकर गिर पड़ी।वह जब भी होश में आती पति के शव से लिपटकर रोने लगती।पिता ज्ञानी बैठा मां बेदामो देवी दहाड़ मारकर रो रही थी।वहीं पुत्र निखिल,पुत्री नंदिनी कुमारी,अंजली कुमारी व जान्वी के आंखों से आंसू सूखने का नाम नहीं ले रहा था।युवक की मौत के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

बसतपुर स्कूल में कहानी लेखन प्रतियोगिता आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

आदापुर। प्रखंड स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय बसतपुर में शनिवार को वर्ग पांच के छात्र - छात्राओं के बीच कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कहानी अपने मन से किसी सच्ची घटना या अपने कल्पना के आधार पर अधिकतम पांच सौ शब्दों में लिखने के लिए निर्देशित किया गया। प्रतियोगी छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय के बच्चों को सम्बोधित करते हुए वरीय शिक्षक मोहम्मद नुरूल होदा ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता से आप में न केवल भाषा के सही स्वरूप के प्रति जागरूकता पैदा होगी, बल्कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ेगी। कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन आपके लेखन कौशल और कल्पना कौशल को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने बताया कि यह लेखन प्रतियोगिता आपके शब्दावली के साथ साथ आपके लेखन प्रवाह को समृद्ध करेगा। विद्यालय के शिक्षक जितेन्द्र ठाकुर एवं बी आर पी श्रीमती रेणु सिंहा ने निर्णायक की भूमिका निभाते हुए निधि कुमारी को प्रथम स्थान अन्नया कुमारी को द्वितीय स्थान तथा मौसीम अंसारी को तृतीय स्थान पर आने की घोषणा की। इन तीनों छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

राहगीरों व वार्डवासियों को हो रही परेशानी, उदासीन बनी है नगर पंचायत प्रशासन

प्रात : किरण संवाददाता

रिविलगंज। किसी भी नगर की वास्तविक तस्वीर उसके प्रवेश द्वार एवं मार्ग से झलकती है । नगर की खूबसूरती इस बात पर भी टिकी होती है कि वहां की रहन-सहन ,रीति-रिवाज की संस्कृति कैसी है यदि इन संस्कृति मजबूत व प्रगाढ़ है तो नगर की तस्वीर कुछ अलग बयां करती है ।कमोवेश स्थिति गौतम नगरी रिविलगंज नगर की है जहाँ इसके दयनीय हालात एवं राहगीरों की परेशानी पर वार्डवासी चर्चा करते है । इस नगर के प्रवेश द्वार एवं मार्ग ही बदतर की स्थिति में है। जहां गोदना मोड़ एन एच 19 पर घरों की पानी से जलजमाव एवं सड़क जर्जर है। स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 में गोदना मोड़ के पास दर्जनों घरों में नल जल योजना की पानी नहीं आती हैं, नाला निर्माण नहीं होने से घरों की पानी सड़क पर गिराने के मजबूर हैं वार्ड वासी। सारण जिला की सांस्कृतिक,धार्मिक,ऐतिहासिक एवं व्यावसायिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण तिविलगंज क्षेत्र में कई ऐसे धरोहर एवं मठ-मंदिरे है जहां बाहर से लोग पर्यटक के रूप में आते है तथा पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते है। यहां की संस्कृति एवं प्राकृतिक वातावरण अपने आप में एक बयां करती है। सरयू नदी के किनारे एवं बिहार व यूपी की सीमावर्ती क्षेत्र में बसा रिविलगंज अंग्रेजो के देन से विख्यात है ।इस शहर को जितनी विकसित होनी चाहिए उतनी नहीं हो पाई है ।कई पगडंडिया एवं पहुंच पथ भी जर्जरावस्था में है। प्रसिद्ध गढ़देवी मंदिर के सड़क किनारे नाले कई जगह खुला हैं और कचड़ों से पटा हैं। विडंबना है कि नगर पंचायत की उपमुख्य पार्षद अर्चना देवी के घर के पास खुले नाले में कचड़ा भरा हुआ हैं। यह वार्ड डेंगू से सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। वार्ड संख्या 12 के वार्डवासी नल-जल, नाला,आवास योजना से पीड़ित है। छपरा -मांझी एन एच 19 पर गोदना मोड़ रिविलगंज नगर पंचायत वार्ड नंबर 12 और 15 के बीच घरों की पानी मुख्य सड़क पर गिरने से जलजमाव और जर्जर सड़क पर प्रतिदिन मोटरसाइकिल सवार फिसलने से गिरकर घायल हो रहें हैं।नगर पंचायत प्रशासन नगर वासियों से घरों का टैक्स वसूल रहा है लेकिन पानी निकासी की व्यवस्था नहीं कर पाया है जिसके कारण दोनों वार्डो के सड़क किनारे घर की पानी एन एच 19 गोदना मोड़ पर गिरता है और राहगीर सड़क पर फिसलन से गिरकर घायल हो रहें हैं। प्रतिदिन आधा दर्जन से ज्यादा बाइक सवार यहां गिरकर घायल हो रहें हैं।नगर पंचायत प्रशासन के पदाधिकारी सड़क किनारे जगह नहीं होने के कारण नाला निर्माण कार्य में नहीं होने बात कर टाल-मटोल कर रहे हैं और नेशनल हाईवे प्रशासन पर एनओसी नहीं देने की बात कहते हैं लेकिन नेशनल हाईवे प्रशासन ने नाला निर्माण से नहीं रोक रहा है। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अजय कुमार ने बताया कि नेशनल हाईवे प्रशासन मौखिक रूप से नाला निर्माण की मंजूरी दे रहा है लेकिन नगर पंचायत प्रशासन की लापरवाही के कारण वर्षों से गोदना मोड़ पर सड़क पर जलजमाव रहता है और राहगीरों के साथ स्थानीय लोगों को भी परेशानी होती हैं। नगर पंचायत क्षेत्र के गोदना मोड़ दुर्घटनाग्रस्त मोड़ बनकर रह गया है । सड़क के दोनों तरफ के दुकानदारों को और राहगीरों को सड़क पर जलजमाव और खराब सड़क से गुजरते हुए वाहनों से छींटे से परेशान हैं। नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी सुरभि सिन्हा प्रतिदिन गोदना मोड़ से होकर गुजरती हैं लेकिन यहां के लोगों की और राहगीरों की परेशानी पर कोई तब्बजो नहीं दे रही है। गोदना मोड़ के पास ही प्रसिद्ध महर्षि गौतम ऋषि मंदिर हैं यहां पर क्षेत्रीय एवं दूर दूर से पूजा पाठ करने श्रद्धालु आते हैं। सरकार, प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से आज तक गोदना मोड़ की समस्या का कोई निदान नहीं निकल पाया। चुनावी आश्वासन मिलते अवश्य है मगर पूरा नहीं हो पाता है। इस संबंध में नगर पंचायत के वार्ड नंबर 15 के पूर्व वार्ड पार्षद रामबाबू राय एवं वार्ड नंबर 12 के वार्ड प्रतिनिधि अजय कुमार ने बताया कि कार्यपालक पदाधिकारी से नाला बनवाने और सड़क पर जलजमाव से निजात के लिए आवेदन।

अपनी ही पैसा के लिए दर दर भटक रहे हैं डाक घर के उपभोक्ता

प्रात : किरण संवाददाता

एकमा । स्थानीय मुख्य डाकघर में उपभोक्ता कि अपनी पैसा वर्ष 2021 एवं 2015 में जमा कर किसान विकास पत्र एवं एनएससी खरीदा था । जिसकी मेच्योरिटी पुर्ण हाने के बाद भी उपभोक्ता अपनी पैसा के लिए दर-दर भटक रहे हैं । जिससे आए दिन डाक कर्मियों से तू तू में में होती रहती है । इस संबंध में उपभोक्ताओं का कहना है कि हम लोग अपनी कड़ी मेहनत व मजदूरी कर के पैसा इकट्ठा कर एकमा मुख्य डाकघर में जमा कर केभीपी एवं एन एससी खरीदा था । जिसकी मैच्योरिटी पुर्ण हुए लगभग तीन-चार साल पुर्व हो चुकी है । लेकिन पैसा के लिए एकमा डाकघर के उपभोक्ता चक्कर लगाते लगाते थक चुके हैं । यह मुख्य डाकघर छपरा व सिवान के बिचो-बीच का इकलौता डाकघर है । जिसकी एरिया काफी दूर दराज तक फैली हुई है ।इसके अधिन दर्जनों उपडाकघर संचालित होती है । यह मामला एक दो व्यक्ति की नहीं है यह मामला लगभग 200 से अधिक उपभोक्ताओं का है जो अपनी पैसा के लिए चक्कर काट रहे हैं । इस संबंध में एकमा मुख्य डाक पाल तारकेश्वर साह से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि पुर्व में उपभोक्ताओं का पैसा मैन्युअल से जमा हुई है । लेकिन यह डाकघर लगभग 7 साल से सीबीएसई हुए हो गई है । जिससे उपभोक्ताओं का पैसा आज तक कंप्यूटर पर नहीं चढ़ने से यह दिन देखने को मिल रहा है । जिसे उपभोक्ताओं का भुगतान में विलंब हो रहा है उन्होंने यह भी कहा कि प्रधान डाकघर छपरा को इसकी जानकारी दी गई है । वहां से 15 से 20 लोगों का भुगतान अब तक हुआ है ।

लंबे समय से समाज के प्रति समर्पित रहा हूं, अब मतदाताओं के आशीर्वाद की जरूरत : अमरेंद्र कुमार

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। लगभग 16 वर्षों से समाज सेवा के प्रति समर्पित रहा हूं, कोरोना काल से लेकर समय-समय पर जरूरतमंदों की मदद की है, समाज के बुद्धिजीवियों ने मेयर पद के लिए मुझे प्रेरित किया है। उक्त बातें नगर निगम के मेयर प्रत्याशी अमरेंद्र कुमार सिंह ने हरि मोहन गली स्थित अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान गोदरेज के सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। मेयर प्रत्याशी अमरेंद्र कुमार सिंह प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने लगभग डेढ़ दर्जन विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़कर लगातार जरूरतमंदों को शिक्षा, चिकित्सा एवं अन्य क्षेत्रों में सेवा की है। शहर वासियों से मेरा पुराना संबंध रहा है, ऐसे में मेयर पद के लिए चुनावी मैदान में आया हूं, मुझे अपने सेवा के बल पर उम्मीद है कि शहर वासी अपना बहुमूल्य वोट चुनाव चिन्ह मोटरसाईकिल छाप पर बटन दबाकर सेवा करने का अवसर देंगें। उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि सेवा करने का मौका मिलता है तो निगम में फैले भ्रष्टाचार को समाप्त करूंगा। जनता की बुनियादी सुविधाओं के प्रति अपनी आवाज को बुलंद करूंगा। मेयर प्रत्याशी अमरेंद्र कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शहर को क्लीन एंड ग्रीन बनाकर एक नया मुकाम स्थापित करूंगा। उन्होंने कहा कि निगम में वर्तमान व्यवस्था चौपट हो गई है, जिसे ठीक करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जनता अपनी बुनियादी जरूरत को लेकर निगम का चक्कर लगाने को विवस हैं, लेकिन निगम द्वारा जनता के कार्यों को समय पर निष्पादन नहीं कर उन्हें परेशान किया जाता है, ऐसी व्यवस्था के प्रति ठोस कदम उठाया जाएगा, ताकि जनता को निगम का ज्यादा चक्कर लगाना ना पड़े। मेयर प्रत्याशी अमरेंद्र कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि लंबे समय से समाज के प्रति समर्पित होने के नाते मेरी पहचान समाज में पहले से ही बनी हुई है, ऐसे में मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस बार जनता मुझे आगामी 22 जनवरी को जरूर अपना मत देकर मुझे सेवा करने का मौका देगी। इस अवसर पर खेल जगत के जाने माने - सुरेश प्रसाद सिंह एवं राजेंद्र कॉलेज के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर मृदुल शरण ने अपने संबोधन में कहा कि मेयर प्रत्याशी अमरेंद्र कुमार सिंह के द्वारा लंबे समय से समाज के प्रति सेव किया जा रहा है। इनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे व्यक्ति का चुनाव मेयर पद के लिए करना बेहतर साबित होगा। इन्होंने शहर के मतदाताओं से अमरेंद्र सिंह जैसे योग्य प्रत्याशी को मौका देने का आग्रह किया।

छपरा नगर निगम के मुख्य पार्षद पद के उप निर्वाचन हेतु की जा रही तैयारी, की गई समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (न)-सह-जिलाधिकारी अमन समीर के द्वारा 22 जनवरी को छपरा नगर निगम के मेयर पद के उप निर्वाचन हेतु बनाये गये कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों के साथ समाहरणालय सारण में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में आवश्यक निदेश दिया गया। बैठक में निवार्ची पदाधिकारी, छपरा नगर निगम-सह-उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी, अपर समाहर्ता, मो० मुमताज आलम एवं सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि उप निर्वाचन हेतु सारण जिला के छपरा नगर निगम के वार्ड-01-45 तक वार्डो में कुल-01 मुख्य पार्षद पद पर 22 जनवरी को मतदान एवं मतगणना का कार्य 24 जनवरी को होगा। साथ ही निवार्ची पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गयी कि चुनाव लड़ने वाले विधिमान्य अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर विहित प्रपत्र में प्रतीक आवंटन कर दिया गया है। सभी अभ्यर्थियों को राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त अनुदेशों, नियमों, परिपत्रों का गहन अध्ययन कर उसका अनुपालन करना होगा। जिला स्तर पर गठित ई०वी०एम० कोषांग द्वारा निर्धारित ई०वी०एम० को मतदान केन्द्रवार अपनी उपस्थिति में सील कराना तथा गश्ती दल दण्डाधिकारियों के माध्यम से मतदानदलों को हस्तगत करने का निदेश दिया गया। इसके अलावे जिलाधिकारी के द्वारा निवार्ची पदाधिकारी द्वारा किये जा रहे सभी कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निदेश दिया गया। उप निर्वाचन हेतु बनाये गये निर्वाचन कोषांग के प्रभारी जिला पंचायत राज पदाधिकारी को राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त निदेशो, अनुदेशों से संबंधित कोषांगों के प्रभारी पदाधिकारी, निवार्ची पदाधिकारियों को यथा समय अवगत कराने हेतु निदेशित किया गया। कार्मिक कोषांग के कार्यों एवं दायित्वों के समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिला के सभी कार्यालयों से पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं अनुसेवियों की सूची प्राप्त कर राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र में अधिष्ठापित कम्पयूटर में प्रविष्ट करवाना सुनिश्चित करेंगे। कुल-196 मतदान केन्द्रों पर मतदानकर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। मतदान दलों का गठन, नियुक्ति पत्र तैयार कर उसे तामिल कराना सुनिश्चित करेंगे। प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों की अनुपस्थिति में सुरक्षित मतदान कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया जाएगा। सभी पदाधिकारियों/कर्मचारियों को मतदान एवं मतगणना का नगरपालिका उप चुनाव के संदर्भ में सघन प्रशिक्षण, प्रशिक्षण कोषांग के माध्यम से सुनिश्चित कराया जाएगा प्रशिक्षण-सह-फोटोग्राफी कोषांग के नोडल पदाधिकारी के रुप में श्री गौरव शंकर, भूमि सुधार उप समाहर्ता सदर, छपरा को बनाया गया है। मतपत्र कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी विजय प्रताप, कोषागार पदाधिकारी सारण को बनाया गया है। इसके वरीय प्रभार में श्री संजय कुमार, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी है। सामग्री कोषांग के पभारी पदाधिकारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी सारण को ससमय सामग्री उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

शहर को डस्ट मुक्त को ले नई टेक्नोलॉजी व्यवस्था लागू करना आवश्यक : राजेश फैशन

निगम की बुनियादी ढांचा को मजबूत करना और पार्किंग व्यवस्था स्थापित करना पहली प्राथमिकता

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। नगर निगम की वर्तमान व्यवस्था को नई टेक्नोलॉजी के माध्यम से विकास की गति को तेज किया जाएगा, सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलकर गांधीजी के सपनों को साकार किया जाएगा, शहर वासियों की बुनियादी जरूरत को मजबूत किया जाएगा। उक्त बातें नगर निगम के मेयर प्रत्याशी राजेश फैशन ने स्थानीय डीएनए गार्डन में शुक्रवार की देर संध्या आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। मेयर प्रत्याशी राजेश फैशन ने प्रेस मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक कार्यों मेरा पहले से ही रुचि रहा है, शहर वासियों के लिए कुछ करने की तमन्ना है, नई टेक्नोलॉजी पर आधारित विदेशो के तर्ज पर नगर निगम की बुनियादी ढांचा को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शहर के लिए पहले से ही विकास का रोड मैप तैयार है, शहर के मतदाताओं की इच्छा होगी, तो निश्चय ही मुझे मेयर पद पर रह कर कार्य करने का सौभाग्य मिलेगा। मेयर प्रत्याशी ने प्रेस मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि नगर निगम के विकास के लिए रोड मैप पहले से तैयार है, और मुझे शहर की मतदाताओं पर पूरा भरोसा है कि इस बार अहिंसा का प्रतीक गांधीजी के चरखा छाप पर अपना बटन दबाकर सेवा करने का मौका अवश्य देंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजेश फैशन ने कहा यह भी कि नगर निगम की वर्तमान व्यवस्था को नई टेक्नोलॉजी पर पूर्ण रूप से आधारित करके शहर की डस्ट और सफाई व्यवस्था को लागू करना है, यही मेरी इच्छा है और शहर वासियों से मेरी अपील भी है कि मुझे एक बार सेवा का मौका दें, जनता की उम्मीद पर जरूर खड़ा उतरने का प्रयास करूंगा।आगामी 22 जनवरी को मेयर पद का चुनाव है, ऐसे में मेरा चुनाव चिन्ह चरखा छाप क्रम संख्या 9 पर बटन दबाकर नगर निगम की वर्तमान व्यवस्था को दुरुस्त करने का अवसर दें। उन्होंने प्रेस मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि नगर निगम की बुनियादी ढांचा दुरुस्त किए बिना, जल- जमाव की समस्या, विस्थापितों की समस्या, शहर में पार्किंग की समस्या, शहर में सब्जी सहित मीट -मछली एक जगह बेचने की व्यवस्था के अलावा अनेको समस्याएं हैं,जिसे दूर करना और शहर को डस्ट मुक्त व्यवस्था स्थापित करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मेरा जीवन समाज के प्रति समर्पित रहा है और मुझे हर वर्गों का समर्थन मिल रहा है, आप भी मुझे अपना बहुमूल्य वोट देकर विजयश्री दिलाए।

नगरा में एमओ व कार्यपालक सहायक कार्यालय में नहीं रहने से लाभुक हो रहे परेशान

- कई माह से गायब है प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी व पालक सहायक
- आरटीपीएस काउंटर पर तीन दिन है कार्यपालक सहायक की ड्यूटी, नहीं आते एक भी दिन

प्रात : किरण संवाददाता

नगरा। प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी व कार्यपालक सहायक कर्मी ये दोनो बाबूओ के लगातार अपने कार्यालय से अनुपस्थित रहने से ग्रामीण क्षेत्र के लाभुक से लेकर जनता तक परेशान है।वहीं शनिवार प्रखंड मुख्याल कार्यालय पहुंचे डुमरी निवासी संतोष कुमार गुप्ता ,घनश्याम सिंह ,महिला रेखा देवी ,मंजू देवी सहित आदि ने कहा कि हमलोग आय दिन प्रखंड मुख्यालय में राशन से सबंधित समस्या कार्य को लेकर आते हैं लेकिन एम ओ भी नहीं रहते है और ना हीं राशन से सबंधित कार्य करने वाले कोई कर्मी जिससे बराबर प्रखंड कार्यालय आकर निराश होकर वापस घर लौट जाना पड़ रहा है।वहीं प्रखंड क्षेत्र विभिन्न गांव के कई लोगों ने भी बताया कि हमलोग करीब दो माह से बराबर एम ओ से मिलने के लिए आरटीपीएस कार्यालय में जाते हैं लेकिन उनका टेबल खाली रहता है।जिससे दूर दराज से आए हुए लाभुको को अच्छी खासी परेशानियो का सामना करना पड़ता है।दूर दराज से महिला चलकर या सवारी वाहन से राशन कार्ड लाभुको को अपनी अपनी समस्या को लेकर प्रखंड कार्यालय आना पड़ता है।लेकिन यहां सरकारी बाबुओं व अधिकारी हो या कर्मी दोनो में से किसी से भेंट नही होता है।सूत्रों की माने तो उक्त कार्यपालक सहायक को सप्ताह में तीन दिन राशन कार्ड से सबंधित कार्य करने के लिए नगरा आरटीपीएस काउंटर पर रहने के लिए आदेश दिया गया है लेकिन सप्ताह में तीन दिन कौन कहे एक दिन भी नहीं आती है जिससे लाभुको को अच्छी खासी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है।वहीं इस मामले में नगरा प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने भी अधिकारी व कर्मी क्यों नहीं बैठ रहे इसका संतोष जनक जवाब नही दी।लेकिन राशन कार्ड से सबंधित समस्या को लेकर आए लाभुको की समस्या सुनी।

नेशनल इंश्योरेंस कंपनी ने सूद समेत राशि का किया भुगतान

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। नेशनल इंश्योरेंस कंपनी ने उपभोक्ता आयोग के आदेश का पालन करते हुए खैरा थाना के रामपुर कला निवासी राणा जय मंगल सिंह को 6 लाख 75 हजार 820 रुपए का चेक का भुगतान किया। बताते चले की खैरा थाना के रामपुर कला निवासी राणा जय मंगल सिंह ने 25 अक्टूबर 2018 को उपभोक्ता आयोग में वाद संख्या 82/18 दाखिल किया था। जिसमें उन्होंने दशार्या था कि उन्होंने एक बोलेरो गाड़ी खरीदी थी। जिसका इंश्योरेन्स नेशनल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा कराया था। जो उनके घर से 21 दिसंबर 2016 को चोरी हो गई जिसको लेकर वह प्राथमिक की दर्ज करने खैरा थाना गए परंतु थाना द्वारा प्राथमिक की दर्ज नहीं किया गया तब मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय परिवार पत्र दाखिल किया जिसे मुख्य दंडाधिकारी ने खैरा थाना में अग्रसारित कर दिया तब उनकी प्राथमिक दर्ज हो सकी। इंश्योरेंस कंपनी द्वारा बार-बार दौड़ाए जाने के कारण उन्होने आयोग में अपना परिवाद पत्र दाखिल किया था। आयोग के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह एवम सदस्य मनमोहन कुमार तथा श्रीमती मंजु कुमारी ने सुनवाई के पश्चात बोलेरों गाड़ी की विमित राशि का 20% कटौती कर भुगतान करने का आदेश दिया था।

राजकीय मध्य विद्यालय रघुनाथ गिरी के मठिया की छात्र छात्राएं अब सीसीटीवी कैमरे की जद में करेंगे पढ़ाई

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय रघुनाथ गिरी के मठिया की छात्र छात्राएं अब सीसीटीवी कैमरे की जद में पढ़ाई करेंगे तथा अब तीसरी आंख की जद में छात्र छात्राओं एवम शिक्षकों पर निगरानी की जाएंगी। उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामजीत राम द्वारा अभि

संक्षिप्त खबरें

जनता दरबार में मामलों का निष्पादन मुख्य लक्ष्यः सीओ

नोखा (रोहतास) स्थानीय थाना परिषद में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें शनिवार को दो पीड़ित लोगों ने शिकायत दर्ज कराया। जिस मामलों का निष्पादन तत्काल निष्पादन कराया गया। इस संबंध में सीओ सुमन कुमार ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार में प्रखंड क्षेत्र के लोग अपनी शिकायत संबंधी आवेदन लेकर आते है। जिनकी समस्या का निष्पादन हेतु त्वरित विभागीय सुनवाई भी की जा रही है। जो शनिवार को आयोजित जनता दरबार दो लोगों के मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी सहित आम जनता मौजूद रहें।

बाइक सवार हुआ जख्मी

काराकाट (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कुरुर पुल के समीप बाइक पलटने से बाइक पर सवार युवक बुरी तरह से जख्मी हो गए। सूत्रों के अनुसार बताया जाता है की जख्मी युवक मनीष सिंह उर्फ मुन्ना सिंह काराकाट प्रखंड क्षेत्र के पंडेडिहरी गांव का निवासी बताया जाता हैं। जख्मी युवक किसी कार्यवश अपने गांव पांडेडिहरी से चिक्सिल होते हुए किरूर गांव की ओर अपने बाइक से जा रहे थे, जाने के क्रम में यह घटना घटित हुई। घटना स्थल के आस पास मौजूद लोगों ने आनन फानन के स्थिति में प्राथमिक इलाज के लिए बिक्रमगंज शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर अस्पताल के चिकित्सकों ने जख्मी युवक का इलाज शुरू दिया। इलाज कर रहें चिकित्सकों ने बताया की जख्मी युवक खतरें से बाहर हैं।

सड़क दुर्घटना में शिक्षक जख्मी

संझौली (रोहतास) स्थानीय थाना क्षेत्र के आरा- सासाराम मुख्य मार्ग पर के-के हाई स्कूल के समीप शनिवार की आमने-सामने से दो बाइकों की टक्कर में एक बाइक चालक बुरी तरह जख्मी हो गए। स्थानीय लोगो की सहयोग से जख्मी को इलाज के लिए स्थानीय पीएचसची में भर्ती कराया गया। जहां बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों द्वारा रेफर कर दिया गया। घायल ब्यक्ति शिक्षक दयाशंकर प्रसाद उम्र करीब 35 वर्ष पिता राजेंद्र प्रसाद जो अमेठी ग्राम के निवासी बताए जाते है। बताया जाता है कि दयाशंकर प्रसाद अमेठी गांव से वह अपनी बाइक से पढ़ाने के लिए गोडारी स्कूल जा रहे थे। इसी बीच स्थानीय थाना मोड़ के समीप एक बाइक ने टक्कर मार दी। जिसके कारण वह बुरी तरह जख्मी हो गए।

मारपीट मामलें में दो को जेल

सूर्यपुरा (रोहतास) स्थानीय पुलिस ने पूर्व कांड के दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के धर्मागतपुर निवासी बादशाह पासवान एवं विमलेश पासवान को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पूर्व में आपसी विवाद को लेकर मारपीट हुई थी। जिस मामले में दोनों अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 122/ 23 के आलोक में मारपीट करने का मामला दर्ज था।

शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

नसरीगंज (रोहतास) स्थानीय पुलिस ने फ्रूटी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि शराब कारोबारी आलमगंज सासाराम निवासी धर्मेंद्र चौधरी को 20 पीस एट पीएम फ्रूटी शराब के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी अपने ससुराल नासरीगंज थाना क्षेत्र के अमियावर आया हुआ था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि अमियावर बाजार पर एक शराब कारोबारी आया हुआ है, तो त्वरित मामले को संज्ञान में लेते हुए स्थानीय पुलिस चिन्हित स्थल पहुंच रंगे हाथों कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया। श्री कुमार ने कहा कि गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया।

शराबी को पुलिस ने भेजा जेल

बिक्रमगंज (रोहतास) पुलिस ने शराब के नशे में धुत एक शराबी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नासरीगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के घड़ी निवासी पप्पू कुमार को शराब के नशे में अमियावर बाजर से गिरफ्तार किया गया।

गणतंत्र दिवस तैयारी को लेकर डीएम ने की बैठक

सासाराम (रोहतास) जिला मुख्यालय सासाराम डीआरडीए सभागार में गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर डीएम नवीन कुमार ने समीक्षा की। बैठक में एडीएम चन्द्रशेखर प्रसाद, डीडीसी शेखर आंनद, एसडीएम आशुतोष रंजन के अलावा अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। डीपीआरओ धर्मवीर कुमार ने बताया कि गणतंत्र दिवस तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक के बाद परेड सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि को लेकर निर्देश दिया गया।

सहारा इंडिया निवेशक संघर्ष मोर्चा की बैठक जेपी स्मारक आरा के पास संपन्न : क्यामुद्दीन अंसारी

सहारा इंडिया के खाताधारकों का रुपया लौटाने की मांग पर आंदोलन होगा तेज

प्रात : किरण संवाददाता

आरा,साहारा इंडिया निवेशक संघर्ष मोर्चा के संयोजक और भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी ने एक ब्यान जारी कर संवाददाताओं को बतलाया कि आज दिन के 12 बजे से जे.पी.स्मारक आरा के पास सहारा इंडिया के खाताधारकों और ऐजेन्टों की संयुक्त बैठक हुई. जिसमें सहारा इंडिया के खाताधारकों के डुबे हुए रुपये के मूल-धन सूद सहित वापस करने के सवाल पर गहन विचार विमर्श हुआ. जिसमें तय किया गया कि हम सभी खाताधारक अपने रुपये की बरामदगी तक कानूनी लड़ाई के साथ साथ आंदोलन का रास्ता भी अख्तियार करेंगे. इस बैठक कि अध्यक्षता भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य व सहारा इंडिया संघर्ष मोर्चा के संयोजक क्यामुद्दीन अंसारी ने की. सहारा इंडिया के खाताधारकों को संबोधित करते हुए क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी जी की सरकार सहारा इंडिया के निवेशकों का पैसा लौटाने की इक्क्षूक नहीं है क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा किअगर सरकार की मंशा रुपया लौटाने की होती तो सुप्रिम कोर्ट ने छोटे निवेशकों के रुपये लौटाने के लिए 5000 करोड़ रिलिज किया था पर सहकारिता मंत्री आमित साह जी की निष्क्रियता की वजह से महज 208 करोड़ रुपया ही लौटाया जा सका. भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि आगामी बजट मे सहारा इंडिया के खाताधारकों का रुपया लौटाने का प्रावधान नहीं होता है तो सहारा इंडिया निवेशक संघर्ष मोर्चा 2 फरवरी 2024 को देश के प्रधानमंत्री के साथ साथ सहकारिता मंत्री का भी पुतला फूंक डालेंगे. आज की बैठक मे सामिल प्रमुख लोगों मे मनोज कुमार सिन्हा, राजु प्रसाद उर्फ नेता जी, राजीव रंजन, विजय कुमार चौधरी, सियाराम यादव ,सुरेन्द्र प्रसाद, शान्ति देवी, उषा देवी, निलम देवी, सबिना खातुन,रंजु देवी.लिलावती देवी.कृष्णा प्रसाद थे

भाजपा कार्यकर्ता पहुंचा रहें भगवान श्री राम अक्षत को घर-घर

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व बजरंग दल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता भगवान श्री के पवित्र अक्षत को घर-घर पहुंचा रहें है। जिसको लेकर प्रखंड क्षेत्र के खैरा भूधर पंचायत में शनिवार को अक्षत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के प्रांत संयोजक रजनीश और जिला संयोजक अनिल कुमार सिंह से अक्षत के साथ निवेदन पत्र श्री राम प्रभु का चित्र प्राप्त करते घर-घर पहुंच लोगों के बीच अभियान चलाया गया।मौके पर सदस्यों ने लोगों से मिलते हुए बताया कि राम मंदिर का निर्माण नही यह एक सनातन राष्ट्र का उदय निर्माण हो रहा है। जिसको लेकर भारत एक बार फिर विश्व गुरु बनने के पथ पर चल पड़ा है। ज्ञात हो कि देश के राम मंदिर के लिए पूर्व में हमारे राष्ट्र भक्तों ने अपने प्राण तक निछावर कर दिए हैं। जो विगत 1992 के कार सेवकों को सच्ची श्रद्धांजलि 22 जनवरी को स्थापित करके सनातनी उन्हें देंगे। साथ ही साथ 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। जिस पावन दिन को घर-घर दीप जला भगवान श्री राम के याद में भक्तिमय होकर दीपावली अवश्य मनाएं। जिस अवसर पर शहर के विभिन्न मंदिरों में कीर्तन-भजन भी आयोजित होगी। इसके लिए लोग एक-दूसरे को जागरुक करने का अवश्य संकल्प लें। काराकाट लोकसभा के संयोजक नवीन चंद्र शाह,किरण प्रभाकर मुखिया राजेंद्र गुप्ता, सरोज सिंह,वार्ड संतोष कुमार सिंह,अमरदीप सिंह,छोटू गुप्ता,अवधेश यादव,रिंकू, इंद्रदेव चौधरी,पन्नालाल साह,करमू महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

पश्चिम बंगाल से अयोध्या के लिए पैदल चले राम भक्तों को किया गया स्वागत

- रात्रि विश्राम के बाद सुबह में रामभक्तो को उत्तर प्रदेश के सीमा तक पहुंचाए

प्रात : किरण संवाददाता

रामगढ़ : पश्चिम बंगाल से राम भक्त पदयात्रा के द्वारा अयोध्या पहुंचने का लिया संकल्प रामगढ़ बदीपुर निवासी राजवीर गुप्ता के यहां किए रात्रि विश्राम। डेढ़ साल पूर्व पश्चिम बंगाल के अभिषेक शर्मा व विशम्भर कलिता ने लिया अयोध्या के राम मंदिर उद्घाटन में पदयात्रा कर पहुंचने का संकल्प। 4 दिसंबर 2023 को बगोदर के संकट मोचन मंदिर के पुरोहित सीताराम पांडे के द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर पदयात्रा आरंभ करायें। जहां स्थानीय लोगों के द्वारा फूल माला पहनकर स्वागत किया गया वही दोनों राम भक्तों ने कैमूर जिला के रामगढ़ बंदीपुर में राजवीर गुप्ता के निवास स्थान पर रात्रि विश्राम किया राजवीर गुप्ता , शिवाजी पांडेय , सुनील गुप्ता इत्यादि साथियों के द्वारा सुबह दोनों राम भक्तों को जयघोष करते हुए पैदल यात्रा कर बडौरा उत्तर प्रदेश बॉर्डर तक पहुंचाएं एवं राम भक्तों को आर्थिक मदद भी किया। दोनों राम भक्तों ने कहा कि हम लोग जहां-जहां पहुंचे वहां पर राम भक्तों के द्वारा भरपूर सहयोग किया जा रहा है ।और 24 व 25 जनवरी तक हम लोग अयोध्या पहुंचने का निर्णय लिए हैं। पहुंच कर राम लाल के दर्शन के करेंगे।

पूज्य अक्षत कलश का वितरण हर-घर हर मोहल्ले हर धर्म समाज के लोगों के बीच निमंत्रण दिया गया

प्रात : किरण संवाददाता

आराः वार्ड नंबर 22 महाजन टोली नंबर 1 में वार्ड पार्षद रेखा जैन के निर्देशन में आगामी 22 जनवरी 2024 अयोध्या में होने वाले महा अनुष्ठान मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री रामचंद्र जी के मंदिर में विराजमान होने के पूर्व वहां से आए हुए पूज्य अक्षत कलश का वितरण हर-घर हर मोहल्ले हर धर्म समाज के लोगों के बीच उनके दरवाजे पर जाकर अक्षत समर्पित,दीपक, एवं निमंत्रण का कार्यक्रम किया जा रहा है साथ ही उन सभी सनातनियों से निवेदन भी किया जा रहा है। उस दिन अपने अपने इलाके के सभी मंदिरों में घी के दीए जलाएं और अपने दरवाजे को दीपावली सा घी के दिए से जगमग कर इस ऐतिहासिक महान उत्सव के साक्षी बने उस दिन हर घर अयोध्या लगे क्योंकि अपने सनातन की पद्धति रही है। इसमें बिभु जैन के नेतृत्व में विश्व हिंदू परिषद के नगर संयोजक , राजन जी, सुशील मिश्रा, दिनेश सिंहा, ओंकार अग्रवाल,दीपक अग्रवाल,आलोक चंद्रवंशी,सोनू सिंह, रौशन कुमार,अमर कश्यप, विकाश रजक, विवेक ओझा,भागवत सूरी और बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित थे

कलश अक्षत पहुंचते ही नगर परिषद हुआ राममय

प्रात : किरण संवाददाता

नोखा (रोहतास) श्रीराम मंदिर उत्सव को लेकर पूजित अक्षत कलश को नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में वितरण किया गया। अयोध्या में श्रीराम लला मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के लिए अक्षत कलश वितरण समारोह में लोग बढ़ चढ़ कर भाग भी ले रहें है। जो नगर के विभिन्न वार्डों में श्रीराम मंदिर उत्सव तहत कार्यकर्ता अक्षत कलश लेकर घर घर पहुंच रहें है। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री सुनीता गुप्ता ने बताया कि हर ग्राम, हर मोहल्ला अयोध्या धाम जैसे हो इस उद्देश्य से अक्षत के द्वारा हर घर में भगवान श्री राम चित्र के साथ निमंत्रण दिया जा रहा है। जिस पावन अवसर पर 22 जनवरी को पूरे देश में उस दिन दीपावली मानेगी।

मुंडेश्वरी बाजार में पूजा सामग्री दुकानदार के दो परिवार आपस में भिड़े

प्रात : किरण संवाददाता

भगवानपुर मुण्डेश्वरी शनिवार की तड़के सुबह मुंडेश्वरी बाजार में स्थित पूजा सामग्री दुकान के दो दुकानदार के परिवार श्रद्धालुओं के बीच बिक्री को लेकर आपस में जा भिड़े। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। इसमें एक पक्ष से सुनील साह व उसकी पत्नी सीमा देवी है, जबकि दूसरे पक्ष में अंकित कुमार कुशवाहा व उसकी पत्नी रिंकू देवी तथा अंकित कुमार का बाप है। इस मामले में एक पक्ष की महिला सीमा देवी पति सुनील साह ने थाने की पुलिस को आवेदन देते हुए बताया है कि शनिवार की तड़के सुबह करीब 7 बजे श्रद्धालुओं की एक जत्था से भरी बस मुंडेश्वरी बाजार में स्थित मां मुंडेश्वरी इंटरनेशनल होटल के सामने खड़ी हुई, जिसमें से श्रद्धालुओं का जत्था उतरकर सर्वप्रथम उक्त होटल में स्नान किया, फिर पैदल हीं माता मंदसौर धाम के माता मुंडेश्वरी मंदिर के लिए प्रस्थान करने लगा। आवेदिका सीमा देवी के बताए अनुसार इस बीच वह तथा उनके पति श्रद्धालुओं के उक्त जत्था से पूजा सामग्री की खरीदारी करने के लिए आग्रह करने लगे, इस पर बगल का दुकानदार अंकित कुमार कुशवाहा तथा उसकी मां रिंकू देवी एवं उसके पिता ने उन्हें लाठी डंडों से मारकर घायल कर दिया। इधर सामने वाले पक्ष से भी पुलिस को आवेदन देकर उचित कार्रवाई की गुहार लगाई गई है। इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के अभियुक्तों को थाने बुलाकर फिलहाल लॉकअप में बंद कर दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अनिल प्रसाद ने बताया कि दोनों हीं पक्ष गरीब परिवार से ताल्लुक रखता है, वैसे फिलहाल जनप्रतिनिधियों के दखलअंदाजी से मामले को रफा-दफा करने की प्रक्रिया जारी है, यदि मामला रफा-दफा नहीं होता है तो पुलिस आगे की कानूनी कार्यवाही करेगी।

पूर्व विधायक स्वर्गीय धर्मपाल सिंह के पुण्यतिथि समारोह मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

आरा : श्री कृष्ण चेतना समिति सभागार में पूर्व विधायक स्वर्गीय धर्मपाल सिंह के पुण्यतिथि समारोह श्यामकुमार मुन्नु के अध्यक्षता में मनाया गया।समारोह के संचालन अखील भारतवर्षीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष यादव रामसकल सिंह भोजपुरिया ने किया।समारोह के उद्घाटन समाजवादी नेता प्रो विजय सिंह मुखिया ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया।अपने सम्बोधन में प्रो विजय सिंह मुखिया ने कहा कि धर्मपाल सिंह समाजवाद के प्रखर प्रहरी थे उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन गरीब लोगों के सेवा में लगाते हुए6जनवरी2015को इस दुनिया से चल बसे।अपने अध्यक्षीय भाषण में श्यामकुमार मुनु ने कहा कि उनके मार्गदर्शन में मैं राजनीत में पढ़ा बढ़ा उनके कदम से कदमचलना हमारी राजनीति विवशता है क्योंकि जो उनके राजनीति स्कूल से मैंने सीखा है उसी कदम पर चलकर उनके अधूरे काम को आगे बढ़ा सकते हैं।समारोह को सम्बोधित करने वाले लोगो मे श्री भगवान पासवान बिरेन्द्र पासवान सुरेश पासवान सन्तोष सिंह रबिन्द्र सिंह परमानन्द यादव धर्मेंद्र प्रधान जगदीश राम रामकल्याण कुशवाहा डॉ सुखदेव शर्मा धनजी प्रसाद विजय पासवान हरेराम पासवान कन्हैया सिंह राजेन्द्र सिंह रामसुजान सिंह सुरेश यादव लालमोहर सिंह कामेंद्र सिंह भोला सिंह बालेश्वर सिंह सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

पैक्स अध्यक्षों के साथ धान अधिप्राप्ति से संबंधित बैठक की गई एवं आवश्यक दिया गया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

कैमुर भभुआ जिला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार के द्वारा पैक्स अध्यक्षों के साथ धान अधिप्राप्ति से संबंधित बैठक की गई एवं आवश्यक निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा वैसे पैक्स जिनके द्वारा 40% पूर्व से प्राप्त उउ का उपयोग कर लिया गया है एवं 10% उटफजमा कर दिया गया है , उन्हें 20% उउ विमुक्त करने का निर्देश सहकारिता बैंक को दिया गया ताकि निर्वाध रूप से धान की अधिप्राप्ति की जा सके। गुणवत्ता नियंत्रक के रूप में प्रतिनियुक्ति तीन प्रखंडों के प्रखंड कृषि पदाधिकारी को इस कार्य में रुचि नहीं लेने के कारण तत्काल प्रभाव से हटाने एवं नए पदाधिकारी प्रतिनियुक्त करने का निर्देश उट, रत्रछ को दिया गया।

उटफगिराने वाले पैक्सो की राशि 48 घंटे के अंदर सहकारिता बैंक को हस्तांतरित करने का निर्देश उट, रत्रछ को दिया गया। बैठक में उट, रत्रछ, जिला सहकारिता पदाधिकारी, पैक्स अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी/ कर्मी उपस्थित थे।

सुरक्षा के दृष्टिकोण से भोजपुर जिले के 591 विद्यालयों का चयन चारदीवारी निर्माण के लिए किया गया : उप विकास आयुक्त

प्रात : किरण संवाददाता

आरा : जिला पदाधिकारी के निर्देश अनुसार जिले के सभी प्रखंडों में कुल 591 विद्यालयों का चयन चारदीवारी निर्माण के लिए किया गया है। चयनित सभी विद्यालयों का चारदीवारी कार्य का निर्माण महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कराया जाएगा। उप विकास आयुक्त भोजपुर ने बताया कि शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने इस संबंध में ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि सूबे के बहुत से ऐसे प्रारंभिक विद्यालय हैं जहां चहारदीवारी की समस्या है। चाहरदीवारी नहीं रहने तथा क्षतिग्रस्त एवं अपूर्ण रहने के कारण विद्यालय के बच्चों तथा शिक्षकों में सुरक्षा का अभाव रहता है। साथ ही असहजता बनी रहती है। चहारदीवारी विहीन विद्यालय में भूमि के अतिक्रमण की संभावना भी बनी रहती है। जिसे देखते हुए सभी प्राइमरी स्कूल की घेराबंदी कराने की पहल की जा रही है। जिस विद्यालय में चहारदीवारी नहीं है। वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाएगा। इसके लिए मनरेगा योजना से राशि का भुगतान किया जाएगा। इस कार्य को सम्पन्न करने के लिए शिक्षा पदाधिकारी भोजपुर और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा के द्वारा अब तक जिले में कुल 591 विद्यालयों का चयन किया गया हैं चारदीवारी के निर्माण से सुरक्षा के साथ साथ विद्यालय के जमीन के सीमाओं का सीमांकन भी होगा औरआवारा जानवरों के प्रवेश बंद हो जायेगे। चारदीवारी निर्माण के बाद विद्यालय परिसर हरा भरा रहे इसके लिए मनरेगा के द्वारा पौधारोपण भी कराया जायेगा ।जिला कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष के समाप्त होने तक 100 विद्यालयों का निर्माण का लक्ष्य दिया गया है, इन सभी 100 विद्यालयों के चारदीवारी निर्माण के कार्य इस महीने के अंत तक शुरू कर दिए जाएंगे। जिले के अलग-अलग प्रखंडों के 30 से अधिक विद्यालय के चारदीवारी कार्य शुरू कर दिए गए हैं जो इस महीने पूर्ण भी कर लिए जाएंगे।

बीएचयू बलात्कार कांड के आरोपियो के घर कब चलेगा बुलडोजर : देव कुमार सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

आराः भाजपा शासित राज्यों में बढे महिला उत्पीड़न के मुद्दे को उठाते हुए युवा जदयू के प्रदेश महासचिव देव कुमार सिंह ने कहा की राष्ट्रीय महिला आयोग के आंकड़ों से यह स्पष्ठ हो गया है कि भाजपा शासित राज्यों में महिलाओ पर कहर बरपाया जा रहा है।आयोग के मुताबिक पिछले वर्ष महिलाओ के खिलाफ पुरे देश में हुए अपराधों में से आधे से अधिक मामले सिर्फ उत्तरप्रदेश से हैं।16 हजार से अधिक शिकायतों के साथ यूपी जहाँ नंबर 1पर है ,वही नंबर 2 और तीन पर क्रमश दिल्ली और महाराष्ट काबिज हैं।गौरतलब हो कि महाराष्ट में भी भाजपा सरकार है ,वही दिल्ली कि कानून व्यवस्था भी इन्ही के हाथों में है। छोटे मोटे मामलो में भी दोषियों के घरों पर बुलडोजर देने वाली यूपी कि भाजपा सरकार बीएचयू बलात्कार कांड के आरोपियो के भाजपा पदाधिकारी निकलने पर चुप्पी साध कर बैठ गई है ।भाजपा को बताना चाहिए कि क्या उनका बुलडोजर आरोपित कि पार्टी, जाती और धर्म देख कर निकलता है ।अगर उनके बुलडोजर का तेल खत्म हो गया हो तो वह भी बताएं, उन्हें पैसे भेज दिए जाएंगे। जदयू महासचिव ने कहा कि वास्तव में महिलाओ की सुरक्षा के मामले में मुंह में राम बगल में छुरी की नीति पर चलती है ।हकीकत में भाजपा के नेता आज भी पुराणी सामंतवादी सोच के शिकार हैं ।दिखावे के लिए यह बेटी बचाओ की बात करते हैं।

आरा में भाई ने बड़े भाई का मारपीट के दौरान दबाया गला

नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा मोहल्ले में शनिवार की सुबह घटी घटना

- गंभीर हालत में उक्त युवक का सदर अस्पताल में कराया जा रहा है इलाज

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। शहर के नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा मोहल्ले में शनिवार की सुबह मामूली विवाद को लेकर भाई ने बड़े भाई की पहले पिटाई की। इसके बाद उसका गला दबा दिया। जिससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गई।

जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए हर सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार उक्त युवक नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा मोहल्ला निवासी कलेक्टर ठाकुर का 21 वर्षीय पुत्र ओम ठाकुर कुमार है। इधर उक्त युवक के पिता कलेक्टर ठाकुर ने बताया कि उनका छोटा बेटा नारायण बराबर शराब पीकर नशे की हालत में घर में आकर मारपीट और गाली-गलौज करता है। शनिवार की सुबह भी वह नशे की हालत में आकर गाली-गलौज कर रहा था। तभी उसके बड़े भाई ओम कुमार ने उसे मना करने किया तो उसने कहा कि तुम मना करने वाले कौन हो।

इसी बात को लेकर उसने उसकी पहले पिटाई की। इसके बाद उसके गर्दन में हाथ लगाकर उसका गला दबा दिया। जिससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गई। इसके बाद हमलोग फौरन वहां पहुंचे और उसे छुड़ाया इसके बाद उसे इलाज के लिए अरशद अस्पताल ले आए। वहीं दूसरी ओर उक्त युवक के पिता कलेक्टर ठाकुर ने अपने छोटे बेटे नारायण पर अपने बड़े ओम कुमार को मारने एवं गला दबाने का आरोप लगाया है।

कपूरी ठाकुर जयंती को लेकर नाई संघ ने की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

शिवसागर (रोहतास) पूर्व मुख्यमत्री कपूर्री ठाकुर जयंती को लेकर नाई संघ ने चेनारी डाक बंगला परिसर में एक बैठक की। जयंती समारोह को सफल बनाने हेतु संघ के बीच विशेष चर्चा की गई। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें प्रखंड अध्यक्ष रमाशंकर शर्मा ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन हमेशा कमजोर वर्ग के लोगों के लिए समर्पित रहा। इसी वर्ग के लिए परिश्रम करते रहे। जिन्हें भारत के स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ तथा बिहार राज्य के दूसरे उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं। लोकप्रियता के कारण उन्हें जन-नायक कहा जाता था ।जिनके सपनों को साकार करते हुए उनके जयंती को प्रखंड क्षेत्र में 24 जनवरी को धूमधाम से मनाया जायेगा। इस अवसर पर कन्हैया शर्मा, अयोध्या प्रसाद शर्मा, अशोक शर्मा, पप्पू कुमार शर्मा, वकील शर्मा, पंकज कुमार शर्मा, रामनारायण शर्मा, डॉ० श्याम राज ठाकुर, डॉ० सुशील कुमार ठाकुर, यदुवंश ठाकुर, ललन ठाकुर, राजेश्वर ठाकुर, संजय ठाकुर, हरिद्वार शर्मा, डॉ० रंजीत ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

आरा में स्कॉर्पियो ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर

- जख्मी युवक का आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है इलाज
- टाउन थाना क्षेत्र के धनुपरा के समीप शुक्रवार की शाम घटी घटना

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। शहर के टाउन थाना क्षेत्र के धनुपरा के समीप शुक्रवार की शाम स्कार्पियो ने बाइक सवार एक युवक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है ।जानकारी के अनुसार जख्मी युवक टाउन थाना क्षेत्र के बघुअतपुर गांव निवासी नागेंद्र कुमार का 25 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार है। इधर जख्मी युवक के परिजन ने बताया कि शुक्रवार की शाम वह बाइक से अपने गांव से कायमनगर की ओर जा रहा था ।इस दौरान धनुपरा के समीप पीछे से आ रही स्कॉर्पियो उसके बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया।

मकर संक्रांति और रक्षाबंधन पर्व पर भी शिक्षक विद्यालय में पढ़ाएंगे

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) इस नए वर्ष में सरकारी शिक्षक मकर संक्रांति व रक्षाबंधन जैसे त्योहार अपने परिवार के साथ नहीं माना पाएंगे। इन त्योहारों पर भी उन्हें अपने स्कूलों में ड्यूटी करनी होगी। बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी प्राथमिक, मध्य व माध्यमिक विद्यालयों के लिए जारी अवकाश तालिका में इन त्योहारों पर भी छुट्टियां नहीं दशार्यी गई हैं। सबसे हैरत वाली बात तो यह है कि इस बार बच्चों के लिए ग्रीष्मावकाश 15 अप्रैल को ही शुरू हो जाएगा, 15 मई तक रहेगा। मतलब साफ है कि 15 मई के बाद भीषण गर्मी में विद्यालय खुल जाएंगे। शिक्षकों को ग्रीष्मावकाश के दौरान भी विद्यालय पहुंच कर शैक्षणिक, प्रशासनिक व कार्यालय सम्बन्धी कार्य निपटाने होंगे। गांधी जयंती सहित अन्य महापुरुषों की जयंती पर भी अवकाश नहीं रहेगा। इन अवसरों पर महारुरुषों की जयंती मनानी होगी। नए कलेंडर के अनुसार शनिवार को भी विद्यालय शाम पांच बजे तक संचालित होंगे। प्रधानाध्यापक या शिक्षा पदाधिकारी अपने स्तर से किसी तरह का कोई अवकाश घोषित नहीं करेंगे। विशेष परिस्थिति में राज्य मुख्यालय से स्वीकृति के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी अतिरिक्त अवकाश घोषित कर सकेंगे। सभी प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक व संस्कृत बोर्ड के विद्यालयों को इस आदेश का अनुपालन करना होगा।

संक्षिप्त खबरें

बिजली चोरी के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शेरघाटी। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता ने बिजली चोरी के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ जुमार्ना के साथ थाने में मुकदमा दर्ज किया है. पुलिस से की गई शिकायत में शहर के मिश्रा टोला निवासी संतोष कुमार के खिलाफ 26617 रुपया, गोला बाजार निवासी विजय कुमार के खिलाफ 42891 रुपया एवं गढ़ मुहल्ला के रहने वाले मोहम्मद ईरार के विरोध 17495 रुपया जुमार्ना के साथ प्राथमिकी दर्ज किया है. उन्होंने बताया कि बाईपास कर ये लोग बिजली का उपयोग कर रहे थे. इधर पुलिस ने बिजली विभाग के शिकायत पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है।

घर से पढ़ने निकली छात्रा अबतक नही पहुंची घर

शेरघाटी। घर से पढ़ाई के लिए निकली नौवीं कक्षा की छात्रा के गायब हो जाने की शिकायत परिजनों ने शनिवार को पुलिस से किया है. मामला शेरघाटी थाना क्षेत्र से जुड़ा है. पुलिस से की गई शिकायत में छात्रा के परिजनों ने कहा है, कि रोज की तरह वह स्कूल जाने के लिए घर से करीब 10 बजे निकली थी. जबकि देर शाम तक वह घर नहीं लौटी. तो हम लोगों ने उसका खोजबीन शुरू किया। परन्तु कुछ भी पता नहीं चल सका. छात्रा के माता-पिता ने पुलिस को बताया कि हमें अंदेशा है, कि गांव के ही एक युवक ने शादी का प्रलोभन देकर हमारी नाबालिग बेटी को भाग ले गया है।

छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

शेरघाटी। युवती के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने थाना क्षेत्र के खंडैल गांव से एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी सुधीर मांझी के खिलाफ 29 सितंबर 2017 को छेड़छाड़ के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था. थाने में की गई शिकायत में युवक पर आरोप था कि अपने साथियों के साथ मिलकर उसने लकड़ी चुनेने गई लड़की के साथ छेड़छाड़ किया था. पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर लगातार प्रयास में लगी थी. इसी दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

अरवल। जिला निर्वाचन पदाधिकारी वर्षा सिंह एवं पुलिस अधीक्षक मोहम्मद कासिम के द्वारा अरवल जिला मुख्यालय के सदर प्रखंड परिसर में स्थित ई॰वी॰एम गोदाम हाउस का संयुक्त रूप से मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में ई॰वी॰एम वेयरहाउस साफ-सुथरा पाया गया। जिला पदाधिकारी के द्वारा सुरक्षा में तैनात पुलिस बल को कई आवश्यक निर्देश दिए गए

डीएम ने भू अर्जन विभाग के पदाधिकारियों व संबंधित अधिकारियों एसडीओ के साथ की समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

गया। जिला पदाधिकारी गया डॉक्टर त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में भू अर्जन विभाग से संबंधित समीक्षा बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में की गई। डीएम से जिला भूअर्जन पदाधिकारी के सकत साथ सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को कहा कि गया जिले से होकर कई नेशनल परियोजना की सड़कें का निर्माण किया जा रहा है। कई योजना संचालित है। सभी अधिकारी का दायित्व है कि उक्त परियोजन के संचालन में कही कोई दिक़्कत नही हो इसके लिये नियमित समीक्षा एव कार्य की प्रगति को देखते रहे। परियोजना में गया जिला का जो पैच है वो पूरी अच्छी तरह बने, इसे ध्यान दे। भू अर्जन कार्यालय से संचालित योजनाएं एकेआइसी अमृतसर दिल्ली कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर, एनएच 119डी भारत माला आमस से रामनगर, एनएच 02 औरंगाबाद से चोरदाहा सिक्स लेन चौड़ीकरण, एनएच 83 पटना गया डोभी 4 लेन चौड़ीकरण, बंधुआ से पैमार रेलवे लाईन हेतु भूमि अधिग्रहण, डीएफसीसीआईएल परियोजना, एनएच 82 गया हिसुआ बिहारशरीफ फोर लेन चौड़ीकरण आदि की समीक्षा की गई है।अमृतसर दिल्ली कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर के समीक्षा में जिला पदाधिकारी ने जिला भू अर्जन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि तेजी से शत प्रतिशत राशि रैयतों के बीच मुआवजा वितरण करने का अंतिम निर्देश दिया है। जिला भू अर्जन पदाधिकारी ने बताया कि अमृतसर दिल्ली कोलकाता आद्योगिक कॉरिडोर के तहत कुल 13 मौजा 1670.22 एकड़ का रकबा है। इस परियोजना के निर्माण हेतु 253 करोड़ के विरुद्ध 160.55 करोड़ रुपए का वितरण किया जा चुका है। इस परियोजना में 1579 हितबद्ध रैयतों है, जिसके विरुद्ध 1172 रैयतों को भुगतान की जा चुकी है। रैयतों की जमाबंदी पूर्वजों के नाम के होने के कारण वर्तमान रहे लोगो को भुगतान में थोड़ी धीमी प्रगति है मुआवजा भुगतान हेतु मौजावार शिविर का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने अमृतसर दिल्ली कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर योजना के तरह एलपीसी निर्गत में धीमी प्रगति को देखते हुए निर्देश दिया कि कैंप के माध्यम से रैयत के बीच एलपीसी निर्गत करने में तेजी लावे। जिला पदाधिकारी ने सख्त निर्देश दिया कि भूमि के मापी के नाम पर कार्य धीमा ना रखें। अधिक से अधिक एलपीसी निर्गत करें। रैयतों की सूची बनाएं और कैंप के माध्यम से एलपीसी निर्गत करें। प्रतिदिन उक्त प्रोजेक्ट की समीक्षा अंचल अधिकारी से करें साथ ही रैयतो को उनकी भूमि अधिग्रहण से संबंधित पूरी जानकारी दें। जानकारी के अभाव में रैयतों को मुआवजा प्राप्त हेतु आवेदन जनरेट नही हो रहा है। जिला पदाधिकारी ने जिला भू अर्जन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि रैयतों का अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त करने हेतु अंचल कार्यालय के साथ-साथ जिला भू अर्जन कार्यालय में भी आवेदन प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

भारत संकल्प यात्रा रथ का आगमन

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। ओबरा प्रखंड के ग्राम पंचायत तेजपुरा के पंचायत भवन में एवं रतनपुर ग्राम गिरा में 6 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ का आगमन हुआ। यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आम ग्रामीणों को बताया गया। जैसे जन धन योजना, आयुष्यमान भारत योजना, जीवन ज्योति बीमा पॉलिसी, जीवन सुरक्षा योजना, अटल पेंशन योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशनकार्ड अन्य सभी तरह के योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया रिंकी देवी एवं सफल संचालन सरपंच डॉ विजेंद्र प्रजापति जी ने किया।इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष व सासाराम लोकसभा प्रभारी संजय मेहता मौजूद रहे। श्री मेहता ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से देश के तमाम वंचित एवं असहाय परिवारों के लिए वरदान सिद्ध हो रहा है बिहार में हमारी सरकार नहीं रहने के कारण बिहार सरकार के कर्मचारी इस कार्यक्रम को असफल बनाने में लगे हुए हैं किंतु भारतीय जनता पार्टी के ऊजार्वान कार्यकर्ता के बदौलत यह कार्यक्रम सफल और लाभकारी सिद्ध हो रहा है।वही श्री मेहता ने कहां की 2047 तक हमारा देश विश्व स्तर पर विकसित राष्ट्रों में शामिल होगा वर्तमान केंद्र की मोदी सरकार जिस प्रकार से देश की जनता के काम कर रही है इससे देश में गरीब शब्द का नाम बहुत जल्द समाप्त हो जाएगा केंद्र सरकार द्वारा दर्जनों ऐसी योजनाएं चलाई जा रही है जिसका सीधा लाभ वंचित असहाय परिवार को पहुंच पा रहा है बिहार सरकार केंद्र की योजनाओं का अपने श्रेय लेने में जुड़ी हुई है वहीं मोदी सरकार बिना किसी भेदभाव को देश के समुचित क्षेत्र में काम कर रही है इस कार्यक्रम मे नोडल पदाधिकारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विकास कुमार मुखिया प्रतिनिधि अनिल गुप्ता, ओबरा भारतीय स्टेट बैंक के मैनेजर सुभाष ठाकुर, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक मैनेजर नीरज कुमार, पूर्व सरपंच तपेश्वरी देवी, प्रेम देवी, पंचायत सेवक विकास कुमार, आवास सहायक आकाश कुमार पंचायत, कमल कुमार सिंह कृषि समन्वयक, भूपेंद्र नारायण सिंह, सुनीता कुमारी सीएचो एवं सैकड़ो महिला एवं ग्रामीण जनता उपस्थित रहे कृषि वैज्ञानिक डां अनूप चौबे के द्वारा आम किसानों को जैविक खेती करने का सलाह तथा नैनो यूरिया उपयोग करने को कहा। नहीं तो रसायनिक खाद से आपका खेत बंजर हो जायेगा। ड्रोन कैमरे द्वारा किसान भाइयों के लिए कीटनाशक छिड़काव के लिए डेमो के माध्यम से बताया गया।आम ग्रामीणों को 2047 तक विकसित भारत बनाने का शपथ द्वारा संकल्प दिलाया गया।

औरंगाबाद से भेजी गई अजमेर शरीफ चादर

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। अजमेर शरीफ के दरगाह में चादरपोशी को ले औरंगाबाद से मुस्लिम-हिंदू समुदाय द्वारा चादर भेजी गई। आपसी भाईचारा कायम रखना और शांति का संदेश देता देने के लिए सर्व धर्म हिंदू मुस्लिम एकता की ओर से चादर 16 को भेजी गई। चादर घूमना का शनिवार को मुस्लिम समुदाय के और हिंदू समुदाय के लोगों ने शहर में चादर घूमने के लिए निकले हैं जो 18 तारीख को वहां पर औरंगाबाद का बना हुआ तिरंगा चादर चढ़ाया जाएगा। आपसी भाईचारे के साथ-साथ चादर भेजी गई। पैगाम ए इंसानियत मुस्लिम समुदाय के अध्यक्ष मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी औरंगाबाद के हिंदू मुस्लिम एकता की ओर से चादर भेजी जा रहा है और भाईचारा का संदेश के साथ देश प्रदेश जिले में चादर पूरे शहर में शनिवार से घुमाया जाएगा और लोगों से अमन चैन का पैगाम देने के लिए भेजी गई। कहते हैं कि ख्वाजा के दरबार जो आता है कभी खाली हाथ नहीं जाता है। अजमेर शरीफ के दरगाह में जाने पर एक रूहानी सुकून मिलता है। दरगाह में क्या बड़ा छोटा-बड़ा, आमिर-गरीब सभी अपनी मुरादों को पूरी करने के लिए बड़ी उम्मीदों से यहां पर आते है। अजमेर शरीफ दरगाह का भारत में बड़ा महत्व है। खास बात यह भी है कि ख्वाजा पर हर धर्म के लोगों का विश्वास है। मो. फारूक, टिक्का खान, शोएब अख्तर, मो. फिरोज, मो. फैज, भोलू खान, मजहर हुसैन, मो. सद्दाम उपस्थित रहे।

मंत्री आलोक मेहता अरवल राजस्व से संबंधित दाखिल खारिज स्थिति की समीक्षा की

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार एवं गन्ना उद्योग मंत्री आलोक कुमार मेहता शनिवार की पहुँचे अरवल। इस दौरान राजस्व एवं भूमि सुधार एवं गन्ना उद्योग मंत्री आलोक कुमार मेहता के अध्यक्षता मे राजस्व से संबंधित सभी विषयों की अरवल जिले के स्थिति की समीक्षा की गई। मुख्य रूप से दाखिल खारिज की समीक्षा की गई। अपर समाहर्ता द्वारा बताया गया कि हाल के दिनों में दाखिल खारिज में काफी प्रगति हुई है। दाखिल खारिज में लंबित मामलों का प्रतिशत 12 से घटकर 6 पर आ गया है। परिमार्जन का निष्पादन लगभग शत प्रतिशत किया जा रहा है। सभी पंचायतों में सभी सरकारी भूमि का सर्वेक्षण करा लिया गया है। लगभग 21 प्रतिशत आधार सीडिंग का कार्य समपन्न करा लिया गया है। अभियान बसेरा में 547 वासभूमिहिन लोगों का सर्वेक्षण कर लिया गया है और उनकों भूमि बंदोवस्त कराने की तैयारी चल रही है। मंत्री द्वारा सभी भूमिहीन लोगों को भूमि बंदोवस्त कराने का निदेश दिया गया। साथ ही शत प्रतिशत दाखिल खारिज निष्पादन करने का निदेश दिया गया। बैठक में जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह, पुलिस अधीक्षक मोहम्मद कासिम, अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी अंचल अधिकारी एवं सभी राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

नाबालिग छात्रा के साथ मनचलों ने किया दुष्कर्म

भागलपुर। देशभर में नाबालिग लड़कियों के साथ शोषण करने व उनके साथ दुष्कर्म करने जैसे कई आपराधिक घटनाओं की रोकथाम को लेकर एक तरफ जहां बिहार सरकार और केंद्र सरकार महिला सशक्तिकरण की बात की ढोल पीटते दिख रही है। वही दूसरी तरफ युवतियों व महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के सारे दाबे व योजनाएं खोखली साबित होते दिख रही हैं। सरकार की सारी नीतियों के बीच आज भी कई क्षेत्र में महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस करते चल रही है।इसी कड़ी में एक और दुष्कर्म का मामला मामला गोराडीह थाना परिक्षेत्र इलाके में घटित होने की बात सामने आयी है। घटना को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक एक आठवीं क्लास की 14 वर्षीय नाबालिक छात्रा के साथ कुछ मनचले युवकों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। घटना की जानकारी उस वक्त मिली जब पीड़िता छात्रा अपने पिता के साथ मिलाकर न्याय की गुहार ले महिला थाना पहुँची थी। जहां घटना को लेकर पीड़िता छात्रा ने बताया कि जब में अपने घर से समोसा खरीदने के लिए बाजार जा रही थी तभी दो मनचले बाइक सवार युवकों ने जबर्न मुंह दबाकर बाइक पर बैठाया और नदी के किनारे ले जाकर गंदा काम किया इस दौरान जब में रोती बिलखती लेकिन उन लोगों ने नहीं छोड़ा वही जब उन लोगों के चंगुल से किसी तरह निकल कर अपने घर पहुंची और अपनी आपबीती घटना को परिवार

भारत वर्ष की महिला बिहार सरकार से पुछ रही है क्यों हटाए होड़िग

प्रात : किरण संवाददाता

गया।पटना मे शनिवार को आयोजित होने वाले महिला विकास मंच के राष्ट्रीय अधिवेशन शुरू होने के पहले ही पटना प्रशासन के द्वारा महिला विकास मंच द्वारा लगाये गये सभी बेनर होडिंग को क्यो हटाया गया भारत वर्ष कि महिला बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उप मुख्यमंत्री से पुछ रही है।इस होडिग कबडने की सुचना पाकर महिला विकास कि राष्ट्रीय संरक्षिका और भारत वर्ष कि आई महिला विकास मंच कि टीम रात में ही सडको पर निकल गयी। सभी नेताओं का पोस्टर क्यों नहीं निकाला गया, सिर्फ महिला विकास मंच का ही पोस्टर क्यों कबडवाया गया यह एक बिहार सरकार पर सवाल खड़ा होती है। नौ वा अधिवेशन को शाती पुर्ण मनायी जा रही थी लेकिन नौ प्रदेश के महिला विकास मंच के पोस्टर को क्यो कबाडा गया, प्रशासन से पुछने पर पता चला की उपर से आदेश था।इस मोके पर राष्ट्रीय संरक्षिका वीणा मानवी ने बताया कि हमारे राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष तारा सेवता बनने जा रही थी इससे क्या डर गयी सरकार। इसके अधिवेशन के लिए मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री ने कोन्फ्रेस से बात हुई है उसके बाद ऐसा क्या होगया की महिला विकास मंच का पोस्टर किस चीज का गुस्सा उतारा गया है।इस पोस्टर में बिहार के सरकार से लेकर बिहार और विश्व के गाणी गिणामी लोग का फोटो लगा था,खान सर का भी पोस्टर में था। बिहार में पहली बार महिलाओं का राष्ट्रीय अधिवेशन होने जा रहा था। लेकिन बिहार सरकार महिला के विकास कि बात करती है वही बिहार सरकार,दुसरी तरफ होडीग एवं बैनर उतरवाने की वजह क्या था महिला पुछ रही है सरकार से?अपने मुकाम से हासिल करने वाली महिलाओं को भी सम्मानित करने जा रही है महिला विकास मंच बिहार की धरती पर।

जदयू जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र महतो को सम्मानित किया

प्रात : किरण ब्यूरो

जमुई। आज कुशवाहा कल्याण समिति की ओर से जमुई जदयू के नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र महतो जी को शाल एवं फूल मालाओं के साथ सम्मानित किया गया। मौके पर हलसी प्रखंड के जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह कुशवाहा कल्याण समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ मुन्नी जी के नेतृत्व में कुशवाहा बन्धुओं ने जदयू जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र महतो जी को सम्मानित किया गया। राजीव रंजन ने कहा कि आपको बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी के साथ साथ सभी समाज के लोगों को भी आप पर भरोसा है कि आप सभी को साथ लेकर चलने में सक्षम है।आपके नेतृत्व में सभी लोगों को सम्मान मिला और मिलता रहेगा। जिससे कि पार्टी के साथ साथ समाज को आगे बढ़ाने में आपकी भूमिका अहम होगी। शैलेन्द्र महतो ने कहा कि मैं हमेशा सबों को सहयोग किया हूं और आगे भी करता रहूंगा। सभी तबके के लोगों का मैं सम्मान करता हूं। समाज हीत और पार्टी हीत के लिए सबका साथ और सबका विकास पर काम करने की जरूरत है। मौके पर रामगढ़ जदयू प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो लक्षमण महतो मसुदन महतो दरखा पंचायत के पूर्व मुखिया दानी महतो सचिव रामानंद महतो प्रोफेसर जय प्रकाश प्रसाद बैजनाथ महतो भोला महतो मकेश्वर महतो रामचन्द्र महतो उपस्थित थे।

हिट एंड रन के तहत वाहनजनित सड़क दुर्घटना में मृत्यु के श्रमिक को मिलेगी दो लाख

अरवल। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिसूचित टक्कर मारकर भागना मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर स्कीम 2022 हिट एंड रन मामले के तहत वाहनजनित सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम श्रमिक को (दो लाख) रुपये मात्र का मुआवजा राशि दी गई है। जिला पदाधिकारी अरवल द्वारा जनवरी को मृतक के आश्रितों को उक्त स्कीम के तहत कुल-08 व्यक्तियों को स्वीकृति आदेश दिया गया है जिसकी विवरणी निम्नवत है।

क्रम संख्याः- मृतक का नाम/दावेदार का नामः सुहैल अख्तर/रकीबा खातुन, अमरजीत कुमार/दिलकेश्वर पासवान, रोहित कुमार/मदन सिंह, राजु कुमार/विरेन्द्र यादवु, राकेश कुमार/रंजन कुमार, रमण राजवंसी/बिरेन्द्र चौधरी, बिरेन्द्र कुमार,जनेश्वर यादव, शिवमुनि सिंह, सोना देवी मुआवजा भुगतान की अग्रेतर कार्रवाई साधारण बीमा परिषद, मुम्बई द्वारा की जाएगी। इसके लिए अरवल जिला पदाधिकारी द्वारा स्वीकृत आदेश को जिला परिवहन कार्यालय, अरवल द्वारा साधारण बीमा परिषद, मुम्बई को भेजा जा रहा है।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बोधगया प्रखंड की भागीदारी पर चर्चा हुईः डॉ गगन मिश्र

प्रात : किरण संवाददाता

गया। जिला कांग्रेस कमिटी गया के अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्र के नेतृत्व में पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव,पूर्व जिला अध्यक्ष राम उदय प्रसाद,युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विशाल कुमार और उपाध्यक्ष रामाश्रय सिंह और धर्मेंद्र कुमार निराला पदाधिकारियों के द्वारा आज बोधगया प्रखंड का दौरा किया गया है।इस बैठक में बूथ कमिटी के गठन और राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बोधगया प्रखंड की भागीदारी पर चर्चा हुई है।इस बैठक की अध्यक्षता बोधगया प्रखंड अध्यक्ष रामजी मांझी ने की और मंच संचालन शिवशंकर प्रसाद ने की है।इस बैठक में जिला अध्यक्ष ने इस बात का निर्देश दिया कि यथाशीघ्र बूथ कमिटी का गठन किया जाए और कमिटी में 50 प्रतिशत युवाओं की भागीदारी हो।इसके साथ हीं महिलाओं की भी अधिक से अधिक भागीदारी होनी चाहिए।उन्होंने कहा की राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बिहार में सात जिलों से गुजरेगी जिसमे सासाराम और औरंगाबाद भी शामिल हैं। हम सभी तैयारी करें और जहां प्रदेश अध्यक्ष का निर्देश हो वहां पूरी ताकत के साथ अधिक से अधिक संख्या में जुटकर राहुल का भव्य स्वागत करें और इस ऐतिहासिक यात्रा में अपनी भागीदारी दें।पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद यादव,राम उदय प्रसाद,विशाल कुमार,धर्मेंद्र निराला और रामाश्रय सिंह ने भी अपने व्यक्ति में संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया है। इस बैठक में बिनोद यादव,रामलखन यादव,अब्दुल अजीज,शैलेंद्र वर्मा,शांति देवी,कुमुद देवी,सागर कुमार,हैप्पी कुमार,जितेंद्र यादव,सुनील कुशवाहा,उदय पासवान,बीरेंद्र यादव, गोलू कुमार,राहुल गुप्ता,रामप्रीत चौधरी,बदरुद्दीन खान आदि कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता रौनक सिंह सेठ बने भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के जिला संयोजक

प्रात : किरण संवाददाता

गया । भाजपा गया जिला की एक बैठक आहूत हुई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू ने किया है । मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर के साथ प्रदेश महामंत्री राजेश कुमार वर्मा एवं क्षेत्रीय प्रभारी राजेश कुशवाहा उपस्थित रहे हैं। आज की बैठक में कमीटी का विस्तार करते हुए वाणिज्य प्रकोष्ठ के गठन पर सहमति बनी है । जिसमे प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी एवं वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रोफेसर जगन्नाथ गुप्ता जी के निर्देश पर गया जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू द्वारा उपस्थिति में सरदार रौनक सिंह सेठ को भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ गया जिला का जिला संयोजक मनोनीत किया गया है।इस मौके पर रौनक सिंह सेठ ने भाजपा नेतृत्व को धन्यवाद करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया है। इसके साथ ही दिए गए दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का आश्वासन दिया है। आज के इस मौके पर पूर्व विधायक श्यामदेव पासवान , प्रदेश क्षेत्रीय प्रभारी अनुसूचित जाति मोर्चा संजय रविदास , लोकसभा संयोजक क्षितिज मोहन सिंह , औरंगाबाद लोकसभा संयोजक अनिल सिंह एवं कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।समर्थकों में दिखी खुशी की लहर सभी लोगो ने मिलकर विश्वनाथ मेहरवार, शुभम श्रीवास्तव, राधेकांत शर्मा, जगविंदर सिंह गिल, बलजीत सिंह, सुधीर कुमार सिन्हा, राजेश कुमार , राहुल सिंह, सोनू कुमार, अजय टंडन एवं सैकड़ों की संख्या में लोगों ने दिया बधाई ।

डीलर एसोसिएशन ने 8 सूत्री मांगों का ज्ञापन अनुमण्डल पदाधिकारी को सौपा

प्रात : किरण संवाददाता

गया । गया जिला फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन जिला शाखा गया के बैनर तले जिला स्थित गांधी मंडप के प्रांगण में 1 जनवरी2024 से सरकार के समक्ष लंबित 8 सूत्री जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं के मांगों के पूर्ति होने तक हड़ताल के अवधि में जिला मुख्यालय बनाया गया उक्त अवसर पर संपूर्ण जिला के सभी प्रखंडों के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं का गया स्थित गांधी मंडप में उपस्थित हुए जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महेंद्र कुमार सिंह के द्वारा किया गया बैठक में विचारणीय विषय सदर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा अनुमंडल के सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्षों सचिवों एवं सक्रिय जन वितरण विक्रेताओं एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी को जिला अध्यक्ष महेंद्र कुमार सिंह एवं जिला सचिव डॉ विजय कुमार यादव के नेतृत्व में सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष एवं सहायक जिला पूर्ति पदाधिकारी अरुण कुमार के देखरेख में सदर अनुमंडल स्तर पर बैठक किया गया जिसकी अध्यक्षता सदर अनुमंडल पदाधिकारी किसलय कुमार श्रीवास्तव के द्वारा किया गया बैठक में एसोसिएशन के उपस्थित सभी पदाधिकारी से सदर अनुमंडल पदाधिकारी एवं सहायक जिला पूर्ति पदाधिकारी ने बारी-बारी से वार्ता करते हुए 1 जनवरी से चले आ रहे अनिश्चित करनी हड़ताल को जनहित में समाप्त करने एवं पोस मशीन को नियमित संचालन करने का आग्रह किया गया है। जिस पर एसोसिएशन ने भी सरकार के समक्ष अपनी लंबित 8 सूत्री मांगों से संबंधित एक मांग पत्र अनुमंडल पदाधिकारी सदर गया को समर्पित किया गया। जिस पर अनुमंडल पदाधिकारी सदर गया ने एसोसिएशन के पदाधिकारीयों को भरोसा और विश्वास दिलाये कि अनुमंडल स्तर का जो भी मांग होगा में उस मांग को मंडल स्तर पर पूरा किया जाएगा और जो सरकार के स्तर का होगा उसे अपने अनुशंसा के साथ सरकार के पास भेजना सुनिश्चित करेंगे।इसके बाद बैठक की कार्यवाही समाप्त किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी एवं सहायक जिला पूर्ति पदाधिकारी एवं सदर अनुमंडल के सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के साथ जो वार्ता हुआ उसे गांधी मंडप प्रांगण में उपस्थित सभी हड़ताली साथियों को अवगत कराते हुए आगे की अपनी मांगों को पूर्ति होने तक अनिश्चित हड़ताल जारी रखने का सर्व समिति से निर्णय लिया गया है। यह भी निर्णय लिया गया जिला स्थित सभी जनप्रतिनिधियों को पक्ष हो या विपक्ष के सभी जनप्रतिनिधियों को भी एक प्रतिनिधि मंडल मिलकर अपनी मांग से संबंधित मांग पत्र सौंपना सुनिश्चित करेंगे इसके लिए 7 जनवरी से सुविधा अनुसार जनप्रतिनिधियों को मांग समर्पित करेंगे, आगे ही साथ ही साथ 8 जनवरी को गया जिला अंतर्गत सभी प्रखंड के मुख्यालयों पर अपने अपने प्रखंड के प्रखंड आपूर्ति के पदाधिकारी या प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपनी मांग पत्र समर्पित करते हुए सरकार में भेजने का आग्रह करेंगे।

लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत डस्टबिन का हुआ वितरण

मुंगेर। बरियारपुर प्रखंड के बरियारपुर दक्षिणी पंचायत अंतर्गत गांधी पुर गांव के वार्ड संख्या 05 में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार के मौजूदगी में डस्टबिन का वितरण किया गया मुकेश कुमार ने उपस्थित घर वालों से कहा कि आप सभी लोग अपने घर के कूड़े कचरे को इसी डस्टबिन में डालेंगे कचरे को कहीं अन्यत्र नहीं फेकेंगे सरकार की यह स्वच्छता योजना को सफल बनाएं जब घर स्वच्छ रहेगी तो घर का वातावरण भी शांतिपूर्ण होगा सुपरवाइजर सुधांशु कुमार एवं स्वच्छता कर्मी अभिषेक कुमार एवं स्वच्छता कर्मी मुकेश कुमार ने बताया कि वार्ड संख्या 05 में लगभग 200 घरों के लिए 400 डस्टबिन का वितरण किया गया है प्रत्येक घरों के लिए दो डस्टबिन दिया जा रहा है जिसमें घर के कूड़े कचरे डालेंगे जिसे स्वच्छता कर्मी के द्वारा ले जाया जाएगा उसके अलावा भी अगर उस वार्ड में डस्टबिन के लिए कुछ घर बच जाएंगे तो उन घरों को भी डस्टबिन दिया जाएगा ।

मौके पर वार्ड सदस्य रानी देवी

नगर निगम के बैठक में 3.15 करोड़ की राशि से कार्ययोजना का किया गया पारित

प्रात : किरण संवाददाता

गया। नगर निगम के सभागार में शनिवार को निगम बोर्ड की बैठक मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई है। जबकि बैठक का संचालन स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य डॉ. अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने किया है।इस आयोजित बैठक में शहर की विकास के लिए कई अहम फैसले पर सदस्यों ने मुहर लगाई है। सशक्त स्थायी समिति के सदस्य डॉ. अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि शहर में बढ़ती प्रदूषण पर नियंत्रण पर फोकस विशेष करना होगा। इसके अलावा शहर में साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर में प्रदूषण बढ़ने का मुख्य कारण नियम का ताक पर रखकर में बेतरतीब मकानों का निर्माण हो रहा है। सदस्यों ने सदन में प्रस्ताव पारित करते हुए कहा कि बिना मकान को ढके नहीं तो तोड़ा जाएगा नहीं ही निर्माण कार्य किया जाएगा। ऐसे करने वाले मकान मालिकों पर जुमार्ना के साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। साथ ही सड़कों पर प्रत्येक दिन वाटर स्प्रिंकलर मशीन से पानी का छिड़काव होगा। इससे शहर में वायु प्रदूषण में कम आ सके।320 बड़े-छोटे नाली-नालाओं का तीन करोड़ 15 लाख राशि से होगी साफ- सफाई लोकसभा चुनाव में आदर्श आचार संहिता को देखते निगम बोर्ड से 3.15 करोड़ की राशि से नाले की साफ-सफाई को लेकर कार्ययोजना का पारित किया गया है। इसमें 2.78 करोड़ की राशि से छोटे नालियों एवं 37 लाख की राशि बड़े नौ नाले की सफाई की जाएगी। बरसात में शहर में जलजमाव की स्थित नहीं बने। जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति पर मुहर लगी गई है। इसके अतिरिक्त 54 नालाओ में मशीन से सफाई में लगाई जाएगी।शहर में सफाई व्यवस्था का और अधिक सुदृढ़ करने के लिए बैठक में कई फैसले लिया गया है। पुरानी सफाई गाड़ियों को मरम्मति करने का निर्णय लिया गया है। कई पुरानी गाड़ियों नगर निगम के स्टोर में मरम्मति नहीं होने से जंग लग रहा है। पुरानी गाड़ियों का मरम्मति होने सफाई व्यवस्था में और अधिक तेजी आएगी। इसके साथ ही शत प्रतिशत कचरे का उठाव होगा। वहीं कोरोना के मामले देखते केमिकल की खरीदारी करने का भी निर्णय लिया गया है। कोरोना बढ़ने पर शहर में घरों को सैनिटाइजर किया जा सके। शहर के सुंदर दिखने के लिए सरोवर भी सुंदर होना चाहिए। ऐसे में शहर के माध्यम भाग स्थित दिग्घी तालाब का बुडको द्वारा सुंदरीकरण किया जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

इस्तेहार वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवगछिया (भागलपुर)।बिहपुर थाना पुलिस ने अपर थानाध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आलोक में गौरीपुर गांव में दबिश दे एक इस्तेहार वारंटी को धरदबोचा है।वही वारंटी की गिरफ्तारी को लेकर बिहपुर थानाध्यक्ष राजेश रंजन ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी धनंजय चौधरी पिता स्व. परमानंद चौधरी काफी समय से पुलिस को चकमा देने के साथ फरार चल रहा था।जिसकी गिरफ्तारी को लेकर पुलिस काफी समय से प्रयासरत रही थी वही विगत रात्रि को गुप्त सूचना के आधार पर जानकारी प्राप्त हुई कि इस्तेहार वारंटी धन्जय चौधरी अपने गांव में आया हुआ है।वही उक्त मामले की सूचना के साथ पुलिस की टीम ने उसकी गिरफ्तारी करने में सफलता प्राप्त की है।वही पुलिस ने गिरफ्तार वारंटी का मेडिकल जांच प्रक्रिया के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

छः माह से फरारी अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे: प्रभारी

नवगछिया (भागलपुर)।झंडापुर ओपी थाना पुलिस ने विगत रात्रि में गुप्त सूचना के आधार पर खगड़िया जिले के गोगरी थाना क्षेत्र के धनकेत्ता गांव में अचानक दबिश देकर अपहरण मामले के छः माह से फरार अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है।वही मामले को लेकर झंडापुर ओपी थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त सकीचंद्र यादव अपहरण कांड अभियुक्त है जो विगत छः माह से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था।वही उनकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने गिरफ्तार सकीचंद्र यादव के विरुद्ध कानूनी प्रक्रिया पूरी कर मेडिकल जाँच के साथ ही न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

वाहन की ठोकर से व्यक्ति की हुई मौत

सिकंदरा थाना क्षेत्र के पिरिहिनडा गांव के समीप रात मौसम खराब होने और घने कोहरे के कारण एक अज्ञात वाहन चालक ने मारी ठोकर व्यक्ति की घटना स्थल पर हुई मौत बता दे विति रात अचानक मौसम खराब हो जाने के कारण घना कोहरा होंने के कारण वाहन चालक ने सिकंदरा थाना क्षेत्र के पिरिहिनडा गांव के समीप एक व्यक्ति को ठोकर मारी दुर्घटना होने के बाद अज्ञात व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई बताया जाता है जी घटना रात्रि में हुआ था इसलिए किसी को पता नहीं चल पाया लेकिन सुबह घने कोहरे मैं भी जब लोग चौंक के पास उपस्थित हुए तब वहां अचानक दुर्घटना ग्रस्त हुए व्यक्ति पर नजर पड़ा वहां पर उपस्थित लोग के द्वारा सिकंदर थाना को खबर दिया गया खबर मिलती ही सिकंदर थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर लाश को अपने में कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्डम के लिए जमुई भेज दिया बता दें कि अज्ञात व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है उसके पहचान के लिए पुलिस लगातार छानबीन कर रही है बिगड़ती हुए मौसम को देखकर उन्होंने बताया कि अज्ञात वाहन की भी पता नहीं चल भाई है उसकी भी खोज बिन जारी है।

उज्जवल भविष्य के लिए जरूरी है केरियर काउंसलिंग: प्राचार्य

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय नगरपारा भागलपुर प्रांगण में कैरियर इंफोटेक भागलपुर के कॉन्सेलर विकास कुमार के द्वारा कैरियर से संबंधित मार्गदर्शन किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य रोशन लाल पूरे सम्मान के साथ विकास कुमार का स्वागत करते हुए विद्यालय के सभी छात्रों से उनका परिचय कराते हुए कहा कि छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए जरूरी है करियर काउंसलिंग का एक ही मार्ग है। जिंदगी में सफल होने का एक ही रास्ता है, जिससे हर किसी को गुजरना पड़ता है, जरूरत है सही समय पर सही करियर का चयन करना। वही उपस्थित छात्र छात्राओं को मार्गदर्शित करते हुए विकास कुमार ने कहा कि करियर के चुनाव में किसी दबाव के बजाय स्वमूल्यांकन से करना चाहिए। जिसमें जिसकी ज्यादा रूचि रह हो उसके अनुसार आपको अपने करियर के चुनाव के प्रति काफी सहायता मिलेगी। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं में अनन्या, भावना, निधि, निपुण, अनुराग, अल्ताफ, अभिनव, नवनीत, सुमन, अनुरेखा, सुदर्शन, सौरभ, रतन, अजित के द्वारा कैरियर से संबंधित कई प्रश्न पूछा तो वही सभी के प्रश्नों का का सिलसिलेवार ढंग से जबाब देते हुए कोंसेलर विकास कुमार ने कई सुझाव परामर्श दिये थे। वही वरीय छात्र-छात्राओं के लिए स्पेशल काउंसलिंग का आयोजन किया गया था। आयोजनकर्ता अजीत कुमार ने बताया जिस बच्चे की रूचि जिस क्षेत्र में रहती है, उसी में कैरियर काउंसलिंग की मदद से एक स्पष्ट सोच विकसित करना ही हम सभी का उद्धेश्य है। सही समय पर उचित परामर्श आपको सफलता के मुकाम तक लेजायेगा। इस दौरान वरीय शिक्षक बी सी झा व अमूल्य कुमार वर्मा ने भी बच्चों के बेहतरी के लिए कई सुझाव के साथ संबंधित टिप्स दिए थे।

प्रीमियर लीग मैच का हुआ आयोजन

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर प्रखंड के अरसंडीह गांव क्षेत्र में प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का भाग एक के जिप प्रतिनिधि चंदन भारद्वाज, मुखिया उमेश यादव, ललन यादव, विकास यादव व मुकेश द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर मैच का उद्घाटन किया। इस दौरान उपस्थित प्रतिभागियों के बीच खेल की शुरूआत में मैच का अरसंडीह बनाम ढोरिया खरीक के बीच बेहतर खेला प्रदर्शन के साथ खेला गया। वही आयोजनकर्ता नंदन कुमार, सर्वेश कुमार ने बताया कि पहले टॉस जीतकर ढोरिया खरीक ने 16 ओवर में कुल 193 रनों का लक्ष्य रखा था, जबकि खेल के दूसरी पारी में अरसंडीह की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 11 ओवर में 194 रन बनाकर जीत हासिल कर विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया है।इस खेल प्रदर्शन के दौरान निर्णायक मंडल द्वारा मैन ऑफ द मैच अरसंडीह के खिलाड़ी अमन कुमार को घोषित किया गया तो वही निर्णायक की भूमिका राहुल फर्स्ट एंड राहुल सकेंड निभा रहे थे। कॉमेंटेटर के रूप में उज्जवल कुमार एवं अमन कुमार द्वारा बेहतर खेल प्रदर्शन का विश्लेषण करने का सहयोग कर रहे थे। इस मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ खेल का लुप्त उठाने में जमा रही थी।

एसपी ने जिला पुलिस को मिली बेहतर उपलब्धियों पर की विस्तृत चर्चा

- मासिक अपराध गोष्टी बैठक हुई सम्पन्न: एसपी सुशांत

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। नवगछिया पुलिस जिला के पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज ने अपने कार्यालय प्रांगण में आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी बैठक की चर्चा करते हुए पत्रकारो को बताया कि विगत वर्ष के दिसंबर माह में सामान्य विचारण के माध्यम से हत्या कांड में एक अभियुक्त की गिरफ्तारी के साथ ही आजीवन कारावास एवं 10 हजार का अर्थदंड की सजा दिलाने में पुलिस कर्मियों का बेहतर व सराहनीय योगदान रहा है। वही बिहार मद्ध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत 30 कांडों में 34 अभियुक्तों को सक्षम मजिस्ट्रेट द्वारा जुमार्ना पर छोड़ा गया। जबकि पुलिस टीम द्वारा कुल 4 अबैध आग्नेयास्त्र एवं 77 कारतूस बरामद किया गया। वही स्वांस मादक पदार्थ गाजा के मामले में पुलिस टीम ने कुल 6 किलोग्राम व स्मैक (बीएस) 3 सौ ग्राम को बरामद करने में सफलता प्राप्त की, तो वही इस माह में कुल 177 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जिसमें 5 हत्या, 5 लूट, 6 हत्या का प्रयास एवं 4 एससीएसटी के कांडों के अपराधी शामिल हैं। वही पुलिस टीम ने कुल प्रतिवेदित कांड के मामले में 217 और निष्पादित कांड में कुल 236 लोगों को सजा सुनाई की कार्रवाई की है। इस अवधि में बज्रा द्वारा गंभीर अपराध शीर्ष के मामले में पुलिस द्वारा कुल 15 अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। वही ऑपरेशन मुस्कान के तहत इस माह नवगछिया पुलिस द्वारा कुल 5 चोरी/गुम मोबाईल फोन बरामद कर वास्तविक मोबाईल धारक को सुपुर्द किया गया है।इस अवधि में कुल 75 पुलिसकर्मियों को नकद एवं कुल 625 पुलिस पदाधिकारी को शुसेवांक सम्मान से पुरस्कृत किया गया है। वही थाना स्तर पर एलटीएफ द्वारा एक माह में कुल 68 कांडों में कुल 85 गिरफ्तारी व 10 वाहन जप्त किये जाने के साथ भारी मात्रा में देशी विदेशी शराब जप्त किया है। इस दौरान पुलिस टीम ने एक भट्टी ध्वस्त करने की कार्रवाई के साथ ही 15 सौ लीटर अर्धनिर्मित देशी शराब विनष्ट करने का काम किया है।

तेतरिया जंगल से सर्च अभियान के दौरान हथियार, गोली व डेटोनेटर किया बरामद

प्रात : किरण ब्यूरो,पुरुषोत्तम कुमार

जमुई। पुलिस अधीक्षक ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी जमुई में पुलिस ने नक्सलियों के मंसूबे को असफल करने में कामयाबी हासिल की है। गुरुवार की रात सुरक्षाबलों व जिला पुलिस द्वारा चलाए गए संयुक्त सर्च अभियान में चरकापत्थर थाना क्षेत्र के तेतरिया जंगल से हथियार, गोली, डेटोनेटर व पावर जेल बरामद किया गया है। जो पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी मानी जा रही है।उक्त जानकारी शुक्रवार की दोपहर बाद एसपी डॉक्टर शौर्य सुमन ने प्रेस वार्ता कर दी है। एसपी ने बताया कि सूचना मिली थी कि पूर्वी बिहार पूर्वोत्तर झारखंड भाकपा (माओवादी) संगठन के सदस्य तेतरिया जंगल के पहाड़ी क्षेत्रों में किसी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से भ्रमणशील हैं। सूचना के उनके निर्देश पर नक्सल विरोधी अभियान की योजना बनाई गई और एक टीम का गठन किया गया। जिसमें एएसपी अभियान ओंकारनाथ सिंह, झाझा एसडीपीओ राजेश कुमार, एसएसबी 16वीं बटालियन के सहायक कमाडेंट आशीष वैष्णव, चरकापत्थर थानाध्यक्ष अभिनंदन कुमार व नक्सल सेल के पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया। फिर उक्त टीम के द्वारा सर्च अभियान शुरू किया गया। इसी दौरान टीम को संवेदनशील मूवमेंट दिखाई दिया। रात और घना कोहरा होने के बावजूद टीम ने सावधानीपूर्वक उक्त स्थान की घेराबंदी कर सर्च शुरू किया। इस क्रम में तेतरिया जंगल के पहाड़ी के समीप एक पत्थर के पास से 6 देसी मास्केट, 7.62 एमएम की 6 तथा 8 एमएम की 6 गोली के अलावा 2 पीस डेटोनेटर व 2 पीस पावर जेल बरामद किया गया।

लूट व गोलीबारी मामले में पुलिस ने एक लुटेरे को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण ब्यूरो चीफ

आरोप

- लूटी गई टैब व अन्य सामान बरामद
- 22 दिसंबर को दो अपराधियों के द्वारा लूटा गया था करीब 70 हजार रुपया, की गई थी गोलीबारी

जमुई 22 दिसंबर को सिकंदरा थाना क्षेत्र के धधौर गांव के पास बंधन फाइनेंस कंपनी के कर्मी से करीब 70,000 रुपया नगद समेत अन्य सामानों की लूट और गोलीबारी मामले में पुलिस ने एक लुटेरा को गिरफ्तार कर लिया है।लुटेरा के पास से लूटी गई टैब और एक मारफो स्कैनर बरामद किया गया है। गिरफ्तार लुटेरा की पहचान सिकंदरा थाना क्षेत्र के रानहन गांव निवासी स्वर्गीय दशरथ ठाकुर के पुत्र राकी ठाकुर के रूप में हुई है। उक्त जानकारी शुक्रवार की दोपहर बाद कार्यालय कक्ष में जमुई एसडीपीओ सतीश सुमन ने दी है।

उन्होंने बताया कि बंधन फाइनेंस कंपनी के कर्मी से लूट और गोलीबारी करने मामले में 22 दिसंबर को सिकंदरा थाना में मुकदमा दर्ज किया गया था।उसके बाद एसपी डॉक्टर शौर्य सुमन के निर्देश पर जमुई उनके नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। जिसमें सिकंदरा अंचल निरीक्षक श्रीकांत कुमार, सिकंदरा थाना अध्यक्ष विजय कुमार,एसआई मुकेश कुमार, मकसूद खान, जयप्रकाश तिवारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी के अलावा डीआईयू की टीम को शामिल किया गया।उसके बाद वैज्ञानिक अनुसंधान के तहत मामले का उद्बोधन कर मोबाइल लोकेशन के तहत मामले का पदार्फाश किया गया।साथ ही एक अपराधी रॉकी ठाकुर को गिरफ्तार किया गया।रॉकी ठाकुर के पास से लूट किया गया टैब सहित अन्य सामानों को भी बरामद किया गया है। इस घटना में दूसरे अपराध कर्मी तन्नू यादव को जेल भेजा जा चुका है।

अवैध हथियार के साथ दो अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे: एसपी सिटी

भागलपुर। जिले भर में अपराधी सक्रिय रूप से अपनी वारदात को अंजाम दे पुलिस को चुनौती दे फरार होने में सफल हो रहे हैं। इसी कड़ी में जिला पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बबरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर काली स्थान के आस-पास कुछ अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के फिराक में हथियार के साथ घुम रहे हैं। वही प्राप्त सूचना की सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुलिस उपाधीक्षक नगर के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा उक्त स्थल का घेराबंदी कर योजनाबद्ध तरीके से दोनों युवकों को अवैध हथियार के साथ धर दबोचा गया। वही पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों की पूछताछ जांच किये जाने पर पुतुल उर्फ आकाश कुमार पिता अजय मंडल व दूसरे ने ऋषि कुमार, पिता कैलाश मंडल दोनों साकिन महेशपुर थाना बबरगंज अपनी पहचान बताया है। वही पुलिस ने दोनों के पास से दो देशी कट्टा, 4 कारतूस बरामदगी की है। वही पुलिस ने दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत अग्रतर कार्रवाई करते हुए कई धाराओं में कांड दर्ज किया है। वही पुलिस जांच में गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों को लेकर पता चला है कि गिरफ्तार पुतुल उर्फ आकाश का अपराधिक इतिहास रहा है। जिसके विरुद्ध बबरगंज थाना में हत्या एवं आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज है।

भाजपा कार्यकताओं ने निशुल्क रजिस्ट्रेशन शिविर का किया आयोजन

आयोजन

- प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से लाभान्वित किये जाने को ले लगा शिविर: जिलाध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। विगत साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना का ऐलान किया था, यह योजना कारीगरों के लिए काफी लाभदायक साबित हो रही है। इस स्कीम में अगर कोई कारीगर अपना बिजनेस शुरू करना चाहते हैं तो वह कम ब्याज में योजना के तहत पांच लाख रुपये तक लोन ले सकते हैं। इस योजना के प्रारंभ होने के बावजूद अभी तक इस योजना का लाभ लोग नहीं उठा पा रहे हैं, जिसको लेकर एक विशेष योजना के तहत हर नजदीकी सीएससी केंद्र पर निशुल्क रजिस्ट्रेशन शिविर लगाया गया है। वही कामगारों और शिल्पकारों के नजदीकी सीएससी केंद्र पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन कराकर इस प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस शिविर को लेकर भागलपुर में भी सभी सीएससी केंद्रों पर निशुल्क रजिस्ट्रेशन कराया गया। गौरतलब हो कि इस योजना के तहत सुंदर लोहार चर्मकार जैसे लोग इसमें अपना लाभ ले रहे हैं। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष साह के अलावे दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

सेवानिवृत्त किये जाने को ले सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर थाना प्रांगण में बिहार ग्रामीण पुलिस से सेवानिवृत्त किये जाने को लेकर सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान चौकीदार रामोतार पासवान को मौजूद पुलिस कर्मियों ने उनके बेहतर कार्य सेवा पर चर्चा करते हुए कहा कि क्षेत्र इलाके में चौकीदार रामवतार ने एक बेहतरीन पुलिसिंग व्यवस्था बनाने के साथ साथ क्षेत्र में शांति बनी रहे इसके लिए उन्होंने जो कार्य किया वो काफी सराहनीय योगदान रहा है। इस मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह, बिहपुर थानाध्यक्ष राजेश रंजन कुमार, अपर थानाध्यक्ष विकास कुमार एवं अन्य पदाधिकारी द्वारा अंगवस्त एवं बुके देकर सम्मानित करते हुए भावपूर्ण विदाई दी। वही विदाई समारोह के क्रम में चौकीदार रामोतार पासवान की आंखें नम हो गई थी। उन्होंने सभी साथियों से गले मिलकर उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर दारोगा नवीन सिंह, सुजीत कुमार शर्मा, दफेदार डोमी मंडल, चौकीदार चंदन पासवान, मोती पासवान, रामचंद्र पासवान, मानस कुमार झा सहित अन्य पुलिसकर्मी के अलावा चौकीदार रामावतार का पूरा परिवार व काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

29 अपराधियों का नाम गुंडापंजी में दर्ज

एसपी श्री सरोज ने बताया कि विगत दिसंबर माह में कुल 29 अपराधियों का नाम गुंडा पंजी में दर्ज किया गया है। जिसमें रँगरा मुरली के शिवपूजन कुमार सिंह, अर्जुन कुमार सिंह, गोलू कुमार, बनिया के अमित कुमार, रँगरा भवानीपुर के प्रीतम कुमार, रंजीत यादव, सिमरिया के अभयकांत मंडल, अभिनंदन कुमार, ज्ञानिदास टोला के निवास पासवान, झललूदास टोला के बासुदेव मंडल, भीमदास टोला के दिलीप मंडल, मसुदनपुर बैसि के बलराम कुमार, गौतम कुमार, इस्माइलपुर के संजय ठाकुर, पप्पू मंडल, अजय ठाकुर, मिथुन मंडल, बोचाहि के सुधीर दास, बिहपुर अरसंडीह के धनवीर यादव, मिराचक मिल्की के जितेंद्र कुमार, मो. जावेद, बभनगामा के मो. आजाद, खरीक कठेला के अमित कुमार चौधरी, जोगसर भागलपुर के रवि कुमार चौधरी, बिहपुर के बिनोद यादव, मो. रकीब, सोनवर्षा दिलखुश राय, भागलपुर तिलकामांझी मुहिचक के कुमार गौरव, भवानीपुर ओपी क्षेत्र गनौल के पिंकु कुमार सिंह का नाम गुंडा पंजी में दर्ज किया गया है।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार ने तय की लोक अदालत की तारीख

प्रात : किरण ब्यूरो

- आगामी 9 मार्च 11 मई 14 सितंबर और 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

मुंगेर।राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली ने इस वर्ष आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तिथियां जारी कर दी है। राष्ट्रीय लोक सेवा प्राधिकार द्वारा जारी पत्र के अनुसार आगामी 09 मार्च, 11 मई, 14 सितंबर और 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। संपूर्ण देश में वर्ष 2021 में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 1.27 करोड़ वर्ष 2022 में 4.19 और वर्ष 2023 में 8.10 करोड़ मामलों का निपटारा किया गया है। मुंगेर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मुक्तेश मनोहर ने बताया कि इस वर्ष आयोजित की जाने वाली लोक अदालत में समझौता योग्य आपराधिक मामले जैसे चेक बाउंस के मामले, बैंकिंग, बीमा, वन अधिनियम क्लेम, सामान्य फौजदारी मुकदमा, दीवानी विवाद, राजस्व विवाद , दूरसंचार वाद, सर्विस मैटर, पेंशन मामले, वैवाहिक मुकदमा, भू अर्जन वाद ,मोटरयान दुर्घटना क्लेम, विद्युत वाद, पानी बिल से संबंधित मुकदमा, श्रम वाद एवं मजदूरी विवाद , धारा 138 नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट एवं अन्य सुलहनीय वादों की समझौता के आधार पर सुनवाई कर इसका निपटारा किया जाएगा। इस संबंध में आम जनों से अनुरोध किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में संबंधित विवाद से वादी और प्रतिवादी उपस्थित होकर अपने वादों का निष्पादन कराकर लाभ उठाएं तथा अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार मुंगेर के कार्यालय एवं संबंधित न्यायालय से संपर्क कर सकते हैं ।इस सम्बन्ध में शुक्रवार के दिन न्यायिक पदाधिकारी गण के साथ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्रीमती खुशबू श्रीवास्तव अपर मुख्य न्यायाधीश , प्रथम अपर न्यायिक दंडाधिकारी द्वितीय , अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी मुंसिफ प्रथम मुंसिफ द्वितीय सभी न्यायिक दंडाधिकारी मौजूद थे

जांबाज शहिद एसपी के सी सुरेन्द्र बाबू को दी गई श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। मुंगेर जिले के पुलिस विभाग ने मुख्यालय पुलिस लाइन में जांबाज मुंगेर के तत्कालीन आरक्षी अधीक्षक के सी सुरेंद्र बाबू के आदम का प्रतिमा पर माला अर्पण कर श्रद्धा श्रद्धा सुमन अर्पित किया । वहीं खड़गपुर थाना परिसर में के सी सुरेन्द्र बाबू के आदमकद प्रतिमा पर माल्या अर्पण किया गया और शाम को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। बता दें कि 05 जनवरी को के सी सुरेंद्र बाबू सहित खड़गपुर थाना क्षेत्र के सोनरबा जंगल में नक्सलियों ने विस्फोट कर उड़ा दिया था पुलिस विभाग के आला अफसर ने राज्य सरकार इस जांबाज के सी सुरेंद्र बाबू हत्याकांड की गुत्थी आज तक नहीं सुलझा पाई है और तो और नक्सलियों के खिलाफ पुलिस कर्मियों ने इस हत्या के गवाही से मुकर गए जिसके कारण तीन आरोपी राजकुमार दास भोला ठाकुर और मंगल राय को न्यायालय ने बरी कर दिया पुलिस विभाग की बहुत फजीहत के बाद फरवरी 2011 में इस केस को दोबारा खोलने का आग्रह किया गया। नई चार्जशीट में भोला ठाकुर, वचन देव यादव, शत्रुघन यादव,पी रासो दास नरेश रविदास मंगल राय बड़का सुनील प्रकाश यादव मंटू यादव भिखारी यादव प्रताप राम पंकज राम को शामिल किया गया है वर्तमान में यह केस ठंडी बस्ती में चला गया है एसपी हत्याकांड बिहार पुलिस के लिए चुनौती जहां बना हुआ है वहीं पुलिस विभाग के कई पुलिस पदाधिकारी और खादी धारी के ऊपर इस कांड के खून के छीटे से लाल हैं इस खून के छीटे की दाग बिहार सरकार और पुलिस विभाग के आला अधिकारियों ने धोने का प्रयास नहीं किया है जिसके कारण इस हत्याकांड से पर्दा नहीं उठ पाया है इस हत्याकांड के कई बिंदुओं पर अनुसंधान नहीं किए गए हैं कई नेताओं ने चुनाव के समय समय इस हत्याकांड की सीबीआई से जांच करने की घोषणा भी किया था लेकिन चुनाव समाप्त भी हुए मंत्री भी बने लेकिन आज तक इस हत्याकांड की जांच सीबीआई से नहीं कराई गई।

जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती समारोह में अपनी भागीदारी के लिए जदयू ने किया बैठक

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। जदयू के प्रमुख पदाधिकारियों की आवश्य शुक्रवार के दिन आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रदेश जदयू सचिव संतोष सहनी ने किया। बैठक में प्रदेश जदयू सलाहकार समिति के सदस्य मनोरंजन मजुमदार, प्रदेश जदयू तकनीकी प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार, प्रदेश युवा जदयू के उपाध्यक्ष शिवम मंडल उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सलाहकार समिति सदस्य मनोरंजन मजुमदार ने कहा कि प्रदेश जदयू द्वारा आगामी 24 जनवरी 2024 को पटना भेटनरी कालेज मैदान में आयोजित जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती में मुंगेर जिला की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सचिव संतोष सहनी के नेतृत्व में पूरे जिले में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया है। अपने अध्यक्षीय भाषण में संतोष सहनी ने सभी कार्यकताओं से अपील किया कि जननायक कपूर्री ठाकुर के सिद्धांतों और आदर्शों पर ही चल कर हमलोगों के सर्वमान्य नेता पूरे देश को दिशा देने का काम कर रहे हैं इसलिए हम जदयू के कार्यकताओं का दायित्व है कि इस आयोजित कपूर्री जयंती में मुंगेर से अधिक से अधिक हजारों हजार की संख्या में पटना पहुंच कर इस जयंती समारोह को ऐतिहासिक बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि इसके लिए व्यापक तैयारियां की जा रही है और जगह-जगह बैठक आयोजित कर कपूर्री जयंती समारोह में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने ने कहा कि लगभग मुंगेर जिला से पांच हजार कार्यकर्ता निश्चित रूप से पटना में जननायक कपूर्री ठाकुर जयंती समारोह में शामिल होंगें। बैठक में सभी वक्ताओं ने एक स्वर से कपूर्री जयंती समारोह में भाग लेने का संकल्प लिया और जननायक कपूर्री ठाकुर के विचारों को अपने जीवन में उतारने का भी संकल्प लिया।

तीसरे दिन भी छात्रों का प्रदर्शन रहा जारी

प्रदर्शन

- बीसीए समेस्टर-6 का फॉर्म भरने को ले छात्रों ने जमकर किया हंगामा

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। टीएमबीयू प्रांगण में तीसरे दिन भी छात्र-छात्रों का प्रदर्शन जारी रहा है, प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं की मांग है कि उन लोगों का बीसीए सेमेस्टर-6 का फॉर्म भरने दिया जाय। वही आक्रोशित छात्रों का कहना था कि डेंगू के कारण बच्चे क्लास नहीं कर पाए थे, जिसके कारण एग्जाम सही नहीं गया, इसी के कारण से किसी का एब्सेंट हुआ तो कोई एग्जाम में फेल हो गए थे। वही आक्रोशित छात्र-छात्राएं ने अपनी बातों को लेकर कुलपति से मिलने पहुंचे, लेकिन कुलपति से उनकी मुलाकात नहीं हो सकी, जिसके बाद उन्होंने प्रशासनिक भवन गेट पर धरना दे जमकर हंगामा किया। वही मामले को लेकर जब छात्र-छात्राओं ने कुलपति के पीआरओ से कहा तो उन्होंने बताया कि आवेदन नहीं मिला है, जबकि विगत बुधवार को छात्र -छात्राओं ने आवेदन देने वक्त का रिसीविंग भी दिखाते हुए उनके समक्ष रखा है। जबकि प्रमोटेड छात्र छात्रों का कहना है आवेदन सबमिट की गई थी, लेकिन वीसी के पीआरओ आवेदन से इनकार कर रहे हैं जिसके बाद से छात्र-छात्राओं का आंदोलन शुरू हो गया है। वही बीते तीन दिनों से टीएमबीयू प्रांगण में बीएसए सेमेस्टर 5 के प्रमोटेड छात्राएं प्रदर्शन करते दिख रही हैं। वही उन लोगों का साफ तौर पर मांग है कि डेंगू के वजह से दर्जनों बच्चे क्लास नहीं कर पाए है, जिसके कारण सही से पढ़ाई नही हो पाई, इसी कारण बच्चों का परीक्षा सही नहीं गई है, जिसके कारण वह लोग प्रमोटेड कर दिये गए है। वही प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं का कहना है कि बीसीए 4- 5 सेमेस्टर का एग्जाम नहीं हुआ है ना ही इसमें बच्चे की संख्या हैं, सिर्फ 4- 5 सेमेस्टर में वही बच्चे शामिल है जो पिछले बार प्रमोटेड हुए थे, वहीं उन्होंने आगे बताया कि सेशन भी लेट हो चल रहा है।

जनता दरबार का आयोजन, तीन मामले का किया गया निपटारा

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। शनिवार को अंचल अधिकारी स्नेहा सत्यम की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में तीन मामले का निपटारा आपसी सहमति एवं प्रस्तुत किए गए दस्तावेज के आधार पर कर दी गई। जनता दरबार में एस आई शेखर सौरभ भी मौजूद थे। पूर्व की लंबी पांच मामलों एवं शनिवार को प्राप्त हुए तीन मामलों सहित कुल 8 मामलों पर सुनवाई की गई।जिसमें तीन मामले का निपटारा दोनों पक्षों की सहमति से कर दिया गया। कुसमार पंचायत की एक वृद्ध ने जनता दरबार में अपने छोटे बेटे के विरुद्ध गुहार लगाते हुए कहा कि उनके बिना सहमति के उनके पैतृक संपत्ति के नाम पर उनके छोटे बेटे ने पैसा उठा लिया है तथा गांव के ही एक दबंग छोटे बेटे को पैसा देने की बात कह कर जमीन पर कब्जा करना चाहता है। इस मामले पर पदाधिकारी के द्वारा छोटे बेटे एवं जमीन पर दावा प्रस्तुत करने वाले पक्ष को अगले जनता दरबार में उपस्थित होने का निर्देश दिया। जनता दरबार की समाप्ति पर अंचल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज आयोजित जनता दरबार में 3 मामले का निपटारा आपसी सुलह तथा दस्तावेज के आधार पर कर दी गई। कुछ मामलों की सुनवाई दोनों पक्ष में से एक पक्ष के अनुपस्थित रहने की वजह से नहीं हो पाई। अनुपस्थित रहे पक्ष को नोटिस जारी कर अगले जनता दरबार में उपस्थित होने का आदेश दिया गया है।

पिता किसान...बेटा विस्फोटक बल्लेबाज

सचिन से भी कम उम्र में डेब्यू करने वाले खिलाड़ी बने वैभव सूर्यवंशी, एक साल में 49 शतक

पटना (एजेंसी)। राजधानी पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में बिहार और मुंबई के बीच रणजी ट्राफी में बिहार के वैभव सूर्यवंशी शामिल हुए हैं। इन्होंने 12 साल 284 दिन की उम्र में बिहार रणजी ट्रॉफी में डेब्यू किया है। सबसे कम उम्र में रणजी में डेब्यू करने वाले वे दूसरे खिलाड़ी हैं। इसके पहले अलीमुद्दीन ने (उम्र- 12 साल 2 महीने 18 दिन) डेब्यू किया था, जबकि सचिन तेंदुलकर ने 15 साल और 232 दिन की उम्र में डेब्यू किया था।वैभव सूर्यवंशी समस्तीपुर के ताजपुर के हैं। वह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। एक साल में विभिन्न स्तर के मैचों में 49 शतक बना चुके हैं। पिता संजीव सूर्यवंशी ने बताया कि वैभव का जन्म 27 मार्च 2011 को हुआ था। इतनी कम उम्र में रणजी का मैच खेल रहा है, मुझे बहुत खुशी हो रही है। मैं चाहता हूं कि वह अच्छा खेलकर बिहार का नाम रोशन करे। मैं एक किसान हूं। शुरू से ही चाहता था कि मेरा बेटा एक क्रिकेटर बने। वैभव खाने के काफी शौकीन हैं।

5 साल की उम्र से शुरू किया क्रिकेट खेलना –वैभव ने बचपन से ही क्रिकेट में दिलचस्पी दिखानी शुरू कर दी थी। शुरू से ही लेदर बॉल से प्रैक्टिस करता आया है। 5 साल की उम्र से क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया था। उनके पिता ने बताया कि घर पर ही 2 साल तक क्रिकेट खिलाते थे। वैभव में बचपन से ही सीखने की ललक थी, कुछ भी बताता तो एक बार में ही समझ जाता। इसी चीज को देखते हुए क्रिकेट में आगे बढ़ाया। सुबह स्कूल से आने के बाद थोड़ा देर रेस्ट करके, वह दिनभर प्रैक्टिस करता रहता था।

समस्तीपुर में 3 साल तक खेला – 7 साल की उम्र में पिता समस्तीपुर के क्रिकेट

एकेडमी में लेकर गए। वैभव ने यहां 3 साल तक खेला। फिर उनके पिता उन्हें पटना के संपतचक स्थित जेन एक्स क्रिकेट एकेडमी में लेकर आ गए। 10 साल की उम्र में ही वैभव ने बड़े-बड़े मैच खेले और सीनियर मैच में रन बनाने भी शुरू कर दिए। उनके पिता ने कहा कि उसी मेहनत का परिणाम है कि वह आज बड़े-बड़े दिग्गज खिलाड़ियों के सामने खेल रहा है।

एक साल में जड़े 49 शतक और 3 दोहरा शतक – वैभव पिछले 1 साल में 49 शतक और 3 दोहरा शतक जमा चुके हैं। पिछले साल हुए हेमन ट्रॉफी के लीग और सुपर लीग में सबसे ज्यादा 670 रन बनाए। जिसमें तीन शतक और तीन अर्धशतक था। परफॉरमेंस को देखते हुए बीसीए के पदाधिकारियों ने वैभव को एक मौका दिया। अक्टूबर 2023 में वीनू मांकड़ टूर्नामेंट के अंडर-19 में वैभव का सिलेक्शन हुआ। चंडीगढ़ में आयोजित टूर्नामेंट में बिहार की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 393 रन बनाए, जिसमें एक शतक और तीन अर्धशतक था।

इंग्लैंड के खिलाफ 50 रन बनाए – इसके बाद वैभव को सीके नायडू ट्राफी के लिए बेंगलुरु भेज दिया गया। बेंगलुरु में ही उनका सिलेक्शन चैलेंजर ट्रॉफी के लिए हो गया। फिर वहीं से गुवाहाटी गए। इस खेल के बाद उनका सिलेक्शन अंडर-19 इंडिया के लिए हो गया। आंध्र प्रदेश में हुए इस मैच में उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 50 रन बनाए। अन्य टीमों के खिलाफ भी उनका प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। फिर कूच बिहार ट्रॉफी के लिए जमशेदपुर भेज दिया गया, जहां उन्होंने मैच में शतक जड़ा। इसके बाद आज वह रणजी में खेल रहे हैं।

शतरंज में पहली बार होगा बच्चों का विश्व कप, फीडे ने की घोषणा

बातुमी , जॉर्जिया (एजेंसी)। विश्व शतरंज संघ नें एक नवीन कदम में, युवा शतरंज खिलाड़ियों के लिए पहला फीडे विश्व कप 22 जून से 3 जुलाई, 2024 तक जॉर्जिया में आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस बारे में बयान जारी करते हुए शतरंज की वैश्विक संस्था फीडे नें कहा की इस नए आयोजन का उद्देश्य एक संशोधित प्रणाली के साथ युवा शतरंज परिदृश्य को फिर से परिभाषित करना और युवा शतरंज खिलाड़ियों के लिए अधिक अवसर प्रदान करना है÷ । यह टूर्नामेंट तीन आयु समूहों अंडर 8 , अंडर 10 और अंडर 12 में आयोजित किया जाएगा ,जिसमें बालक और बालिका श्रेणियों प्रत्येक में 48 प्रतिभागी होंगे। प्रतियोगिता दो चरणों में होगी, जिसकी शुरुआत सात-राउंड स्विस सिस्टम से होगी और इसके बाद मुख्य विश्व कप की तर्ज पर नॉक आउट मुक़ाबले खेले जाएँगे । फीडे नें 1 फरवरी, 2024 तक सभी देशो से खिलाड़ियों के नाम घोषित करने को कहा है । भारत के लिए यह खबर बेहद अच्छी है क्यूंकी दुनिया भर में भारत के युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है ।

सुनील गावस्कर के अपने पसंदीदा 5 पाकिस्तान क्रिकेटर्स

मुंबई (एजेंसी)। भारत के महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने अपने 5 पसंदीदा पाकिस्तानी क्रिकेटरों के नाम बताए हैं। अफ्रीकी देश में मेजबान दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज को

कवर कर रहे सुनील गावस्कर से एक प्रशंसक ने पाकिस्तान के अपने पसंदीदा क्रिकेटरों का नाम पूछा।सुनील गावस्कर ने शुरुआत जहीर अब्बास का नाम लेकर की। उनके बाद इमरान खान, जावेद मियांदाद, वसीम अकरम और बाबर आजम का नाम लिया। पाकिस्तान के बाबर आजम अपने असाधारण बल्लेबाजी कौशल के कारण चर्चा में रहे हैं। अक्सर खेल के महान खिलाड़ियों से तुलना किए जाने वाले आजम क्रीज पर निरंतरता और सुंदरता के प्रतीक बन गए हैं। सभी प्रारूपों को बेहतरीन ढंग से खेलने की उनकी क्षमता ने उन्हें दुनिया भर में प्रशंसा दिलाई है। बता दें कि सुनील गावस्कर भारत के लिए उल्लेखनीय क्रिकेटर रहे हैं। उन्होंने 125 टेस्ट मैच खेले जिसमें 51.12 की औसत से 10,122 रन बनाए। उन्होंने 34 शतक बनाए, जिसमें नाबाद 236 रन उनका सर्वोच्च स्कोर रहा। दाएं हाथ का बल्लेबाज उस भारतीय टीम का हिस्सा था जिसने इंग्लैंड में आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 1983 जीता था।

मोहम्मद शमी के भाई ने किया रणजी डैब्यू, भावुक क्रिकेटर ने शेयर की पोस्ट

विशाखापत्तनम (एजेंसी)। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अपने भाई मोहम्मद कैफ को बंगाल के लिए प्रथम श्रेणी में पदार्पण करने के बाद इंस्टाग्राम पर बधाई दी। भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अपने भाई मोहम्मद कैफ के लिए एक हार्दिक नोट लिखा, जिन्होंने रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट में बंगाल के लिए प्रथम श्रेणी (एफसी) में पदार्पण किया। विजय हजारे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले कैफ को शुक्रवार को विशाखापत्तनम के वाईएस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में आंध्र के खिलाफ बंगाल के शुरुआती मुकाबले के लिए एफसी कैप से पुरस्कृत किया गया। बहरहाल शमी ने इंस्टाग्राम पर लिखा- आखिरकार लंबे संघर्ष के बाद, आपको बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी कैप मिल गई। प्रोत्साहित करना!! महान उपलब्धि !! बधाई हो, मैं आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ! अपना 100त्न दें और कड़ी मेहनत जारी रखें और अच्छा प्रदर्शन करें।

बता दें कि मोहम्मद शमी जोकि चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज नहीं खेल पाए थे, अब चोट से उभर गए हैं। उनके मार्च के अंत में शुरू होने वाले आईपीएल 2024 के साथ वापस एक्शन में आने की संभावना है।

ऑस्ट्रेलिया ने 8 विकेट से जीता तीसरा टेस्ट

पाकिस्तान को 3-0 से सीरीज हराई; करियर की आखिरी पारी में वॉर्नर की फिफ्टी

सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में खेले गए तीसरे टेस्ट में पाकिस्तान को 8 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने 3 मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप कर लिया। पाकिस्तान अपनी दूसरी पारी में 115 पर ऑलआउट हुआ। टीम 14 रन से आगे थी, इसलिए ऑस्ट्रेलिया को 130 रन का टारगेट मिला। ऑस्ट्रेलिया से मार्नस लाबुशेन ने 62 और करियर का आखिरी टेस्ट खेल रहे डेविड वॉर्नर ने 57 रन बनाए। वॉर्नर आउट हो गए, उनके बाद लाबुशेन ने स्टीव स्मिथ के साथ टीम को 8 विकेट से जीत दिला दी।

पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में लगातार 17वां टेस्ट गंवाया – ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान क्रिकेट टीम का रिकॉर्ड बेहद खराब रहा है। टीम ने यहां लगातार 17वां टेस्ट मैच गंवा दिया। उन्हें आखिरी बार 1995 में ऑस्ट्रेलिया में कोई टेस्ट जीत मिली थी। इस बीच टीम का कोई मुकाबला ड्रॉ भी नहीं रहा।पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया से लगातार 17वां टेस्ट गंवाया। टीम को 1995 में आखिरी बार जीत मिली थी।

पाकिस्तान दूसरी पारी में 115 रन ही बना सकी –पाकिस्तान की टीम दूसरी पारी में 115 रन पर ढेर हो गई। चौथे दिन पाकिस्तान अपनी दूसरी पारी में तीसरे दिन के स्कोर में 47 रन ही जोड़ पाई। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक पाकिस्तान ने दूसरी पारी में 7 विकेट खोकर 68 रन बना लिए थे। मोहम्मद रिजवान 28 रन की पारी खेलकर आउट हुए, वहीं आमिर जमाल ने 18 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी पारी में जोश हेजलवुड ने 4 और नाथन लायन ने 3 विकेट चटकाए।

ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही – लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने पहले ओवर की आखिरी गेंद पर ओपनर उस्मान ख्वाजा का विकेट गंवा दिया। उनके बाद डेविड वॉर्नर और लाबुशेन ने ऑस्ट्रेलिया को संभाला। दोनों ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी कर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। वॉर्नर ने 75 गेंदों पर 7 चौके लगाकर 57 रन बनाए। लाबुशेन ने 73 गेंदों पर 9 चौके जड़कर 62 रन बनाए। वॉर्नर के आउट होने के बाद स्टीव स्मिथ 4 रन बनाकर नॉटआउट रहे और टीम को जीत दिला दी। करियर की आखिरी पारी में उतरने के दौरान डेविड वॉर्नर को पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने भी सम्मान दिया। खिलाड़ियों ने खड़े होकर उनके लिए तालियां बजाईं।

डब्ल्यूटीसी के टॉप पर पहुंचा ऑस्ट्रेलिया – पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप के बाद ऑस्ट्रेलिया को डब्ल्यूटीसी में भी फायदा हुआ। टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई। टीम के 2 सीरीज में 5 जीत और एक ड्रॉ से 54 पॉइंट्स हैं और 56.25 प्रतिशत पॉइंट्स होने के कारण टीम पहले नंबर पर है।दूसरे नंबर पर भारत है। टीम के 2 सीरीज में 2 जीत और एक ड्रॉ से 26 पॉइंट्स हैं, टीम 54.16 पॉइंट्स होने के कारण दूसरे नंबर पर है। साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के 50 प्रतिशत पॉइंट्स हैं, वे तीसरे, चौथे और पांचवें नंबर पर हैं। जबकि 2 सीरीज में 2 जीत और 3 हार के बाद पाकिस्तान के 22 पॉइंट्स हैं। 36.66 प्रतिशत पॉइंट्स होने के कारण टीम छठे नंबर पर है।

वॉर्नर ने आखिरी टेस्ट में जड़ा 37वां अर्धशतक – डेविड वॉर्नर ने अपने टेस्ट करियर के आखिरी मैच में करियर का 37वां अर्धशतक जमाया। वह 57 रन की पारी खेलकर साजिद खान की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हुए। वॉर्नर जब आखिरी टेस्ट पारी खेलने के लिए मैदान पर उतरे तो पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। सभी प्लेयर्स ने उनके सम्मान में खड़े होकर तालियां बजाईं।

स्मृति मंधाना के महिला टी20ई में 3000 रन पूरे, बनाया सबसे बड़ा रिकॉर्ड

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारतीय बल्लेबाज स्मृति मंधाना शुक्रवार को भारतीय महिला बनाम ऑस्ट्रेलिया महिला के बीच खेले गए पहले टी20 मुकाबले में अर्धशतकीय पारी खेलने के साथ ही 3,000 रन भी पूरे कर लिए। वह इस मुकाम तक पहुंचने वाली दूसरी भारतीय बल्लेबाज हैं। उन्होंने सबसे कम गेंदें खेलकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। मंधाना विश्व क्रिकेट में मटी20ई में यह उपलब्धि हासिल करने वाली कुल मिलाकर छठी बल्लेबाज हैं।

3000 रन के लिए सबसे कम गेंदें

2461 - स्मृति मंधाना, भारत
2470 - सोफी डिवाइन, न्यूजीलैंड
2597 - मेग लैनिंग, ऑस्ट्रेलिया
2679 - सुजी बेट्स, न्यूजीलैंड

मंधाना ने अपने टी20 करियर की शुरुआत 2013 में बांग्लादेश के खिलाफ की थी। एक दशक से अधिक के करियर में, मंधाना ने अपने करियर में 126 टी20 मुकाबले खेले हैं, जिसमें 3052 रन बनाने में सफल रही है। उनकी स्ट्राइक रेट 122 से अधिक है जबकि औसत 24 से ज्यादा। स्मृति अब तक 22 बार अर्धशतक लगा चुकी हैं। वह अब भी अपने पहले शतक की राह देख रही हैं। भारतीयों में मंधाना टी20ई में रन बनाने के मामले में कप्तान हरमनप्रीत कौर के बाद दूसरे स्थान पर हैं। हरमनप्रीत ने अपने लंबे करियर में 158 मैचों में 3195 रन बनाए हैं। हालांकि 2024 में मंधाना महिला टी20ई में कुछ अच्छी पारियों के साथ, मंधाना टी20ई में सर्वाधिक स्कोर बनाने वाली भारतीय बल्लेबाज बन सकती हैं।

ब्रिसबेन इंटरनेशल : सबालेंका लगातार 14वीं जीत के साथ सेमीफाइनल में, हमवतन अजारेंका से होगा सामना

ब्रिसबेन (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका ने यहां पांचवीं वरीय दारिया कसात्किना के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ ब्रिसबेन इंटरनेशल टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत बेलारूस की हमवतन विक्टोरिया अजारेंका से होगी। सबालेंका ने कसात्किना को 6-1, 6-4 से हराकर ऑस्ट्रेलिया में लगातार 14वीं जीत दर्ज की।

सबालेंका ने पिछले साल एडीलेड में खिताब जीतने के बाद मेलबर्न पार्क में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब भी अपने नाम किया था। ऑस्ट्रेलिया ओपन और ब्रिसबेन में दो बार की चैंपियन अजारेंका को हालांकि सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए तीन सेट तक जूझना पड़ा। अजारेंका ने लगभग ढाई घंटे तक चले मुकाबले में फ्रेंच ओपन 2017 चैंपियन और तीसरी वरीय येलेना ओस्टापेंको को 6-3, 3-6, 7-5 से हराया।

सबालेंका और अजारेंका चार साल से अधिक समय पहले इसी कोर्ट पर फेड कप सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जोड़ी बनाकर खेले थे। इस बीच दूसरी वरीय एलेना रिबाकिना ने अनास्तासिया पोटापोवा के चोटिल होने के कारण मुकाबले के बीच से हटने पर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

विंबलडन 2022 चैंपियन रिबाकिना ने पहला सेट 6-1 से जीत लिया था जिसके बाद 11वीं वरीय पोटापोवा ने पेट में चोट के कारण मैच से हटने का फैसला किया। रिबाकिना सेमीफाइनल में लिंडा नोसकोवा से भिड़ेंगी जिन्होंने 16 साल की माइरा आंद्रीवा को 7-5, 6-3 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

रणजी ट्रॉफी

तिलक वर्मा का बल्ला चला, जड़ा ताबड़तोड़ शतक

हैदराबाद (एजेंसी)। तिलक वर्मा ने रणजी ट्रॉफी 2024 में अपने घरेलू सीज़न की शानदार शुरुआत करते हुए हैदराबाद के लिए जोरदार शतक लगाया। युवा बल्लेबाज ने पहले दिन स्टंप्स तक नाबाद रहते हुए 112 गेंदों पर शानदार 100 रन बनाए और हैदराबाद को 474 रन तक पहुंचा दिया। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने गहलौत राहुल सिंह के साथ एक मजबूत साझेदारी बनाई, जिन्होंने 157 गेंदों पर 214 रन बनाए। हैदराबाद ने मैच में शुरू से ही आक्रामकता दिखाई और शीर्ष 4 बल्लेबाजों में से तीन ने 50+ रन बनाए। नागालैंड ने पहले दिन 7 गेंदबाजों को काम पर लगाने के बावजूद सभी काफी महंगे साबित हुए। भारतीय क्रिकेट में तिलक वर्मा का उत्थान उल्लेखनीय रहा है, जो इंडियन प्रीमियर लीग के 2 उत्कृष्ट सीजन से प्रेरित है। हालांकि उन्हें भारतीय टीम में तेजी से शामिल किया गया है, फिर भी उन्हें अपनी स्थिति मजबूत करनी बाकी है। भारत के सबसे होनहार युवाओं में से एक माने जाने वाले वर्मा के लंबे और सफल अंतरराष्ट्रीय करियर का आनंद लेने की उम्मीद है।

वर्मा ने अपने संक्षिप्त वनडे करियर में अब तक 4 मैचों में 68 रन बनाए हैं, जिसमें एक अर्धशतक भी शामिल है। इसके अतिरिक्त, बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 15 टी20ई मैचों में भाग लिया है, जिसमें 34.4 की औसत से 310 रन बनाए हैं। उनकी 141.60 की स्ट्राइक रेट है और दो अर्धशतक उनके नाम पर दर्ज है।

फिलहाल हैदराबाद ने 76.4 ओवर में 474/5 रन बनाकर अपनी पारी घोषित कर दी. दीमापुर के नागालैंड क्रिकेट स्टेडियम में रवि तेजा के साथ साझेदारी में तिलक वर्मा क्रीज पर नाबाद रहे।

शेफील्ड यूनाइटेड ने विलारियल से ब्रेरटन डियाज़ पर हस्ताक्षर किए

लंदन, एजेंसी। शेफील्ड यूनाइटेड ने चिली के अंतर्राष्ट्रीय स्ट्राइकर बेन ब्रेरटन डियाज़ के साथ अनुबंध पूरा कर लिया है। प्रीमियर लीग क्लब ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वह सीज़न के अंत तक ला लीगा क्लब विलारियल सीएफ से आते हैं और शनिवार को गिलिंगम में एफए कप के तीसरे दौर के मुकाबले में डेब्यू कर सकते हैं, बशर्ते अंतरराष्ट्रीय मंजूरी हासिल हो।ब्रेरटन डियाज़ ने कहा, जैसे ही मुझे पता चला कि इसमें रुचि है, मैंने कुछ लोगों से बात की और हमने इस डील को जल्दी से पूरा कर लिया। मैं वास्तव में स्पेन में नहीं खेल रहा था और मुझे बताया गया था कि मैं ऋश्ता पर बाहर जा सकता हूं, इसलिए यह बहुत अच्छा है अब मैं इंग्लैंड में ऐसे महान क्लब में रहूंगा और एक ऐसा क्लब जिसके खिलाफ खेलकर मैं अच्छी तरह से जानता हूं। मैं शुरुआत करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। ब्रेरटन डियाज का अंग्रेजी फुटबॉल में एक इतिहास है।

नडाल के ऑस्ट्रेलियन ओपन में भाग लेने पर संशय

ब्रिसबेन (एजेंसी)। टेनिस स्टार राफेल नडाल के ऑस्ट्रेलियन ओपन में खेलने को लेकर संशय है। एक साल बाद ब्रिसबेन इंटरनेशनल से टेनिस में वापसी करने वाले नडाल क्वार्टर फाइनल में चोटिल हो गए। मैच के दौरान पुरानी चोट उभरने के बाद उन्हें मेडिकल हेल्प लेनी पड़ी। शुक्रवार को ब्रिसबेन इंटरनेशनल के क्वार्टर फाइनल में जॉर्डन थॉम्पसन ने उन्हें 5-7 7-6(6) 6-3 से हरा दिया। मैच के बाद नडाल ने कहा उम्मीद है कि मैं जल्द ही ट्रेनिंग पर वापसी करूंगा और ऑस्ट्रेलियन ओपन में हिस्सा ले सकूं। हालांकि मैं 100 प्रतिशत आश्वत नहीं हूं। साल का पहला ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन 14 जनवरी से मेलबर्न में शुरू होगा।

एक साल बाद ब्रिसबेन इंटरनेशनल से की थी वापसी –नडाल ने करीब एक साल के बाद प्रोफेशनल टेनिस



में वापसी की थी। वे जनवरी 2023 में चोटिल हो गए और अब ब्रिसबेन इंटरनेशनल में खेलकर वापसी की। पिछले साल वह ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में हार गए थे। वह कूल्हे की समस्या से जूझ रहे थे और जून में सर्जरी के कारण सीजन में और वह मुकाबले नहीं खेल सके।

बायें कूल्हे में सर्जरी वाली जगह पर ही दर्द –नडाल ने मैच के बाद कहा कि बायें कूल्हे में दर्द उसी जगह पर था, जिसका मैंने पिछले साल जून में ऑपरेशन कराया था। थकान की वजह से मांसपेशियों में थोड़ा दर्द महसूस हुआ। यह पिछले सीजन से अलग थी। पिछले सीजन में मुझे ज्यादा दर्द महसूस हुआ था। उम्मीद है कि कॉम्पिटीशन में खेलने से मांशपेशियों में मजबूती आएगी।

नडाल ने टूर्नामेंट के शुरुआती दो मैच जीते –नडाल

ब्रिसबेन इंटरनेशनल के क्वार्टर फाइनल में पुरानी चोट उभरी

को ब्रिसबेन इंटरनेशनल के क्वार्टर फाइनल में जॉर्डन थॉम्पसन से हार मिली। इससे पहले उन्होंने ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थिएम को हराकर जीत के साथ शुरुआत की थी। वहीं उन्होंने दूसरे दौर में जेसन कुबलर को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। क्वार्टर फाइनल में हार के बाद नडाल ने कहा कि बायें कूल्हें में दर्द हो रहा था, लेकिन इसे हार के लिए बहाना नहीं बनाया जा सकता। जॉर्डन थॉम्पसन ने बेहतर खेल दिखाया और वे जीत के हकदार थे।

दो बार जीत चुके हैं ऑस्ट्रेलिया ओपन – नडाल ने 2009 और 2022 में दो बार ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता है। वे अब तक 22 ग्रैंड स्लैम जीत चुके हैं। जिनमें सबसे ज्यादा 14 फ्रेंच ओपन का खिताब शामिल हैं। नडाल फ्रांस के ही नेशनल खिलाड़ी हैं।

धूप बिन बेहाल दिल्ली- एनसीआर, ठंड से राहत नहीं, बारिश भी होगी

नईदिल्ली, एजेंसी। नए साल के आगाज से पहले दिल्ली में सर्द हुआ मौसम का मिजाज लगातार कंपकंपाने वाला बना हुआ है। 27 दिसंबर से दिल्ली धूप के लिए तरस रही है। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि 2019 के बाद ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है जब लगातार इतने दिनों तक धूप नहीं निकली। चार साल पहले दिल्ली को 12 दिसंबर से 31 दिसंबर तक सूरज नहीं दिखा था।

अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस के नीचे बना हुआ है, जोकि सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस कम है। शुक्रवार को मौसम विभाग ने आधिकारिक तौर पर कोल्ड डे घोषित किया। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए भी येलो अलर्ट घोषित किया है जिसका मतलब है पिछले दिन की तरह कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ेगा। शुक्रवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जोकि सामान्य से 5 डिग्री कम है। हालांकि, यह गुरुवार से कुछ अधिक था जब अधिकतम तापमान 12.5 डिग्री सेल्सियस ही रहा। गुरुवार को दिल्ली में 25 जनवरी 2022 के बाद सबसे ठंडा दिन था।

धूप नहीं निकलने की वजह से अधिकतम तापमान भी नीचे बना हुआ है। मौसम के मौजूदा मिजाज को आईएमडी वैज्ञानिक कुलदीप श्रीवास्तव लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डालने वाला बता रहे हैं। वह कहते हैं, ठंडी रातों के मुकाबले ठंडे दिन अधिक लोगों को प्रभावित करते हैं। 27 दिसंबर से आसामान साफ नहीं है। धुंध रहने और धूप नहीं निकलने की वजह से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर हो सकता है। जब न्यूनतम तापमान गिरता है तो अधिकतर लोग घर के अंदर होते हैं। लेकिन जब अधिकतम तापमान लुढ़कता है तो अधिकतर लोग कामकाज के लिए घर के बाहर होते हैं। यदि यह स्थिति अधिक दिनों तक रहती है तो लोगों के स्वास्थ्य पर असर हो सकता है। ठंड से कुछ मामूली राहत रविवार से मिल सकती है।

एक से अधिक शादी और संबंध पर दिल्ली हाईकोर्ट की दो टूक

नईदिल्ली, एजेंसी। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि व्यभिचार को अपराध बनाने वाले कानून के अभाव में विवाहेत्तर संबंधों में रहने वाले पति-पत्नी को पूर्ण छूट नहीं मिल सकती है। पीड़ितों को मदद के बिना नहीं छोड़ा जा सकता है। हाईकोर्ट ने शुक्रवार को जारी एक फैसले में कहा कि द्विविवाह पीड़ित पति या पत्नी के वैवाहिक अधिकार के खिलाफ एक अपराध है। बदलते सामाजिक मानदंडों के कारण लिव-इन रिलेशनशिप को प्राथमिकता देने की स्थिति में कानून गुप्त विवाह के खिलाफ शक्तिहीन नहीं हो सकता है। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि उन लोगों के लिए कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है जो विवाह की पवित्रता और मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध हैं और द्विविवाह के अपराध के लिए दूसरी शादी को साबित करने की आवश्यकता समाज और पीड़ित पति या पत्नी के लिए खतरनाक थी। कोर्ट ने आगे कहा, हालांकि आज के युग में लोग विवाह संस्था की प्रासंगिकता से सहमत हो भी सकते हैं और नहीं भी, लेकिन एक बार कानूनी रूप से

विवाह हो जाने के बाद विवाह के आधार पर कर्तव्य और दायित्व दोनों पक्षों को एक नई सामाजिक और कानूनी स्थिति प्रदान करते हैं। कोर्ट ने कहा कि व्यभिचार को अपराध बनाने वाले कानून का अभाव व्यक्तियों को पूर्ण छूट प्रदान नहीं कर सकता है। अदालतें व्यक्तियों को कानूनी मदद के बिना छोड़ने का जोखिम नहीं उठा सकती हैं, खासकर उन पत्नियों या पतियों को जिनके साथियों ने दूसरी शादी कर ली है। अदालत की यह टिप्पणी एक ऐसे मामले की सुनवाई के दौरान आई जिसमें पति अपनी पहली शादी के बावजूद कथित तौर पर एक अन्य महिला के साथ विवाहेत्तर संबंध में रहता था और यहां तक कि उसकी उससे एक बेटी भी थी। अदालत ने कहा कि हालांकि, लिव-इन रिलेशन में रहने वाले लोगों को कानूनी रूप से संरक्षित किया गया है, लेकिन ऐसे सुरक्षा उपाय कानूनी रूप से विवाहित पति-पत्नी को दिए गए कानूनी अधिकारों और सुरक्षा की कीमत पर नहीं होने चाहिए। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा ने कहा, लिव-इन रिलेशन और इस जीवनशैली को चुनने वाले व्यक्तियों की कानूनी स्थिति को पहचानते और उनका सम्मान करते हुए एक संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है जो उन लोगों के लिए कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित करता है, जो विवाह की पवित्रता और मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने ने कहा कि हिंदू विवाह कानून के तहत एक विवाह एक मौलिक मूल्य और जीवन का तरीका था और कानूनी ढांचे में बदलाव पर विचार करते समय पारंपरिक मूल्यों को बनाए रखने और समकालीन समाज की उभरती गतिशीलता का जवाब देने के बीच एक नाजुक संतुलन बनाना जरूरी था। जस्टिस शर्मा ने कहा, जब पहली पत्नी या पति जीवित हैं और वैध विवाह कायम है, तो कानून गुप्त विवाह और साथ रहने को रोकने, दंडित करने या सीमित करने में शक्तिहीन नहीं हो सकता है, क्योंकि अब दूसरा गुप्त विवाह करने वाला पति या पत्नी भी व्यभिचार के लिए दंड के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। और एक साथी द्वारा दूसरी शादी के लिए अग्नि के चारों ओर सात फेरे लेने को साबित करने में असमर्थता को द्विविवाह के अपराध के कानूनी परिणामों से बचने की चतुर रणनीति के रूप में नहीं किया जाना चाहिए।

दाऊद इब्राहिम की 15 हजार वाली संपत्ति 2 करोड़ में बिकी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत सरकार ने अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम की संपत्ति को नीलाम करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नीलामी का आयोजन तस्कर और विदेशी मुद्रा हेरफेरकर्ता (संपत्ति की जब्ती) अधिनियम के तहत सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया। महाराष्ट्र में उसके 4 खेतों की नीलामी कर दी है। इस नीलामी में एक वकील और शिवसेना सदस्य अजय श्रीवास्तव के अलावा 6 अन्य लोग नीलामी में शामिल हुए थे। हालांकि, इस प्रॉपर्टी को अजय श्रीवास्तव नाम के एक वकील ने खरीदा है। मालूम हो कि अजय ने पहले भी दाऊद की प्रॉपर्टी खरीदी है। अजय श्रीवास्तव पेशे से वकील हैं। अजय श्रीवास्तव को जल्द ही डॉन दाऊद इब्राहिम का पैतृक घर मिलने की भी उम्मीद है। जानकारी के मुताबिक, डॉन दाऊद इब्राहिम की संपत्ति महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले के खेड़ा तालुका गांव में थी। यहां पर चार खेतों की नीलामी की गई, जिनमें से दो खेतों की नीलामी में कोई भी शामिल नहीं हुआ और दो खेत वकील अजय श्रीवास्तव ने खरीद लिए है। वकील अजय श्रीवास्तव ने दाऊद के 170.98 वर्ग मीटर खेत को 2.1 करोड़ रुपये में खरीदा है, जिसकी रिजर्व कीमत मात्र 15 हजार 440 रुपये थी। इसके अलावा उन्होंने दूसरा खेत 3.28 लाख खरीदा है, जिसकी रिजर्व कीमत 1,56,270 रुपये थी। वकील अजय श्रीवास्तव ने पहले भी दाऊद इब्राहिम की कई प्रॉर्प खरीदी है। उन्होंने दाऊद का घर भी खरीदा है और साल 2001 में दाऊद की दुकान की भी बोली लगाई थी। एक सनातन विद्यालय शुरू करेंगे। हालांकि, संपत्ति पर कुछ लंबित कानूनी मंजूरी मिलने के बाद शिवसेना सदस्य अपनी संपत्ति पर एक सनातन पाठशाला (स्कूल) बनाने की योजना बना रहे हैं।

पार्टी में बने रहना मेरे लिए ठीक नहीं है, लोकसभा चुनाव के बीच भाजपा सांसद केसिनेनी श्रीनिवास ने छोड़ी अपनी पार्टी

विशाखापत्तनम, एजेंसी। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के सांसद केसिनेनी श्रीनिवास ने पार्टी छोड़ने के अपने फैसले की घोषणा की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी को अब उनकी सेवाओं की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा, पार्टी में बने रहना मेरे लिए ठीक नहीं है। जानकारी के लिए बता दें कि वह औपचारिक रूप से अपनी लोकसभा सदस्यता से इस्तीफा सौंपने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिलेंगे। साथ ही वह टीडीपी से तुरंत अपना इस्तीफा दे देंगे। केसिनेनी श्रीनिवास ने एक फेसबुक पोस्ट में बताया कि टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने उन्हें पार्टी मामलों में शामिल न होने का निर्देश दिया है।

केसिनेनी ने एक पोस्ट में लिखा, सभी को नमस्कार। कल शाम, चंद्रबाबू गारू के निर्देशों का पालन करते हुए, पूर्व मंत्री अलापति राजा, एनटीआर जिला टीडीपी अध्यक्ष नेट्टम रघुरंगरू और पूर्व सांसद कृष्णा जिला टीडीपी अध्यक्ष कोनकल्ला नारायण ने मुझसे मुलाकात की। इस बैठक की व्यवस्था इसलिए की गई क्योंकि चंद्रबाबू गारू ने 7 तारीख को तिरुवुरु शहर में होने वाली सभा की अध्यक्षता के लिए किसी और को नियुक्त किया था। उन्होंने मुझे पार्टी मामलों में शामिल न होने का निर्देश दिया है।

विजयवाड़ा लोकसभा सीट से कोई और होगा उम्मीदवारः यह भी कयास लगाए जा रहे है कि श्रीनिवास भाजपा में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, मुझे बताया गया कि चंद्रबाबू गारू ने मुझे पार्टी के मामलों में शामिल नहीं करने का निर्देश दिया है। वह आगामी चुनाव के लिए मेरे स्थान पर विजयवाड़ा लोकसभा उम्मीदवार के रूप में किसी और को मौका देना चाहते हैं। मैंने उन्हें आश्वासन दिया कि मैं नेता के निर्देशों का पालन करूंगा। पार्टी नेताओं से हो रही अनबन गौरतलब है कि मंत्री की पार्टी नेताओं के साथ अनबन की अटकलें लगाई जा रही हैं। केसिनेनी श्रीनिवास 2014 के आम चुनावों में तेलुगु देशम पार्टी से विजयवाड़ा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से संसद सदस्य के रूप में चुने गए और 2019 में उसी निर्वाचन क्षेत्र से फिर से चुने गए।

चुनाव पर नजर या महिला वोटर्स पर फोकस, स्वाति मालीवाल को राज्यसभा भेज रही आप

नईदिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी (आप) के स्वाति मालीवाल को राज्यसभा भेजने के फैसले ने सभी को चौका दिया है। हालांकि जानकार मानते है कि आप ने आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों को देखते हुए महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए ये बड़ा दांव चला है। आप के दिल्ली से तीन और पंजाब से सात राज्यसभा सदस्य हैं। कुल 10 सांसदों में एक भी महिला सांसद नहीं है। पार्टी ने महिला विरोधी तमगे को हटाने के लिए स्वाति मालीवाल को दिल्ली से राज्यसभा भेजने का फैसला किया है। स्वाति मालीवाल भी दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष बनने के बाद से मुखर होकर महिला सुरक्षा और अधिकारों की बात करती रही हैं। वह आप की दिल्ली सरकार के खिलाफ भी आवाज उठाने से नहीं चूकीं। दिल्ली महिला आयोग में रहते हुए उन्होंने आठ साल में 1.7 लाख केस देखे। महिला सुरक्षा को लेकर जरूरी कदम उठाएं, खुद सड़कों पर भी उतरीं। उन्होंने मणिपुर में

महिलाओं के साथ हुई हिंसा को लेकर भी आवाज उठाई। हिंसाग्रस्त मणिपुर का दौरा भी किया। आम आदमी पार्टी भी उच्च सदन में इसका फायदा उठाना चाहती है। आप को उम्मीद है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में महिला मतदाताओं को इससे लुभाने में आसानी होगी।

दिल्ली में महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ीः स्वाति मालीवाल का जन्म गाजियाबाद में हुआ, लेकिन उनकी शिक्षा-दीक्षा अलग-अलग शहरों में हुई। बेहद कम उम्र से ही मालीवाल महिलाओं के सामाजिक और समानता के अधिकारों की लड़ाई लड़ रही हैं। वह आप के गठन और जनलोकपाल आंदोलन के पहले से ही केजरीवाल के सामाजिक कार्यों से जुड़ी रहीं। आप की सरकार बनी तो उन्हें दिल्ली महिला आयोग का अध्यक्ष बनाया गया। उन्होंने एसिड अटैक, यौन उत्पीड़न जैसे गंभीर मुद्दों का समाधान को लेकर लगातार आवाज उठाई।

ये तीन जाएंगे राज्यसभाः दिल्ली की तीन राज्यसभा सीटों के लिए आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। आप की राजनीति मामलों की समिति पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) की बैठक में राज्यसभा सांसद संजय सिंह और नारायण दास गुप्ता (एनडी गुप्ता) को दोबारा मौका दिया गया, जबकि तीसरा नाम दिल्ली महिला आयोग अध्यक्ष स्वाति मालीवाल का है।

सोना तस्करी बयानों के लिए केरल माकपा ने पीएम मोदी पर साधा निशाना, कहा- भाजपा मुख्य आरोपी को बचा रही है

तिरुअनंतपुरम, एजेंसी। केरल में सत्तारूढ़ माकपा ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कुछ दिन पहले त्रिशूर में भाजपा के एक कार्यक्रम में सोना तस्करी के 2020 के विवादित मामले को उठाया था। माकपा के प्रदेश सचिव एमवी गोविंदन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री सोना तस्करी मामले की समुचित जांच में केंद्रीय एजेंसियों की विफलता को नजरअंदाज कर रहे थे। एलडीएफ के संयोजक ईपी जयराजन ने भी केंद्रीय जांच एजेंसियों को दोषी ठहराया और कहा कि जब उस मामले की जांच भाजपा से जुड़े लोगों तक पहुंची तो जांच अचानक खत्म हो गई। तीन जनवरी को त्रिशूर में महिलाओं की एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने टिप्पणी की थी कि सभी को पता है कि किसका कार्यालय सोना तस्करी में शामिल था। यह मामला त्रिवेंद्रम इंटरनेशनल एयरपोर्ट के एयर कार्गो में कस्टम्स (प्रिवेंटिव) कमीश्नरेट, कोच्चि द्वारा पांच जुलाई, 2020 को एक डिप्लोमेटिक बैग से 30 किलोग्राम सोने की जब्ती से जुड़ा है।

जब कुत्ता चबा गया लिफाफे में रखा 3.32 लाख रुपया, देखते ही मालिक को आया हार्ट अटैक का झटका

रूसी वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी राज्य पेंसिल्वेनिया में एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसे देखकर एक कुत्ते के मालिक को जोरदार झटका लगा। दरअसल, क्लेटन और कैरी लॉ नामक दंपत्ति ने 4000 डॉलर यानी 3.32 लाख रुपये नकद निकालकर किचेन में एक लिफाफे में रखा था और किचेन से दूसरे कमरे में चले गए थे। इसी बीच उनका सीसल नाम का सात वर्षीय गोल्डेनडूडल कुत्ता किचेन में आया और उस लिफाफे को बड़े चाव से चबाने लगा। जब क्लेटन और कैरी लॉ नामक दंपत्ति दोबारा किचेन में पहुंचे तो वहां का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने देखा कि सीसल मगन होकर लिफाफे में रखे नकद रुपये चबा रहा है। यह देखकर कुत्ते के मालिक को हार्ट अटैक सा झटका लगा। हालांकि, उसने तुरंत अपने आप को संभाला और सीसल से पैसे उगलवाने की जुगत में लग गया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, दंपत्ति ने तुरंत सीसल से वो पैसे छीनने की कोशिश की और उसे उल्टी करवाई। इससे क्लेटन और कैरी लॉ ने चबाए गए लॉट से अधिकांश पैसा उगलवा लिया और केवल 450 डॉलर ही नहीं मिल सके। बाद में ये दंपत्ति अपने गोल्डेनडूडल को पशुचिकित्सक के पास ले गए, जहां जांच के बाद उसे ठीक बताया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस दंपति ने बाड़ लगाने के लिए एक ठेकेदार को नकद भुगतान करने के लिए ये पैसे निकाले थे। जब आधे घंटे बाद वो किचेन पहुंचे तो वे यह देखकर आश्चर्यचकित रह गए कि उनका प्रिय कुत्ता पैसों का आनंद ले रहा है।

नेपाल ने चीन को दिखाया ठेंगा, भारत के साथ ऐतिहासिक समझौतों पर किए हस्ताक्षर

काठमांडु, एजेंसी। भारत, नेपाल ने गुरुवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर की देश की चल रही यात्रा के दौरान चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए। विदेश मंत्री वर्तमान में 7वीं संयुक्त आयोग की बैठक में भाग लेने के लिए भूमि से घिरे हिमालयी देश में हैं। विदेश मंत्री जयशंकर और उनके नेपाली समकक्ष नारायण प्रकाश सऊद की सह-अध्यक्षता में संयुक्त आयोग की बैठक के दौरान समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। नेपाल-भारत संयुक्त आयोग की गुरुवार को हुई सातवीं बैठक के दौरान दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों की स्थिति समीक्षा की। नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद और भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बैठक की सह-अध्यक्षता की। इस दौरान दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक बिजली समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए।

समझौते के तहत अगले 10 वर्षों में भारत को 10,000 मेगावाट बिजली के निर्यात की सुविधा मिलेगी। नेपाल ने चीन के डर को दरकिनार करते हुए ये समझौता किया है। इस समझौते की बात सामने आने के बाद चीन ने इसका विरोध किया था और उसकी ओर से नेपाल को डराने की कोशिश भी की गई थी। चीन की तमाम कोशिशों के बावजूद नेपाल ने भारत से ये डील फाइनल की है। साथ ही दोनों पक्षों ने व्यापार, भूमि, रेल और हवाई कनेक्टिविटी परियोजनाओं, रक्षा और सुरक्षा, जल संसाधनों में सहयोग पर भी चर्चा की। संयुक्त आयोग द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा के लिए गठित उच्चतम स्तरीय राजनीतिक तंत्र है।एस जयशंकर और नेपाल के ऊर्जा, जल संसाधन एवं सिंचाई मंत्री शक्ति बहादुर बस्नेत की उपस्थिति में द्विपक्षीय बैठक के दौरान बिजली निर्यात पर समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। भारत और नेपाल के बीच बिजली व्यापार समझौता बीते साल मई-जून में नेपाल पीएम पुष्प कमल दहल के भारत दौरे के दौरान तय हुआ था। ये समझौता 25 साल के लिए है, जो दोनों देशों में बिजली के व्यापार का रास्ता खोलेगा। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के पीएम पुष्प कमल दहल प्रचंड ने बीते साल 2 जून को साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस समझौते की घोषणा की थी। इस समझौते के तहत भारत अपने पड़ोसी और मित्र देश से दीर्घकालिक बिजली व्यापार समझौते के तहत 10 साल में 10,000 मेगावाट बिजली खरीदेगा। उस समय ही दोनों देशों ने 25 साल के अंतर-सरकारी दीर्घकालिक बिजली व्यापार समझौते को हरी झंडी दे दी थी लेकिन समझौते पर औपचारिक हस्ताक्षर अब हुए हैं।

हवा में ही खुल गया विमान का दरवाजा

बाल-बाल बचे 177 लोग; बोइंग को करनी पड़ी आपात लैंडिंग

अलास्का, एजेंसी। अलास्का एयरलाइंस का एक विमान आज हादसे का शिकार होते होते बचा। बोइंग 737-9 मैक्स विमान को आज उस समय आपात लैंडिंग करनी पड़ी, जब उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद ही उसका एक दरवाजा हवा में ही खुल गया। यात्रियों द्वारा बनाए गए वीडियो में देखा गया कि बीच का केबिन दरवाजा विमान से पूरी तरह से अलग हो गया था। पोर्टलैंड से कैलिफोर्निया जा रहा था विमान

बता दें कि विमान पोर्टलैंड से कैलिफोर्निया के ओन्टारियो के लिए जा रहा था। विमान के उड़ान भरने के तुरंत बाद ही ये घटना घटी। विमान में 171 लोग और 6 चालक दल के सदस्य स्वार थे।

पोर्टलैंड हवाई अड्डे पर हुई आपात लैंडिंग- दरवाजे के अलग होने की बात पता लगने के बाद पोर्टलैंड अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर

विमान को सुरक्षित रूप से वापस उतरा गया। घटना के बाद अलास्का एयरलाइंस ने एक्स पर लिखा, हम घटना के बारे में जांच कर रहे हैं और ये पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या और कैसे हुआ।

पुतिन को मारने की थी प्लानिंग? हमशक्ल को दिया गया जहर



मास्को, एजेंसी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बॉडी डबल (हमशक्ल) को मारने की कोशिश की गई है। द मिरर की रिपोर्ट की मानें तो पेशे से बढ़ई का करने वाले पुतिन के बॉडी डबल को बेलारूस में जहर दिया गया था। हालांकि, हत्या के इस षड्यंत्र में उसकी जान बच गई है। येवगेनी वासिलीविच नाम के एक शख्स की पहचान पुतिन के बॉडी डबल के रूप में की गई है। रूसी टेलीग्राम अकाउंट पर जनरल एसवीआर ने बिना सबूत दिए आज दावा किया कि येवगेनी के हाथ और पैर और गर्दन की त्वचा पर चकत्ते पड़ गए हैं, डॉक्टरों ने शुरुआत में एलर्जी माना था।

येवलेगी के शरीर पर उभर आए इन चकत्तों के लिए डॉक्टरों ने दवा दी लेकिन जब टेस्ट के रिपोर्ट सामने आए तो उन्होंने तुरंत रूसी संघ की सुरक्षा परिषद के सचिव निकोलाई पेत्रुशेव से संपर्क किया। रिपोर्ट की मानें चो तो पुतिन के बॉडी डबल वासिलीविच फिलहाल खतरे से बाहर। ऐसा बताया जा रहा है कि उन्हें जहर की खुराक कम मात्रा में दी गई होगी। इस बात का पता लगाया जा रहा है कि आखिर जहरीला पदार्थ पुतिन के बॉडी डबल तक कैसे पहुंचा। कई रिपोर्ट्स इस बात का दावा कर चुके हैं कि राष्ट्रपति पुतिन के बॉडी डबल को सार्वजनिक मंच पर पुतिन के बदले पेश किया जाता है। रूसी खुफिया एजेंसियां इस बात लोकर कई बार आगाह कर चुकी हैं कि सार्वजनिक जगहों को पर पुतिन की जान को खतरा हो सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यही वजह है कि एक नहीं बल्कि एक से अधिक बॉडी डबल का इस्तेमाल 71 साल के रूसी राष्ट्रपति की जगह किया जाता है। एक रूसी राजनीतिक विश्लेषक के अनुसार, पुतिन के बॉडी डबल वासिलीविच बेलारूस में बढ़ई का काम करते हैं। मास्को प्रशिक्षण अकादमी में पूर्व प्रोफेसर डॉ. वालेरी सोलोवी ने कहा कि वासिलीविच पुतिन की जगह नए साल की पूर्व संध्या पर भाषण देने के लिए भी जनता के सामने आए थे। बता दें यूक्रेन साथ जारी युद्ध के बाद पुतिन सार्वजनिक मंचों पर कम ही दिखाई दे रहे हैं। कई बार पुतिन के हत्या की साजिश रची जा चुकी है। बीते साल मई में क्रेमलिन ने दावा किया है कि पुतिन की हत्या करने के लिए यूक्रेन ने दो ड्रोन भेजे थे, उन्हें मार गिराया गया।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129